CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 16°C

मेरठ, गुरुवार 6 नवम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 156 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 14 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर आवासीय योजना का लोकार्पण पेज 2



भारत की नजरें सीरीज में बढ़त बनाने पर खेल टाइम्स



विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व सम्पादकीय



ट्रम्प और मोदी में लगातार संवाद जारी पेज 12

## साल का सबसे बड़ा चांद सुपरमून दिखा



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में बुधवार की रात साल का सबसे बड़ा चांद यानी सुपरमून दिखाई दिया है। यह साल का दूसरा सुपरमून है। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामने से करीब 14 गुना बड़ा दिखा। साथ ही 30 फीसदी ज्यादा चमकीला भी नजर आया। सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है। इस वजह से चांद ज्यादा बड़ा और चमकीला दिखाई देता है। सुपरमून को देखने पर ऐसा लगा जैसे यह पृथ्वी के करीब आ रहा है। 5 नवम्बर का चांद पृथ्वी से करीब 3,57,000 किलोमीटर की दूरी पर है।

### राष्ट्रपति चुने जाने के बाद ट्रम्प को मिली पहली बड़ी हार

# भारतीय मूल के तीन नेताओं ने रचा इतिहास, ममदानी बने न्यूयॉर्क के मेयर

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के तीन उम्मीदवारों ने अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत दिलाई है और पिछले साल नवम्बर में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पहली हार का सामना करना पड़ा है।

जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी उन प्रमुख डेमोक्रेट नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी, सिनसिनाटी और वर्जीनिया में अहम चुनाव जीते हैं। इन तीनों नेताओं को ऐसे समय में जीत मिली है, जब डेमोक्रेटिक पार्टी लगातार चुनावी झटकों का सामना कर रही थी। इसलिए इस जीत का राजनीतिक और प्रतीकात्मक दोनों दृष्टि से बड़ा महत्व है। हालांकि, ट्रम्प ने खुद इन चुनाव को नहीं लड़ा, लेकिन उन्होंने कई उम्मीदवारों का समर्थन किया था। न्यूयॉर्क में





ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को समर्थन दिया था। ट्रम्प ने यहां तक कहा था कि अगर ममदानी जीतेंगे, तो वह संघीय फंड रोक देंगे। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्जीनिया समेत कई राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं ने कहा कि उनका वोट ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ संदेश देने के लिए था, खासकर टैरिफ और आव्रजन नीति। फिलहाल भारतीय मूल के तीन नेताओं की जीत ने सियासी माहौल बदल दिया है और रिपब्लिकन पार्टी की गति को रोक दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ये नतीजे 2026 के मध्यवर्ती चुनावों और 2028 के राष्ट्रपति चुनावों पर क्या असर डालते हैं। अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में शुमार न्यूयॉर्क में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत मिली। उसके उम्मीदवार भारतवंशी जोहरान ममदानी को यहां मेयर चुनाव में जीत मिली। ममदानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एंड्रयू कुओमो को शिकस्त दी। कुओमो इस चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन हासिल कर चुके थे। इसके बावजूद उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम और भारतीय-अमेरिकी मेयर के तौर पर शपथ लेंगे।

- **अमेरिका में भारतीय मूल के जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी डेमोक्रेट नेताओं ने अहम चुनाव जीते**
- **न्यूयॉर्क में राष्ट्रपति ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को दिया था समर्थन**

## संक्षिप्त समाचार

### कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को आस्था का जन सैलाब उमड़ा, हरकी पैड़ी पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। धर्मनगरी में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार सुबह तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही हरकी पैड़ी समेत समूचे गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने मां गंगा के पावन जल में डुबकी लगाकर अखंड पुण्य प्राप्त किया। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से अगणित पापों का नाश होता है और सुख, समृद्धि तथा सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### छह महिला श्रद्धालुओं की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह वाराणसी गंगा स्नान करने जा रही छह महिला श्रद्धालुओं की तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई, जबकि कुछ अन्य घायल हो गए। बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे गोमो प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन चुनार रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर चार पर आकर रुकी। इस बीच कुछ यात्री रेलवे ट्रैक पार कर प्लेटफार्म नंबर तीन की ओर जाने लगे। उसी समय हावड़ा कालका मेल दिल्ली की ओर जा रही थी। कालका मेल का चुनार स्टेशन पर ठहराव नहीं था। ट्रेन अपनी स्पीड से गुजरी, जिसमें कई श्रद्धालु ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में सविता (28), साधना (16), अंजू (20), सुशीला (60), कलावती (50), शिवकुमार (12) की मृत्यु हो गई, जबकि कुछ अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### उत्तराखंड के बद्रीनाथ में बर्फबारी

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में जारी बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने वाली है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ में बर्फबारी हुई। मध्य प्रदेश में दो दिन बाद ठंड बढ़ेगी। भोपाल में रात के तापमान में चार या पांच डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि हरियाणा के पास एक चक्रवात बना हुआ है। यह मध्य प्रदेश में ठंडी हवा आने से रोक रहा है। अगले 24 या 48 घंटे में यह चक्रवात उत्तर भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस में समाहित हो जाएगा। इसके बाद ही हमारे यहां ठंड का असर शुरू होगा।

# हरियाणा की तरह बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी: राहुल

### बिहार के पांच लोगों को मंच पर बुलाया, सभी ने कहा: उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में पहले फेज की 121 सीटों पर गुरुवार (आज) वोटिंग होनी है। इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राज्य में ऑपरेशन सरकार चोरी चलाया जा रहा है। राहुल ने बिहार के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया। सभी ने कहा कि उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं। राहुल ने वोटर वैरिफिकेशन पर 1 घंटा 20 मिनट लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था।

बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में हरियाणा की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला। इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। राहुल गांधी ने सबसे पहले हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी का वीडियो दिखाया। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया। अब ये व्यवस्था क्या है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई।



- **राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा: ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला**

राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नायब सिंह सैनी की एक बाइट पर संदेह पैदा होता है। राहुल ने इलेक्शन रिजल्ट से दो दिन पहले 6 अक्टूबर 2024 को सैनी का बयान सुनाया। नायब सैनी कहते हैं कि मैंने शुरू से यह कहा है कि भाजपा एकतरफा सरकार बना रही है। हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं। आप चिंता मत करिए। राहुल ने सवाल उठाया कि आखिर वो व्यवस्था क्या है। बीजेपी नेता मुस्कुराते हुए सरकार बनाने का दावा कर रहे थे। यह व्यवस्था वोट चोरी की है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई। राहुल ने ब्राजीलियन लड़की की तस्वीर भी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये हरियाणा की वोटर लिस्ट में है। इसने कभी -**शेष पृष्ठ दो पर**

### वोट चोरी पर राहुल के दावे फर्जी: भाजपा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार किया। रिजिजू ने कहा कि राहुल ने जो प्रेजेंटेशन दिया, वह फर्जी था। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुछ विदेशी महिलाओं के नाम का जिक्र किया। वे संसद सत्र चलते समय विदेश चले जाते हैं। छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं। उन्हें विदेशों से जो प्रेरणा मिलती है, उसके आधार पर वे लोगों का समय बर्बाद करते हैं।

### चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को बताया बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हरियाणा विधानसभा के 2024 में हुए चुनावों में धांधली के आरोपों को नकारते हुए कहा है कि यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही थी और एक ही नाम से कई बार मतदान किया जा रहा था, तो कांग्रेस के चुनाव एजेंटों को इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी। राहुल गांधी के संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में हेराफेरी करने के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आयोग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि हरियाणा में मतदाता सूची को लेकर कहीं कोई शिकायत नहीं है। वर्तमान में 90 सदस्यों वाली विधानसभा चुनाव से जुड़ी 22 याचिकाएं उच्च न्यायालय में लंबित हैं। आयोग ने श्री गांधी के फर्जी वोटिंग के आरोप पर कहा कि यदि एक ही नाम पर कई बार मतदान हो रहा था तो श्री गांधी को बताना चाहिए कि उनकी पार्टी के पोलिंग एजेंट मतदान केंद्रों पर क्या कर रहे थे। आयोग का यह भी कहना था कि यदि किसी मतदाता पर संदेह था, तो कांग्रेस के मतदान एजेंटों ने मतदाता की पहचान को लेकर कोई आपत्ति दर्ज क्यों नहीं कराई।

# आरोपी के दुबई से गायब होने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

सट्टेबाजी प्रकरण का आरोपी दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है, जिसके बाद कोर्ट ने यह निर्देश दिया है। न्यायालय ने कहा ऐसे मामलों के आरोपी अदालतों और जांच एजेंसियों को खेल समझें, इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी रवि उप्पल की ओर से कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि इससे हमारी अंतरात्मा को धक्का लगा है और अदालत को इस बारे में कुछ करना होगा। भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बच रहा उप्पल कथित तौर पर दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने उसके खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्यवाही बंद कर दी है। पीठ ने कहा कि उस जैसे सरगनाओं के लिए अदालतें और जांच एजेंसियां महज खेलने का साधन हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा।



- **ईडी को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश**

### राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे: राजनाथ

**पटना।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को बांका में चुनावी सभा में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि, उन्होंने सशस्त्र बलों में आरक्षण की मांग की है। बिहार के जमुई जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि राहुल जी को क्या हो गया है? वे रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। वह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई प्रतिघाती कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को ज्यादा आजादी मिली



**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आज दुनिया में कई तरह के खतरे हैं और ये तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता। अब सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में मिलजुलकर की गई खोज (इनोवेशन) ही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है। जनरल द्विवेदी दिल्ली में हुए 'इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025' में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा कि सेना अब ड्रोन युद्ध, क्वांटम टेक्नोलॉजी, 6जी और स्पेस मिशन जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ईडी कार्रवाई की तारीफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**FATF रिपोर्ट**

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ भारत की सख्त कार्रवाई की इंटरनेशनल लेवल पर सराहना हुई है। वैश्विक निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के काम को एक प्रभावशाली वैश्विक मॉडल बताया है। रिपोर्ट में एफएटीएफ ने कहा कि भारत की कानूनी व्यवस्था और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम तंत्र मजबूत और भरोसेमंद है।

यह प्रणाली अपराध से जुड़ी संपत्ति को जब्त करने और पीड़ितों को राहत दिलाने के मामले में अन्य देशों के लिए मिसाल बन गई है। रिपोर्ट में महाराष्ट्र के एक मामले का जिक्र है, जिसमें अवैध कमाई से खरीदी गई संपत्तियों को जब्त कर पीड़ितों को लौटाया गया। एफएटीएफ ने कहा कि भारत ने वित्तीय अपराधों से जब्त संपत्तियों को समाजहित में उपयोग करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। संस्था के मुताबिक, भारत का यह मॉडल अन्य देशों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। एफएटीएफ ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लान्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) और भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (2018) को संपत्ति वसूली और प्रबंधन का एक प्रभावी और व्यापक मॉडल बताया है। रिपोर्ट में ईडी के कई प्रमुख मामलों का उल्लेख है, जिनमें करीब 17520 करोड़ रुपये के रोज वैली पोंजी घोटाले में पीड़ितों को संपत्ति लौटाना और भारत-अमेरिका की संयुक्त कार्रवाई में 268 बिटकॉइन (करीब 130 करोड़ रुपये मूल्य) और 10 लाख डॉलर की संपत्तियों की जब्ती शामिल है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश पुलिस सीआईडी के साथ मिलकर 6,000 करोड़ रुपये की संपत्तियों की बहाली और पीएमएलए के तहत 17.77 अरब रुपये की अचल संपत्ति जब्त करने जैसे उदाहरण भी रिपोर्ट में दर्ज हैं। एफएटीएफ ने भारत के पीड़ित-केंद्रित संपत्ति पुनर्वसूली मॉडल और तकनीक, वित्तीय डेटा विश्लेषण व एजेंसियों के बेहतर तालमेल की सराहना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने पारदर्शिता, जवाबदेही और पीड़ितों के हितों को प्राथमिकता देते हुए मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया है।




- **भारतीय जांच एजेंसी के काम को वैश्विक मॉडल बताया, 17520 करोड़ के पोंजी स्कैम का भी जिक्र**



**पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए सुरक्षाकर्मी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थानों के लिए रवाना होते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती आज करेंगी कैमूर जिले के भभुआ में चुनावी जनसभा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती गुरुवार को बिहार के कैमूर जिले के भभुआ में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। यह जनसभा भभुआ हवाई अड्डे के पास मैदान में आयोजित की जाएगी, जिसमें आसपास के जिलों तथा विधान सभा क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। बसपा कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी अपने बूते पर लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी का यह जनसंपर्क अभियान राज्य के कई जिलों में लगातार जारी है। पार्टी के अनुसार बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद, राज्यसभा सांसद रामजी गौतम सहित कई वरिष्ठ नेता बिहार में लगातार प्रचार अभियान में सक्रिय हैं।

### कश्मीर के पर्वतीय रिसॉर्ट्स में हिमपात मैदानी क्षेत्रों में बारिश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्वतीय रिसॉर्ट्स- गुलमर्ग, पहलगाम और सोनमर्ग तथा कई ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों में हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई। अधिकारियों ने कहा कि ताजा हिमपात के कारण श्रीनगर- लेह राजमार्ग सहित प्रमुख राजमार्गों को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिए गए है। गुरेज-बांदीपोरा मार्ग भी यातायात बंद कर दिया गया है। यात्रियों को संबंधित जिला नियंत्रण कक्षों से सड़क की नवीनतम स्थिति की पुष्टि किए बिना यात्रा न करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं, जबकि उसके बाद मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहने की उम्मीद है।

# हरियाणा का मुद्दा उछाल कर जनता को गुमराह कर रहे राहुल गांधी: भाजपा

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के ठीक एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हरियाणा में विदेशी महिला के मतदाता पहचान पत्र और वोट चोरी का मुद्दा उठाने पर पलटवार करते हुए इस जनता को गुमराह करने का हथकंडा बताया।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पिछले संसद सत्र के दौरान एक महिला की तस्वीर टी-शर्ट पर छपवाकर पूरे संसद परिसर में घूमते रहे और उसके नाम को उछाला था। रिजिजू ने आरोप लगाया कि उसी शाम उस महिला ने गलत बयानबाजी पर राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाई थी। रिजिजू ने कहा कि अब, अपनी विपफलताओं को छिपाने के लिए नेता प्रतिपक्ष गांधी बिहार में मतदान से एक दिन पहले लोगों को हरियाणा की कहानी सुना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे सापफ है कि विपक्ष के पास बिहार में तो मुद्दा बचा ही नहीं, इसलिए ध्यान भटकाने के लिए हरियाणा का मुद्दा गढ़ा जा रहा है। रिजिजू ने कहा कि श्री गांधी दावा कर रहे थे कि एग्जिट पोल में कांग्रेस जीत रही थी लेकिन चुनाव परिणाम अलग आने पर अब हायतौबा मचा रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि 2004 के आम चुनाव में भी एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए को जिता रहे थे, लेकिन मतगणना के नतीजों में एनडीए की हार हुई। हमने जनाद.श को मानते हुए परिणाम को स्वीकार किया और यूपीए को बधाई दी, लेकिन हमने चुनाव आयोग की आलोचना नहीं की। रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र में जीत और हार, दोनों को स्वीकार करना पड़ता है। उन्होंने कांग्रेस नेता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एग्जिट पोल जब कांग्रेस के पक्ष में होता है।

# श्रमिकों की बेटियों के विवाह पर अब 85000 सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ उप्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया, राशि में बढ़ोतरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना की राशि में बढ़ोतरी की गई है।

नई व्यवस्था के तहत सामान्य विवाह पर 65000, अंतर्जातीय विवाह पर 75000 तथा सामूहिक विवाह पर 85000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त आयोजन के लिए 15000 की अलग से राशि दी जाएगी। यह सहायता सीधे पात्र श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि ष्श्रमिक परिवार समाज की नींव हैं। उनकी बेटियों के विवाह में सहयोग देना सरकार का नैतिक और मानवीय दायित्व है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का संपूर्ण आयोजन श्रम विभाग और बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जिसमें सुरक्षा, आवास, भोजन और परिवहन जैसी सभी सुविधाएं सुनिश्चित रहेंगी। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव पूजा यादव ने कहा कि वर्तमान में बोर्ड में 1.88 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

अब तक 18.94 लाख से अधिक आवेदनों पर 6336.61 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। पंजीकृत श्रमिक मात्र 20 एकमुश्त पंजीकरण शुल्क और 20 रुपए वार्षिक अंशदान के साथ योजनाओं के पात्र बन सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन और निशुल्क है, जिसे जन सेवा केंद्रों के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। गौरतलब है कि बोर्ड द्वारा जन्म सहायता, शिक्षा सहायता, पेंशन, दिव्यांगता/मृत्यु सहायता और गंभीर बीमारी सहायता जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं, जिनसे लाखों श्रमिक परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है।

## माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर आवासीय योजना का लोकार्पण

# 2017 में ही तय था उप्र की छवि बदलेंगे: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मुख्यमंत्री ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेता. वनी है, जो माफिया को शार्गिद बनाते हैं, उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं, वे गरीबों का शोषण करवाते हैं।

अब यूपी में ऐसा नहीं चलेगा। हमने 2017 में ही तय कर लिया था कि यूपी की छवि बदलकर रहेंगे। जियामऊ, डालीबाग स्थित एकता वन में आयोजित भव्य समारोह में योगी ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह केवल आवास वितरण नहीं, बल्कि संदेश है कि माफिया से छीनी गई भूमि पर गरीबों का आशियाना बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करके समाज को डराने-धमकाने का काम करेगा, तो लेने के देने पड़ जाएंगे। यह सरकार जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यही नए भारत और नए उप्र की पहचान है, जहां विकास के साथ धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज लाखों श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, टिकरी, सुखतीर्थ, बदायूं, प्रयागराज, काशी, अयोध्या में स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। काशी में सायं देव दीपावली पर देवता दीप जलाएंगे। योगी ने कहा कि इस पावन अवसर पर लखनऊ में मापिफया से मुक्त भूमि पर लाभार्थियों को आवास देना सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस प्राइम लोकेशन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10.70 लाख में फ्लैट दिए, इसकी कीमत बाजार में करीब एक करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि 8000 आवे. दनों में 5700 आवदेन योग्य लोगों का था, इसमें से 72 को पहले आवंटन मिला है। मुख्यमंत्री ने सभी 72 लाभार्थियों को आवास की सुविधा मिलने पर उन्हें और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों को अब अपना सिर उठाकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है। यह प्रधानमंत्री आवास योजना से कवर होगा तो यह और सस्ता व लाभकारी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लखनऊ में कितना सुंदर वातावरण बना है, कितने अच्छे पार्क विकसित हो चुके हैं। सरकार चाहती है कि हर नागरिक खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करे और प्रदेश के विकास में भागीदार बने।

### गुरु नानक देव के उपदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत: योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व पर राजधानी लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी भारत के एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक महापुरुष थे, जिन्होंने 500 वर्ष पहले समाज के संगठन, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वही आज भारत की सामाजिक व्यवस्था की नींव है। इस दौरान उन्होंने सिख गुरुओं के सम्मान में अपना शीश नवाया और दर्शन किए। समारोह में कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

# राजद का 'कट्टा' बिहार का बैठा देगा 'भट्ठा': केशव

**लखनऊ, वार्ता**



उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का 'कट्टा' बिहार का 'भट्ठा' बैठा देगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब जाग चुकी है और वह परिवारवाद, जातिवाद और अपराधवाद की राजनीति को सदा के लिए उखाड़ पफेंकेगी। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इन दिनों उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य राजद और

कांग्रेस पर काफी हमलावर हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि रात-दिन संविधान बचाने का अलाप करने वाले महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव खुद लो. कतंत्र की खिल्ली उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में यादव परिवार को न लोक की लाज है, न संसद की मर्यादा की चिता। ऐसे बयान लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव को कमजोर करने वाले हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि तेजस्वी यादव के इस गैर-जिम्मेदाराना बयान का त्वरित संज्ञान लिया जाए और उन पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी नेता संविधान और संसद की गरिमा के विरुद्ध बयान देने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर हो। वहीं बिहार चुनाव के बीच छठ पूजा को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा था कि वे न तो भारत माता को मानते हैं और न ही 'छठी मईया' को।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40
सोना रु. 125770 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 155000 प्रति किलो



# भारत-न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौता फिलहाल नहीं

■ दोनों पक्ष धीरे-धीरे व्यापार बढ़ाने और समाधान तलाशने पर सहमत हुए

**नई दिल्ली/ऑकलैंड।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौते पर पिफलहाल सहमति नहीं बनी है और दोनों पक्ष धीरे-धीरे व्यापार बढ़ाने और समाधान तलाशने पर सहमत हुए हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले के बीच बुधवार को हुई बैठक के बाद दोनों मंत्रियों ने मीडिया से बात की। खास बात यह रही कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लेक्सन संसद में प्रश्नकाल छोड़कर खुद ऑकलैंड पहुंचे और प्रेस वार्ता के बीच में दोनों मंत्रियों के साथ शामिल होकर मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दिया। ऑकलैंड रवाना होने से पहले उन्होंने हालांकि इन अटकलों को खारिज किया कि व्यापार वार्ता में कोई गतिरोध आया है, जिसके कारण उन्हें अचानक जाना पड़ रहा है। लेक्सन ने ऑकलैंड में व्यापार वार्ता की प्रगति के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि गोयल तथा मैकक्ले दृढ़ रहने वाले वार्ताकार हैं और उन्हें ऐसा होना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में दोनों देशों के पास कापफी अवसर हैं। व्यापार के अलावा रक्षा में दोनों देश पहले से ही साथ काम कर रहे हैं। जनसंपर्क में काफी संभावनाएं हैं, खेल में दोनों देशों के बीच पुराने संबंध रहे हैं और भारतीय हॉकी टीम के ऐतिहासिक न्यूजीलैंड दौरे (साल 1926 में) को 100 साल होने वाले हैं। अमेरिका के दरवाजे बंद करने के बाद भारतीय छात्रों के लिए न्यूजीलैंड में काफी अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है और ऐसे में भारत के साथ व्यापारिक संबंध न्यूजीलैंड के लिए महत्व रखता है। इससे पहले गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच किसी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने से पहले काफी चर्चा होनी है। न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह के व्यापार समझौते में समय लगता है और व्यापार वार्ताएं हमेशा चुनौतीपूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष समाधानों पर सहमत हुए हैं। न्यूजीलैंड के लिए भारत के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं। व्यापार लक्ष्यों के बारे में पूछे जाने पर मैकक्ले ने कहा कि कोई भी लक्ष्य तय करने से पहले हम समय ले सकते हैं। न्यूजीलैंड का प्रतिनिधिमंडल इस साल मार्च में भारत गया था और 33 समझौतों तथा सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर हुए थे, जिनमें एयर इंडिया और एयर न्यूजीलैंड साल 2028 तक दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने पर सहमत हुई थीं। श्री मैकक्ले ने कहा कि उनका न्यूजीलैंड के लिए संतुलित अवसर तलाशना है। टाटा और महिंद्रा के वाहनों की न्यूजीलैंड में लंबे समय से उपस्थिति के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भारत में बनी गाड़ियां न्यूजीलैंड में स्थानीय जैसी हैं और जब भी व्यापार समझौता होगा, देश में भारतीय वाहनों की बिक्री में कोई बाधा नहीं आएगी।

### अमूल, इफको को विश्व की शीर्ष सहकारी संस्था होने पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अमूल और इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है। अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के लिए गर्व का क्षण! अमूल और इपफको को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। यह अमूल से जुड़ी लाखों महिलाओं के अथक समर्पण और इपफको में योगदान देने वाले किसानों के लिए सम्मान बात है। यह सहकारी संस्थाओं में असीम संभावनाओं का भी प्रमाण है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के वैश्विक मॉडल के रूप में बढ़ावा दे रहे हैं।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी मजबूत खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमतों में मंदी रही, जबकि गेहूं के दाम बढ़ गए। चीनी में भी तेजी दर्ज की गयी। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 34 रिंगिट फिसलकर 4,109 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल का दिसम्बर वायदा भी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49.65 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत चार रुपए घटकर 3,841.86 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं पांच रुपए की मजबूती के साथ 2,862.37 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत भी 12 रुपए चढ़कर 3,320.06 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 143 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल भी नौ रुपए सस्ता हुआ। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। वनस्पति 63 रुपए और सूरजमुखी तेल 90 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 31 रुपए और पाम ऑयल 59 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल पांच रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। वहीं मसूर दाल में टिकाव रहा। चना दाल 10 रुपए और उड़द दाल 21 रुपए महंगी हुई। मूंग दाल 36 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 40 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 25 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7882.59 रुपए, मसूर काली 8150.73 रुपए, मूंग दाल 10136.38 रुपए, उड़द दाल 10385.77 रुपए, तुअर दाल 10537.92 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.37 रुपए और चावल 3841.86 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4352.03 रुपए और गुड़ 5061.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

### मोदी से मिले हिमन्त, दो बड़ी परियोजनाओं के उद्घाटन का निमंत्रण दिया

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें राज्य में दो बड़ी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को यहां बताया कि सरमा ने मंगलवार शाम मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं के बीच मुलाकात की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्वा सरमा ने कल शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हरियाणा की तरह..**

स्वीटी, कभी सीमा तो कभी सरस्वती के नाम पर वोट डाले। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ब्राजी. लियन मॉडल की फोटो दिखाई। राहुल ने सवाल किया कि हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन लड़की का क्या काम है। राहुल ने दावा किया कि मॉडल ने 22 बार वोट डाला। हरियाणा में पांच कैटेगरी में 25 लाख वोट चोरी हुए। एक अन्य महिला ने एक असेंबली में 100 बार वोट किया। राहुल गांधी ने ब्राजीलियन मॉडल का नाम नहीं बताया। हालांकि उसकी तस्वीर फोटोग्राफर मैथियस फेरेरो ने फ्री स्टाक इमेज प्लेटफॉर्म अपलोड की थी। राहुल गांधी ने यह तस्वीर वहीं से निकाली।

मॉडल की तस्वीर पहली बार 2 मार्च, 2017 को पब्लिश की गई थी और इसे न्देचर्सी लाइसेंस के तहत 5.9 करोड़ से ज्यादा बार देखा और 4 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिहार के जमुई से पांच लोगों को मंच पर बुलाया। उन्होंने बारी-बारी से बताया कि उनका वोटर लिस्ट से नाम कट गया है। दावा किया कि उनके गांव से करीब 300 लोगों को वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया गया। एक वोटर ने राहुल से अपील की वह कुछ समाधान निकालें, ताकि अगले चुनाव में उनके साथ ऐसा न हो। राहुल ने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट में कई नाम ऐसे हैं जिनका हाउस नंबर 0 दिखाया गया। यानी कि वे लोग जिनका कोई घर नहीं है। इन्हीं में से एक नरेंद्र हैं, जिन्होंने वोट तो किया, लेकिन उनका घर नहीं है।

जैसा कि इन लोगों (भाजपा) ने मेरा घर छीन लिया था, वैसा ही नरेंद्र के साथ किया। दरअसल 2023 में सांसदी जाने पर राहुल गांधी का 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करा दिया गया था। उनका सामान मां सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास में शिफ्ट किया गया था। राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीर प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाई। राहुल ने कहा कि अब सुनते हैं ज्ञानेश का ज्ञान जो कहते हैं कि पुल के नीचे सड़क पर या लैंपपोस्ट के किनारे ऐसे लोगों का हाउस नंबर 0 होता है। ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाने के बाद राहुल ने कहा कि अब ये बेचारी बहुत ट्रोल होगी। राहुल गांधी का आरोप है कि महिला ने हरियाणा में 22 बार वोट किया। उसके कई नाम हैं जैसे सीमा, स्वीटी, सरस्वती, रश्मि, विमला। इस महिला ने 10 बूथ पर 22 बार वोट किया।

# 'राजा भैया' के खिलाफ बेंती आवास में शस्त्र पूजन की जांच पूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** विजयादशमी के मौके पर बेंती आवास परिसर में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ 'राजा भैया' के शस्त्र पूजन को लेकर आज़ाद अधिकार आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा की गई शिकायत को पुलिस ने अपनी जांच में निराधार पाया है। शिकायत में उनके प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा स्थित आवासीय परिसर में कथित रूप से धार्मिक भावना भड़काने और अनुचित गतिविधियों के आरोप लगाए गए थे।

आईजीआरएस पोर्टल पर शस्त्र पूजन को लेकर की गई संख्या 60000250236632 को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) बृजनंदन राय के पर्यवेक्षण में कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्राधिकारी कुंडा ने संबंधित स्थल का भौतिक निरीक्षण कर प्रत्यक्षदर्शियों, स्थानीय निवासियों तथा पुलिस बल के सदस्यों के बयान दर्ज किए।

जांच में यह पाया गया कि आरोपित तिथि पर उक्त स्थान पर किसी प्रकार का विवादास्पद आयोजन या उत्तेजक गतिविधि नहीं हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजा भैया के महल परिसर के समीप स्थित धर्मशाला में केवल पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई थी, जो पूरी तरह से धार्मिक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मौके पर कोई भी आपत्ति. जनक भाषण, धार्मिक नारा या किसी समुदाय की भावना आहत करने वाला कार्य नहीं पाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा लगाए गए आरोप असत्य, निराधार एवं मनगढ़ंत पाए गए हैं। जांच में ऐसा कोई भी तथ्य या प्रमाण नहीं मिला जिससे धार्मिक वैमनस्य या कानून-व्यवस्था भंग होने की संभावना सिद्ध हो। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे आयोजन के दौरान स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल की उपस्थिति में क्षेत्र पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। न तो किसी प्रकार की भीड़भाड़, न ही किसी विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरआंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हिंदुत्व की सरकार में भी बीच सड़क पर घसीटे जा रहे गोवंश

## योगी के राज में जिंदा गोवंश को पीटा और बेरहमी से ट्रैक्टर से घसीट कर किया घायल

**लावड़ नगर पंचायत ने गोवंश के साथ की गई क्रूरता**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोवंश को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करते हुए अरबों रुपए खर्च किए जा रहे हैं और गोवंश के साथ क्रूरता करने वालों से भी सख्ती से निपटा जा रहा है, लेकिन जब सरकार के अधीन काम करने वाले कर्मचारी ही गोवंश के साथ क्रूरता करेंगे तो आम आदमी पर इसका क्या असर पड़ेगा। मेरठ जिले के कस्बा लावड़ में बुधवार को नगर पंचायत कर्मचारी एक भारी भरकम गोवंश को खुलेआम बीच सड़क पर ट्रैक्टर के पीछे रस्सों से घसीट कर ले जाते हुए दिखाई दिए। जिसकी वीडियो और फोटो तेजी से वायरल हो रहे हैं और हर कोई इस बात की चर्चा करते हुए दिखाई दे रहा था कि नगर पंचायत के कर्मचारी आखिर किसके आदेश से गौवंश को ट्रैक्टर के पीछे घसीटकर ले जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से चिंदौड़ी मार्ग पर काफी भारी भरकम गौवंश सड़कों पर घूमता हुआ दिखाई दे रहा था। बताया जाता है कि दो तीन युवकों ने लाठी डंडों से गौवंश को जमकर पीटा और कुछ देर बाद ही नगर पंचायत के कर्मचारी ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचे और गौवंश को रस्सों से बांधकर घसीटते हुए चिंदौड़ी मार्ग की ओर ले गए। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हुए लेकिन वहां मौजूद किसी भी युवक ने इस तरह क्रूरता करने वालों को नहीं रोका। कुछ लोग वीडियो बनाते रहे। बताया जाता है कि जब वहां ज्यादा लोग इकट्ठा हुए तो कर्मचारी गोवंश को चिंदौड़ी मार्ग पर ही आगे जाकर छोड़कर चले गए। इस दौरान कुछ लोगों का कहना था कि प्रदेश में हिंदुत्व की सरकार होने के बाद भी गौवंश के साथ इस तरह क्रूरता करना किसी दबंगई से कम नहीं है। क्या ऐसे लोगों पर सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की जाएगी।

**ग्रामीणों का आरोप अधिशासी अधिकारी के आदेश पर पहुंचे कर्मचारी**

ग्रामीणों ने बताया कि जिस समय गोवंश को ट्रैक्टर के पीछे घसीटा जा रहा था तो लोगों को कर्मचारियों ने बताया कि वह अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार के आदेश पर यहां पहुंचे हैं। अब सवाल बनता है कि अधिशासी अधिकारी के आदेश पर पहुंचने के बाद क्या इस तरह गोवंश को घसीटकर ले जाना उचित है।

**ट्रॉली में भी ले जाया जा सकता था गौवंश**

जिस गौवंश को ट्रैक्टर के पीछे बर्बरता पूर्वक घसीटा गया उस गौवंश को नगर पंचायत की ट्रॉली में भी ले जाया जा सकता था। नगर पंचायत के पास जेसीबी मशीन भी है जिसकी सहायता से ट्रॉली में आराम से ले जाया जा सकता था। घसीटने से गौवंश बुरी तरह घायल हो गया इस तरह की बर्बरता कर नगर पंचायत लावड़ ने हिंदुत्व की सरकार को पूरी तरह आईना दिखाया है। वीडियो वायरल होने से लोगों में रोष भी पनपने लगा है।

''हम हिंदू धर्म को मानने वाले लोग हैं और हिंदू धर्म में गोवंश को पूजा जाता है। इस तरह गोवंश के साथ बर्बरता करना घोर अन्याय है हम सरकार से मांग करेंगे। ऐसी बर्बरता कराने वाले अधिशासी अधिकारी को तत्काल निलंबित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। अगर जल्द ही उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो हम चुप नहीं बैठेंगे और धरना प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे यह हमारे आसपास से जुड़ा हुआ मामला है।''

**-मोहन सैनी भाजपा नेता, लावड़**

''मामला संज्ञान में नहीं है अगर इस तरह की घटना हुई है तो घोर निंदनीय है इस प्रकरण में जो भी दोषी है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।''

**-हज्जन आफताब चेयरपर्सन नगर पंचायत लावड़**

''जो कुछ भी हुआ है बेहद गलत हुआ है ऐसा नहीं होना चाहिए जो सरकार गोवंश की रक्षक बन रही है। अगर उसी के अधिकारी भक्षक बन गए तो फिर कैसा हिंदुत्व, तत्काल ऐसे अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। अगर प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो गौ रक्षा दल ट्रस्ट पूरे दलबल के साथ इस मामले में धरना देगा।''

**-राहुल शर्मा अध्यक्ष, गौ रक्षा दल ट्रस्ट**

# बेटी से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला पिता गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र से एक रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक पिता ने अपनी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करते हुए रेप का प्रयास किया।

इतना ही नहीं आरोपी ने मां बेटी के साथ मारपीट की। जिसके बाद पीड़ित महिला बेटी के साथ थाने पहुंची और आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। थाना किठौर के एक गांव की रहने वाली महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पति सचिन पुत्र गंगादास ने उसकी 11 वर्षीय बेटी के पास लेटकर कपड़े उतारकर छेड़छाड़ करते हुए रेप का प्रयास किया। बच्ची की चीख निकलने की आवाज सुनकर वह मौके पर दौड़ी तो आरोपी पति ने उसके और बेटी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। महिला ने बताया कि उसका पति नशे का आदी है, और पहले भी कई बार ऐसी हरकत कर चुका है। वहीं पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी को अरेस्ट कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# शैलेन्द्र गुप्ता को दोबारा मिली वैश्य रत्न की उपाधि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** वैश्य मंच सरधना के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता को वैश्य समाज, मेरठ द्वारा संयुक्त रूप से दोबारा वैश्य रत्न की उपाधि से विभूषित किया गया है। यह उपलब्धि शैलेन्द्र गुप्ता के वैश्य समाज के प्रति समर्पित योगदान को दर्शाती है और उनके लगातार दो बार वैश्य रत्न की उपाधि से सम्मानित होने पर पूरे सरधना क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है। शैलेन्द्र गुप्ता को पहली बार यह प्रतिष्ठित उपाधि अगस्त 2019 में प्रदान की गई थी। उस समय, महाराजा अग्रसेन भवन, रेलवे रोड चौराहा, मेरठ में आयोजित अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा उन्हें वैश्य रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया था।

इस कार्यक्रम में संगठन अध्यक्ष पदम सैन मिन्नल, प्रदेश मंत्री गिरीश बंसल, विधायक कपिल देव अग्रवाल, सत्य प्रकाश अग्रवाल, विजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व महामंत्री दिनेश गुप्ता, अवनीत बंसल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। हाल ही में, मेरठ के शिखा फार्म में महाराजा अग्रसेन एकता मंच और संयुक्त व्यापार संघ द्वारा आयोजित एक भव्य वैश्य सम्मान समारोह में शैलेन्द्र गुप्ता को दूसरी बार वैश्य रत्न की उपाधि से संयुक्त रूप से नवाजा गया। इस समारोह में संगठन अध्यक्ष अमित गुप्ता, पवन मित्तल, विनीत अग्रवाल शारदा, संयुक्त व्यापार संघ मेरठ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता, पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा जयकरण गुप्ता और राष्ट्रीय अध्यक्ष वैश्य शक्ति वाहिनी देवेंद्र गोयल, राजकेसरी ने संयुक्त रूप से शैलेन्द्र गुप्ता को यह सम्मान प्रदान किया। अध्यक्ष वैश्य मंच सरधना, शैलेन्द्र गुप्ता का दो बार वैश्य रत्न की उपाधि से विभूषित होना न केवल उनके लिए बल्कि पूरे सरधना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, जिसने क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है।

# मिशन शक्तिः मेरठ पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मिशन शक्ति अभियान के फेज-5.0 के तहत बुधवार को जनपद मेरठ में महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों व सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग की ओर से व्यापक अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक अपराध एवं नोडल अधिकारी मिशन शक्ति अवनीश कुमार के निर्देशन और एंटी रोमियो प्रभारी के नेतृत्व में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीम, शक्ति दीदी व महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, अस्पतालों, मंदिरों और गांवों में जाकर महिलाओं व छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।अभियान के दौरान महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1098, 181, 1076, 1930, 102, 108 के उपयोग व उद्देश्य बताए गए। साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बैंकिंग करस्पोंडेट सखी जैसी योजनाओं से भी अवगत कराया गया। छात्राओं को गुड टच-बैड टच, लैंगिक उत्पीड़न, पोक्सो एक्ट, बाल श्रम और साइबर अपराध से बचाव से जुड़ी जानकारी दी गई।

**थानों में ऐसे चला जागरूकता अभियान**

**थाना खरखौदाः** ग्राम बहरानपुर में खेतों में काम कर रही महिलाओं को एंटी रोमियो टीम ने हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। **थाना हस्तिनापुरः** मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को हेल्पलाइन 108, 112, 1090, 1930, 1076 की जानकारी दी। **थाना कोतवालीः** महिलाओं-बालिकाओं को मिशन शक्ति केंद्र, साइबर क्राइम, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, पास्को एक्ट और विभिन्न लाभकारी योजनाओं सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा व विधवा पेंशन की जानकारी दी गई। **थाना सिविल लाइनः** सुभाष नगर गली नंबर 6 में जाकर महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर व सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। **थाना पल्लवपुरमः** बालिकाओं को मिशन शक्ति केंद्र और हेल्पलाइन नंबर बताए गए। साथ ही बच्चों को साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु 1930 नंबर की जानकारी दी गई। **थाना मुंडालीः** रस्ते में महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों को मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी गई और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस विभाग का कहना है कि इस तरह के अभियान महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक माहौल तैयार करते हैं।

# सड़क हादसे में घायल ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दो दिन पहले सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर मिंतर सिंह की बुधवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मिंतर सिंह दो दिन पूर्व शामली से वापस लौट रहे थे, तभी सरूरपुर क्षेत्र के मुल्हेड़ा चौकी के पास उनकी बाइक की चेन टूट गई, जिससे बाइक स्लिप होकर गिर गई। हादसे में उन्हें पसलियों और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां दो दिन उनका उपचार चला। वहीं पुलिस विभाग में भी शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

# सरधना सीएचसी में नवजात शिशु चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना में एक नवजात बच्चे को चुराकर भागने की कोशिश कर रही महिला को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दादरी निवासी राजकुमार के पुत्र सौरभ ने सरधना थाने में तहरीर दी कि उनकी पत्नी पिंकी ने सीएचसी सरधना में एक नवजात शिशु को जन्म दिया था।

सोमवार सुबह रेशमा पत्नी आसिफ निवासी हर्रा, थाना सरूरपुर चोरी-छिपे बच्चे को उठाकर ले जाने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान प्रसूता पिंकी की नजर उस पर पड़ी तो उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आरोपी महिला घबरा गई और बच्चे को वहीं छोड़कर भागने लगी। अस्पताल कर्मियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सरधना थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना सरधना में मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला रेशमा को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद उसे संबंधित धाराओं में न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया, वहीं परिजनों ने पुलिस के कार्य की सराहना की।

# किठौर में विद्युत विभाग की टीम का घेराव कर गाली गलौज, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र के कस्बा किठौर में जेई ने चेकिंग के दौरान एक दर्जन से अधिक लोगों पर गाली गलौज, लाठी डंडे से मारने की धमकी देने और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगा मुकदमा पंजीकृत कराया है। किठौर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर अजय कश्यप ने बताया कि वह टीम के साथ उच्चाधिकारियों के आदेश पर बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चल रहा था। इसी दौरान कस्बा किठौर निवासी आसिफ पुत्र ताहिर, नूर मोहम्मद पुत्र नजर मोहम्मद, मुजीब पुत्र नईम और 10 से 15 अज्ञात लोगों ने टीम का घेराव कर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट करने की धमकी दी। वहीं थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# असगर अली चौहान के आवास पहुंचे पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र कुसेड़ी की राजनीतिक चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में समाजसेवी असगर अली चौहान के आवास पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र कुसेडी पहुंचे। जहां उन्होंने उनका हाल-चाल जाना और राजनीतिक चर्चा की वहीं योगेन्द्र कुसैड़ी ने कहा कि असगर अली चौहान जैसी शख्सियत रसूलपुर धौलडी में हमेशा लोगों के हमदर्द रहे है। वहीं योगेंद्र कुसैडी ने रसूलपुर धौलडी बसा टिकरी भवी आदि गांव में भी दौरा किया और सामाजिक लोगों से मिले। लोगों का कहना है कि योगेंद्र कुसैडी जैसे व्यक्ति समाज के हित के लिए हमेशा आगे रहे हैं और जमीनी लोगों के लिए लड़ाई लड़ते रहते है और हमेशा सर्व समाज के साथ रहे। इस मौके पर हीरा आर्य, शैंकी, शकील कुरैशी आदि मौजूद रहे।


# स्वास्थ्य अधिकारी की सहमति बिना नहीं हो सकेंगे सफाई कर्मचारियों के तबादले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नगर आयुक्त सौरभ गंगवार ने एक आदेश जारी कर कहा है कि वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी की सहमति के बिना स्वच्छता मित्र अथवा सफाईकर्मी का स्थानान्तरण न किया जाए। सौरभ गंगवार ने आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए कार्रवाई अमल में लाते हुए मीडिया विज्ञप्ति जारी की है। बतादें कि स्वास्थ्य अधिकारी अमर सिंह ने सफाई नायक मनीष पुत्र राकेश व सतीश पुत्र गंगाशरण को सफाई नायक नियुक्त किया था यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए नगरयुक्त ने अमर सिंह के सभी क्रियाकलापों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। नगर निगम की राजनीति में यह एक महत्वपूर्ण घटना मानी जा रही है। सूत्रों के अनुसार नगर निगम के अधिकारियों में आपसी खींचतान चरम सीमा पर है और इसका शिकार कर्मचारी को ही होना पड़ता है।

# इस्लामनगर के जन सेवा केन्द्र भ्रष्टाचार के अड्डे

## सभी प्रकार के कार्य करने करने के लिए अनाप शनाप रुपये लिए जाते है




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियो के सहयोग से जनता की सुविधा के लिए जन सेवा केन्द्र खोले हैं, कि जनता का कार्य सुगम सुलभ और तत्परता से हो, लेकिन आजकल यह केन्द्र बेरोक टोक अनाप शनाप रूपये जनता से लूट रहे हैं। ऐसा लगता है, कि इन जनसेवा केंद्रों का कोई विभाग नही है। जिस कारण से नगर में स्थित अधिकांश जन सेवा केन्द्र क्षेत्र के विभिन्न गांवों के नाम से स्वीकृत हैं। लेकिन संचालित नगर से हो रहे हैं। जो कि अवैध है। शासन ने स्थानीय जनता की परेशानी को देखते हुए जन सेवा केन्द्रो की प्रत्येक ग्राम से व्यवस्था की है। लेकिन इन केन्द्र के संचालकों ने लूट मार मचा दी है। और जनता से काम करने के निर्धारित शुल्क से ज्यादा वसूल रहे हैं। विदित हो स्थिति इतनी भयावह हो गई है, कि क्षेत्रीय व नगरीय कर्मचारियो को रिश्वत देने का अड्डा वर्तमान में जन सेवा केन्द्र के संचालक अधिकारियो को देने से पहले अपनी दलाली सबसे पहले ले लेते हैं। अवैध कमाई का ये कारोबार नगर में बुलंदियों पर है। जनता का शोषण पिछड़ेपन यानि गरीबी में एक ऐसी मार है। जिससे दिल थर्राने लगता है। नगर के समाज सेवियों में इन भ्रष्ट जन सेवा केन्द्रो के संचालको के प्रति जबरदस्त रोष व्याप्त है। लोगो का कहना है प्रशासनिक अधिकारी इन जन सेवा केन्द्रो के संचालको की गोपनीय जाँच करायें। और जनता को इनके चुंगल से छुड़ाये। सूत्रो का यह भी कथन है कि सरकार द्वारा जनहित में जारी योजनाये जैसे प्रधानमंत्री आवास पर 35 से 40 हजार रूपये प्रति फाइल पास कराने के लिए लेते है। और किसान सम्मान निधि के पास कराने से दो से तीन हजार रूपये ले रहे है। इसी प्रकार सरकार द्वारा चलायी जा रही प्रत्येक योजनाओ के लिए लाभार्थी से यह संचालक भारी रकम ले रहे है। इसीलिए श्रीमान जिलाधिकारी महोदय इन जन सेवा केन्द्रो की जाँच कराये कि ये केन्द्र जहाँ स्वीकृत है। वहाँ चल रहे है। और ऑनलाइन पर प्रति आवेदक से कितना बसूल रहे है। क्षेत्र के भारतीय किसान यूनियन के क्षेत्रीय नेता भूरे शर्मा ने आगामी भविष्य जन आन्दोलन चलाने की प्रशासन को चेतावनी दी है। इधर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष यूनिस सकलैनी ने जन सेवा केन्द्रो के अवैध संचालन केन्द्रो को निर्धारित स्थानो पर संचालित कराने की माँग दोहरायी है। समाजवादी पार्टी के नगर एवं ब्लाक अध्यक्ष मनवीर यादव एडवोकेट ने भी उक्त भ्रष्टाचार पर भारी रोष व्यक्त करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है। कि जन सेवा केन्द्र संचालको पर प्रशासन अंकुश लगाये।

# अरमान हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने गांव असौड़ा निवासी अरमान पर चाकू से वार कर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से आलाकत्ल चाकू बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए हत्यारोपी अमन पुत्र तौहीद ने पैसों के लेनदेन को लेकर अपने छोटे भाई के साथ मिलकर पैसे के लेनदेन को लेकर अरमान की चाकू से वार कर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। सम्बंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने गांव असौड़ा निवासी अरमान पर चाकू से वार कर मौत के घाट उतारने की घटना में संलिप्त हत्यारोपी अमन पुत्र तौहीद निवासी ग्राम असौडा थाना हापुड देहात जनपद हापुड को गौशाला चौराहा के पास ग्राम असौड़ा से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू बरामद हुआ है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**सूचना**

मेरा बी.एस.सी. का माईग्रेशन सर्टिफिकेट दिनांक 01.11.2025 को रास्ते में गिरकर कहीं गुम हो गया है और काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिला है। -साक्षी चौधरी पुत्री सत्यवीर सिंह निवासी बी-51, गायत्रीपुरम, मोदीपुरम, मेरठ।

# सड़क हादसे में सैलून संचालक के बेटे की मौत

## शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** अमरोहा मार्ग पर सड़क हादसे में सैलून संचालक के बेटे की दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया है। आरोपी चालक के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है।



कस्बे के मोहल्ला बुध बाजार में इमरान का परिवार रहता है। वह बेंगलुरु में एक सैलून में काम करता है। परिवार में पत्नी फौजिया के अलावा दो बेटे हैं। बड़े बेटे अहसान की उम्र 10 साल है जबकि छोटा बेटा नोमान 6 साल का था। वह क्षेत्र में ही स्थित नूर पब्लिक स्कूल में नर्सरी में पढ़ रहा था। बहन की शादी के लिए इमरान घर आया हुआ था। मंगलवार दोपहर में परिवार के लोग गांव पीलाकुंड स्थित उत्सव मैरिज हॉल में एक शादी समारोह में गए थे। वहां से लौटते समय तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर नोमान भी सवार था। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिर गया और टैंकर से कुचलकर उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके पर टैंकर को फरार हो गया। हादसे के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जांच-पड़ताल करते हुए टैंकर को कब्जे में ले लिया तथा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने परिवार को उचित मुआवजा देने और फरार चालक की जल्दी गिरफ्तारी की मांग की है।

# पेड़ पर चढ़ते करंट से तेंदुए की मौत

## वन विभाग ने शव का कराया पोस्टमार्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** वंशगोपालपुर गांव में मंगलवार को जंगल के बादशाह की आखिरी छलांग मौत में बदल गई। शिकार की तलाश में पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। कुछ ही पलों में तेज करंट ने उसकी जान ले ली। तेंदुआ झुलसकर पेड़ की डाल पर ही लटक गया। देखते ही देखते गांव में अफरा-तफरी मच गई।



ग्रामीणों ने जैसे ही पेड़ पर लटका तेंदुआ देखा, पूरे इलाके में खबर जंगल की आग की तरह फैल गई। सैकड़ों लोग मौके पर उमड़ पड़े। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हैरान थे। जंगल का शिकारी खुद इस तरह शिकारी बन जाएगा, किसी ने सोचा भी न था। सूचना पर वन विभाग की टीम डिप्टी रेंजर मनोज चौधरी के नेतृत्व में पहुंची। टीम ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौधरी ने बताया। तेंदुआ अपने शिकार के पीछा करते हुए पेड़ पर चढ़ गया था। ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी, जिससे करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गांव में तेंदुए की मौत को लेकर दहशत और हैरानी दोनों है। कुछ दिन पहले आजमपुर के जंगल में भी एक तेंदुए का शव मिला था, जिससे वन विभाग पहले से ही सतर्क था। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने वन्यजीवों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पार्लर संचालिका पर तेजाब फेंकने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

## ब्रेकअप के बाद से लगातार कर रहा था परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पूर्व प्रेमिका को चेहरे पर तेजाब उड़ेलने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने दो नवंबर की रात अमरो. हा ग्रीन कॉलोनी स्थित ब्यूटी पार्लर में घुसकर भी जान से मारने की धमकी दी थी। धमकी मिलने के बाद से युवती दहशत में थी।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव मीरा सराय के रहने वाले विनिश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। युवती के मुताबिक बीते दो साल से वह विनिश से मोबाइल पर बातचीत करती थी। दोनों के बीच में प्रेम-प्रसंग था लेकिन करीब एक साल से युवती ने विनिश से बात करना बिल्कुल बंद कर दिया था। आरोप है कि ब्रेकअप के बाद से विनिश उसे परेशान कर रहा था। वह चेहरे पर तेजाब उड़ेलने की धमकी दे रहा था। फिलहाल युवती अमरोहा ग्रीन कॉलोनी स्थित एक ब्यूटी पार्लर में नौकरी करती है। उसका आरोप है कि दो नवंबर की रात विनिश ने ब्यूटी पार्लर में आकर भी जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद से दहशतजदा युवती ने थाने पहुंच एफआईआर दर्ज करा दी थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने आरोपी विनिश को गिरफ्तार कर जेल भेजने की बात कही।

## बुलेट-स्पेंडर की भिड़ंत में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बुलेट व स्प्लेंडर बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। वारदात को अंजाम देकर सवार बुलेट को लेकर फरार हो गया। बुधवार की शाम थाना नखासा के गांव विशनपुर जनपद संभल निवासी सचिन पुत्र सुरेंद्र अपने मौसेरे भाई दक्ष चौधरी पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम फतेहपुर ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद के साथ स्प्लेंडर बाइक से तिगरी मेला कर वापस घर लौट रहे थे। बाइक सवार जब अब्दुल्ला कॉलोनी के समीप पहुंचे तो सामने से अनियंत्रित होकर तेज गति से आ रही बुलेट से जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे दक्ष चौधरी व सचिन सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को उठाकर नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सको ने घायलों को जनपद संभल के लिए रेफर कर दिया है। वही वारदात को अंजाम देकर बुलेट सवार मौके से फरार हो गया।ले आ रहे हैं। बुजुर्गों ने बताया कि कई बार अश्वथामा के श्रद्धालुओं को दर्शन हुए है।

# पुष्पावटी घाट पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पुष्पावती धाम पूठ घाट पर कार्तिक पूर्णिमा पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाया है। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

बुधवार की तड़के सतेडा गांव के सामने स्थित मां पुष्पावती घाट पर श्रद्धालुओं ने स्नान करना शुरू कर दिया था। जैसे-जैसे दिन निकलता गया वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की स्नान करने के लिए भीड़ बढ़नी शुरू हो गई। कोतवाल प्रेमपाल सिंह राजस्व निरीक्षक अरविंद शर्मा ग्राम विकास अधिकारी खुर्शीद अहमद विपिन कुमार कर्मचारियों के साथ घाटों पर घूम घूम कर कही श्रद्धालु गहरे पानी में न चले जाये उस पर नजर रखे हुए थे। पुलिस नावो में बैठकर श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोक रही थी। मेले में चाट पकौड़ी जलेबी चाऊमीन समेत बच्चों एवं महिलाओं द्वारा खाने पीने का सामान खरीदा गयी।

### स्नान के बाद जमकर चला खरीदारी का दौर, बच्चों ने लिए खिलौने





### अश्वथामा का संबंध रहा है पूठ घाट से

**हसनपुर।** मां पुष्पावती पूठघाट पर प्राचीन समय से ही श्रद्धालु स्नान करते चले आ रहे हैं। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि महाभारत के अश्वथामा का पूठ घाट से संबंध रहा है। प्राचीन महाभारत के समय में पूठ घाट पर आकर तपस्या की थी। तभी से श्रद्धालु यहां पर मां गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाते चअमरोहा। यूनियन बैंक से फर्जी दस्तावेजों के सहारे 13 लाख रुपये का लोन लेने के मामले पुलिस ने आरोपियों का अरेस्ट कर उनका चालान कर दिया।

# फर्जी दस्तावेजों से लिया पांच लाख का लोन

## पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फर्जी दस्तावेजों से बैंक से लोन लेने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



बैंक के शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह ने बीते दिनों इस संबंध में शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसके मुता. बिक गांव कांकरखेड़ा निवासी भगवंत सिंह ने अपने नाम का आधार, पैन कार्ड व खतौनी के साथ फाइल तैयार कर बैंक में लोन के लिए आवेदन किया था। जिसमें गांव हादीपुर निवासी साबिर शाह गारंटर था। उसने भी अपना आधार, पैन कार्ड जमा किया था। पूरी पड़ताल के बाद बैंक ने 16 दिसंबर 2024 को फाइल पर पांच लाख रुपये का लोन पास किया था। लेकिन बाद में गांव पृथ्वीपुर कलां निवासी भगवत सिंह ने बैंक को जानक. ारी दी कि उनके पिता भगवंत ने कभी बैंक से अपनी कृषि भूमि पर लोन नहीं लिया। बैंक प्रबंधन ने जांच कराई और टीम भेजकर कांकरखेड़ा में ग्रामीणों से पूछताछ की। पता चला कि गांव में भगवंत नाम का कोई शख्स नहीं रहता है। जांच में ये भी सामने आया कि फर्जी भगवंत सिंह के अलावा नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर खुर्द निवासी रजा हुसैन के आधार कार्ड, पैन कार्ड लगाकर तीन दिसंबर 2024 को आठ लाख रुपये लोन लिया गया है। रजा हुसैन ने भगवंत सिंह की जमानत ली थी। इतना ही नहीं बैंक में मौजूद फर्जी दस्तावेजों पर आरोपियों के फोटो लगे थे। बैंक प्रबंधक ने कांकरखेड़ा के रहने वाले भगवंत सिंह, बहादुरपुर खुर्द के रहने वाले रजा हुसैन और हादीपुर गांव के रहने वाले साबिर शाह पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की। बैंक में लोन के दस्तावेजों पर लगे फोटो के आधार पर पुलिस ने रहरा थाना क्षेत्र के नया गांव तरौली के रहने वाले आरिफ उर्फ आसिफ, उसके दोस्त ताहिर और मुनशरीफ को गिरफ्तार कर लिया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि तीन आरोपियों ने जमीन के कागजात निकलवाने के बाद उन पर गांव का नाम बदल लिया था। इसके बाद अपने फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड बनवाएं, जिसके आधार पर बैंक कर्मचारियों को विश्वास में लेकर लोन निकला था। बुधवार को तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# फर्जी दस्तावेजों से लोन लेने वाले तीन दबोचे

## बैंक अधिकारियों को गुमराह कर निकाले 13 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अमरोहा की यूनियन बैंक से फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से 13 लाख रुपए का लोन हासिल करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार आरिफ उर्फ आसिफ पुत्र हनीफ, ताहिर पुत्र रशीद मुंशरीफ पुत्र रज्जाक निवासी नयागांव तरौली थाना रहरा ने मिलकर बैंक अधिकारियों को गुमराह करते हुए फर्जी काग. जात के आधार पर लोन स्वीकृत कराया था। बैंक की आंतरिक जांच के दौरान गड़बड़ी सामने आने पर प्रबंधक ने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने जांच शुरू की तो खुलासा हुआ कि आरोपियों ने मिलकर योजना के तहत दस्तावेज तैयार किए और रकम अपने खातों में ट्रांसफर कराई थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें उन्होंने अपराध कबूल कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही। मामले में अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है।


## व्यापारियों ने अनुराग को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** बाडी बिल्डिंग में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने वाले अनुराग गुप्ता को व्यापारी सुरक्षा फोरम द्वारा सम्मानित किया गया। अनुराग गुप्ता ने बाडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। इसके अलावा वह कई प्रतियोगिताएं भी जीत चुके है। आज व्यापारी सुरक्षा फोरम ने उन्हें फूलमाला व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मौहम्मद फहीम, हरस्वरूप सिंह, तौसीफ आलम, नाजिल हसन उर्फ गुडडू, महेश कुमार गुप्ता, नवनीत कुमार गुप्ता, अमित कुमार, अंजार अली, मौलाना इरशाद आदि शामिल रहे।

## धूमधाम से सम्पन्न हुआ प्रजापति विकास समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम

eFk|jkA प्रजापति विकास समिति, जनपद मथुरा द्वारा आयोजित बिस्वा सामूहिक विवाह उत्सव का आयोजन हर वर्ष की भाँति इस बार भी बड़े हर्ष और उत्साह के साथ रामलीला ग्राउंड, महाविद्या में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर कुल 20 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।

## तंवर ने सड़क चौड़ीकरण को स्वीकृत कराये 963 करोड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में भेंट कर अमरोहा लोकसभा क्षेत्र की विधान सभा गढ़मुक्तेश्वर में 50.25 किलोमीटर मार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिये 963.12 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कराई। जिससे यहां के विकास को और गति मिलेगी। सांसद कंवर सिंह तंवर ने बताया कि इस विधान सभा क्षेत्र के लोगों द्वारा काफी समय से यह मुद्दा उठाया जा रहा था। इन मार्गो के चौड़ीकरण व सदृढ़ीकरण से जनता को काफी लाभ पहुंचेगा तथा जाम की समस्या से भी जनता को निजात मिलेगी। सांसद ने कहा कि उनका मकसद क्षेत्र का चहुमुंखी विकास कराना है।

# मामूली विवाद में दो पक्षों में चले लाठी डंडे

## तीन घायल, एक दिल्ली रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ट्रैक्टर और बाइक में टक्कर के बाद हुए विवाद में दो पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते लाठी डंडे चले पड़े। मारपीट में तीन लोग लहूलुहान हो गए। गंभीर घायल किसान को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा में 20 अक्तूबर की है। गांव निवासी किसान सोमपाल सैनी अपने खेत में ट्रैक्टर चला रहे थे। इसी दौरान गांव का रहने वाला चिरंजी बाइक पर सवार होकर वहां से गुजर रहा था। आगे निकलने के चक्कर में बाइक की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई थी। विवाद बढ़ता देख मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों के बीच समझौता करा दिया था। आरोप है कि समझौते के बाद चिरंजी ने मोहित, योगेश व संजय को साथ लेकर सोमपाल के घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सोमपाल ने इसका विरोध किया तो सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। बचाव में आए परिवार के अन्य लोगों को भी पीटा। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया था। चिकित्सक ने गंभीर घायल होने के कारण सोमपाल को हायर सेंटर रेफर कर दिया था। उपचार के बाद मंगलवार को सोमपाल ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में चिरंजी, योगेश, मोहित व संजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# कितने नसीब वाले हो, आपके पास पुष्प गंगा है

## वेंक्टेश्वर यूनिवर्सिटी ने तिगरी धाम में कराई म्यूजिकल नाईट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वर यूनिर्विसिटी द्वारा गंगा धाम तिगरी में वालीवुड म्युजिकल नाईट एवं कवि सम्मेलन का आयोजन कराया गया। जिसमें मुम्बई की मशहूर प्लेबैक सिंगर निष्ठा शर्मा ने फिल्मी गानों पर श्रद्धालुओं का खूब मनोरंजन किया।

गंगाधाम तिगरी में मुख्य स्नान की पूर्व संध्या पर श्रद्धालुओं ने जमकर मनोरंजन किया। श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी द्वारा यहां बालीवुड म्युजिकल नाईट एवं कवि सम्मेलन का आयोजन कराया गया। जिसमें प्लेबैक सिंगर निष्ठा शर्मा ने फिल्मी गाने सैयारे सैयारे, मैं घणी बावली हो गई, बीड़ी जलाईले जिगर से पिया, जिगर में बड़ी आग है, अभी न जाओ छोड़कर के दिल अभी भरा नही आदि गीतों पर श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया। इसके बाद रात दस से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें डा. दिनेश रघुवंशी ने देश भक्ति श्रृंगार रस, मातृशक्ति, प्रेम आदि पर अपनी कविताओं के माध्यम से श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। जबकि दिल्ली से आई कवियत्री खुश्बू शर्मा ने पढ़ा..प्रेम ही प्रेम है ना दंगा है और कटौती में मन चंगा है, आप कितने नसीब वालो हो, आपके पास पुष्प गंगा है। डा. अंजू सिंह ने सुनाया...अपनी तकदीर कुछ इस तरह से बदल आयी, तेरी कृपा से ही गिरते हुए संभल आयी। जयपुर से आयी सपना सोनी ने सुनाया...बुझी है जो बरसो से, अभी वो प्यास बाकी है, तेरे नजदीक होने का अभी अहसास बाकी है। डा. दिनेश रघुवंशी ने सुनाया...हमेशा तन गये आगे जो तोपों के दहानो के, कोई कीमत नही होती है क्यो प्राणों की जवानों। कार्यक्रम में कुल. पति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, शुभम चौधरी, कुलसचिव डा. पीयूष कुमार, एसएस बघेल, अरूण गोस्वामी, डा. राम गुप्ता, प्रीतपाल, डा. प्रताप, विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

## महबूब ने कई सम्पर्क मार्गो की सड़क स्वीकृत कराई



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोकलेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि उनका मकसद बिना भेदभाव के क्षेत्र का विकास कराना है। सदर विधायक महबूब अली ने नौगावां मार्ग से रोजा अब्बास अली होते हुए इकरार नगर चुपशाह मजार आबादी से होते हुए धनौरा-अमरोहा-ठाकुरद्वारा सम्पर्क मार्ग व धनौरा-अमरोहा-ठाकुरद्वारा ईदगाह से फाजलपुर सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य को मंजूरी दिलाई। इन मार्गो के निर्माण से क्षेत्र की जनता को भरपूर लाभ मिलेगा। श्री अली ने कहा कि उनका मकसद जनता की सेवा करना है जिसके लिये वह हर समय प्रयासरत रहते है।



# गुरु पर्व पर रौशनी से नहाया गुरुद्वारा

## आज लगाया जाएगा भोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** बुधवार को गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर नगर के चौपला स्थित गुरुद्वारा को भव्य रूप से सजाया गया। गुरु नानक देव जी का जन्मदिन जिसे गुरु नानक प्रकाश उत्सव और गुरु नानक देव जी जयंती के रूप में भी जाना जाता है। गुरु नानक देव जी सिख धर्म के संस्थापक और सबसे प्रसिद्ध गुरुओं में से एक हैं। चौपला स्थित गुरुद्वारा के ज्ञानी अनूप सिंह ने बताया की गुरु पर्व के उपलक्ष्य में आज गुरूवार को भोग लगाकर अटूट लंगर आयोजित किया जायेगा।

# फरहान इलेविन पहुंची सेमी फाइनल में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अब्बासी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में खेले जा रहे अमरोहा प्रीमियर लीग में मंगलवार को फरहान खान 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईफोन मिनी स्टोर अरशद मोबाइल शॉप को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए अरशद मोबाइल ने अली मोहम्मद (60) और फैजान पाशा (61) की पारियों की बदौलत 186 रन बनाए। जवाब में फरहान खान 11 ने सलीम खान की तूफानी 95 रन की पारी और अनस अंसारी के 33 रन से लक्ष्य हासिल कर लिया। शहवेज सिद्दीकी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच बने, जबकि सुपर स्टार ऑफ द मैच का खिताब सलीम खान को मिला। यह लीग अकादमी अध्यक्ष फिरोज कमाल अब्बासी की सरपरस्ती और कोच असलम सिद्दीकी की देखरेख में खेली जा रही है। अब पहला सेमीफाइनल 6 नवंबर को दोपहर 1 बजे हिंद एग्रीकल्चर और फरहान खान 11 के बीच खेला जाएगा। मैच के अंपायर जमाल खान व निश्चल चौधरी रहे, जबकि कमेंट्री तैय्यब सलमानी, अदनान मसरूर और तैयब सुल्तान ने की। मैदान में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे, जिनमें कई गणमान्य लोग भी शामिल रहे।

# महिला की सांप के काटने से उपचार के दौरान मौत

## परिजनों ने लगायां डॉक्टरों पर इलाज के दौरान लापरवाही और ओवरडोज देने का आरोप, डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू)के दिल्ली एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा की पत्नी सुंदर देवी की सांप काटने से उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने जिला अस्पताल के डॉक्टर पर इलाज के दौरान लापरवाही और ओवरडोज देने का आरोप लगाया है। यह घटना देर रात हुई।



मृतका फाइल फोटो



परिजनों के अनुसार, सुंदर देवी को रात में सांप ने डस लिया था। उन्हें पहले सीएचसी बागपत ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। करीब एक घंटे के उपचार के बाद उनकी तबीयत में सुधार हो गया था। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि जब सुंदर देवी को घर ले जाने की तैयारी थी, तब इमरजेंसी में मौजूद एक डॉक्टर ने उन्हें एक इंजेक्शन दिया। परिजनों का दावा है कि यह डोज निर्धारित मात्रा से अधिक थी, जिसके कारण सुंदर देवी की 10 सेकंड के भीतर ही मौत हो गई। सुंदर देवी के परिजन संजय डीलर ने बताया कि अस्पताल पहुंचने पर उपचार के बाद उनकी तबीयत ठीक थी, लेकिन चलते समय डॉक्टर द्वारा दी गई अधिक डोज से उनकी मौत हुई। संजय डीलर ने यह भी आरोप लगाया कि डॉक्टर नशे की हालत में थे। भाकियू के जिला अध्यक्ष प्रताप गुर्जर ने जिला अस्पताल के डॉक्टरों के लापरवाह रवैये पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अस्पताल लोगों की सुविधा के लिए है, लेकिन डॉक्टरों की लापरवाही से जानें जा रही हैं। उन्होंने इस मामले में दोषी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। भाकियू नेता हरेंद्र दांगी ने भी डॉक्टरों की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार लापरवाह डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है और धरने प्रदर्शन भी हुए हैं, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। उन्होंने इस घटना के लिए जिम्मेदार डॉक्टरों पर तत्काल कार्रवाई की मांग दोहराई। प्रदीप धामा और सुंदर देवी का विवाह 21 वर्ष पहले हुआ था। उनके दो बच्चे हैं, जिनमें बड़ा बेटा मानवेंद्र और छोटी बेटी मानवी शामिल हैं। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं और सभी दोषी डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## गांव में पशुओं के मरने का सिलसिला जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव मे पशुओं मे फैली बिमारी के चलते पशु पालक है। सैकड़ों पशुओं की एक माह में मौत हो चुकी है जिसके बाद डाक्टरो की टीम लगातार गांव मे आकर पशुओं की जांच करने मे लगी हुई है।

ढिकोली गांव में पशुओं में फैली अज्ञात बीमारी के चलते सैकड़ों पशुओं की मौत हो चुकी है जिसके चलते पशुपालक परेशान है और परेशान है। किसान देवेन्द्र ने बताया कि गांव मे पशुओं के मरने का सिलसिला जारी है अब भी गांव मे बहुत पशु बीमार है। डाक्टरो की टीम गांव मे आती है और खानापूर्ति कर चली जाती है अभी डाक्टरो पर दवाईयां उपलब्ध नही होती है। डाक्टर बाहर से दवाईया लिखते है जिसमे वह असमर्थ है लगातार ग्रामीणों की मांग के बाद स्वास्थ्य विभाग पिछले तीन दिनो से लगातार गांव मे पशुओं की जांच करने मे लगे है जिसके बाद गांव मे पशुओं मे अब सुधार है।



पशु चिकित्सक अधिकारी डाक्टर सुभम, राजकुमार ने बताया कि पशुओं की लगातार जांच कर दवाईयां वितरित की जा रही है जिससे पशुओ को अब लाभ है।

## हार्ट अटैक से एमसीडी कर्मचारी की मौत, तीन घंटे तक नहीं आई एंबुलेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कमाला गांव के रहने वाले एमसीडी कर्मचारी को बुधवार की सुबह हार्ट अटैक पड़ गया। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए बिनौली सीएचसी पर ले गए। जहां चिकित्सकों ने कर्मचारी को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने तभी एंबुलेंस को कॉल की थी, लेकिन तीन घंटे तक भी एंबुलेंस नहीं आई, जिसके चलते तीन घंटे तक शव बिनौली सीएचसी पर ही रखा रहा।

कमाला गांव का रहने वाला 57 वर्षीय अनिल दिल्ली एमसीडी का कर्मचारी था। परि. जनों ने बताया कि बुधवार की सुबह अनिल डयूटी पर जाने के लिए तैयार हो रहा था। इसी बीच उसे हार्ट अटैक पड़ा और वह जमीन पर गिर गया। आनन-फानन में परिजन अनिल को उपचार के लिए बिनौली सीएचसी पर ले गए। जहां चिकित्सकों ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। अनिल के परि. जनों का आरोप है कि उन्होंने तभी शव को बागपत पोस्टमार्टम हाउस भिजवाने के लिए एंबुलेंस को कॉल कर दी थी, लेकिन तीन घंटे तक एंबुलेंस नहीं आई। तीन घंटे बाद जब वे शव लेकर चलने लगे, तो एंबुलेंस गेट पर मिली। जिस पर परिजनों ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों से शिकायत की। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के दो पुत्र है। बड़ा पुत्र पीएसी का जवान है। फिलहाल उसकी डयूटी बिहार चुनाव में लगी है। वहीं, अनिल की मौत के बाद से परि. जनों में कोहराम मचा हुआ है।

## एडिशनल एसपी ने किया रमाला थाने की सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने रमाला थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एडिशनल एसपी ने थाने पहुंचे फरियादियों से बातचीत की और पुलिसकर्मियों के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही कई फरियादियों की समस्याओं का समाधान भी कराया। प्रवीण सिंह चौहान ने पुलिसकर्मियों को डयूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया। एडिशनल एसपी ने अपरा. धियों की धरपकड़ के लिए निरंतर चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बॉर्डर चौकियों पर पुलिसकर्मी नियमित रूप से बैरिकेड लगाकर संदिग्ध वाहनों की तलाशी लें और बिना जांच के किसी को भी जनपद में प्रवेश न दें। उन्होंने लंबित विवेचनाओं का तत्काल निस्तारण करने और अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने थाने में साफ-सफाई, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, अभिलेखों के रखरखाव और जनसुनवाई डेस्क सहित विभिन्न स्थानों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नियमित रूप से थाने में मीटिंग आयोजित करने को भी कहा। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी पुलिसकमी अपनी डयूटी में लापरवाही करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पॉलिटेक्निक के छात्रों से छात्रावास के नाम पर की गई अवैध वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** दिगंबर जैन पॉलिटेक्निक के छात्रों से छात्रावास के नाम पर की गई अवैध वसूली पर वार्डन पर गाज गिर गई है।

उन्हें संस्था के चेयरमैन ने पद से हटाते हुए जांच भी शुरू कराई है। दरअसल, डीजे पॉलीटेक्निक के छात्रों से छात्रावास में रहने की एवज में वार्डन द्वारा अवैध वसूली का आरोप था। छात्रों का आरोप था कि प्रत्येक छात्र से सिक्योरिटी, मेंटिनेंस चार्ज के रूप में 6000 रुपये वसूल किए जा रहे थे। छात्रावास फीस के नाम पर उनसे अवैध वसूली को लेकर सितंबर माह में छात्रों ने जमकर हंगामा कर डीएम, एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपे थे। छात्रों के आरोप थे कि छात्रावास की मरम्मत तक नहीं की जाती, बिजली, पंखे सब खराब पड़े हुए हैं। मैस तक की व्यवस्था छात्रावास में नहीं है। इस मामले को संस्था के चेयरमैन ने गम्भीरता से लिया। चेयरमैन वरुण जैन ने छात्रों से ली गई अतिरिक्त धनराशि को 24 घन्टे के भीतर वापस लौटाने के भी आद. ेश जारी किये।

अभी 95 फीसदी छात्रों का पैसा रिफंड किया जा चुका है। वहीं संस्था चेयरमैन द्वारा वार्डन शैलेन्द्र विमल को हटा दिया है। उनके स्थान पर मुकेश कुमार को वार्डन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही मामले में जांच भी शुरू की गई हैं। चेयरमैन वरुण जैन का कहना है कि शैलेन्द्र विमल को वार्डन पद से हटा दिया गया है।

## यमुना नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में यमुना नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक भी किया। यमुना नदी के तट पर जाकर श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान करते हुए भंडारा भी किया जिसमें सैकड़ो की तादाद में लोगों ने प्रसाद वितरण किया। साधु संतों ने भी यमुना नदी में स्नान करते हुए कार्तिक पूर्णिमा पर यमुना नदी में डुबकी लगाकर स्नान किया। सुबह 4 बजे से यमुना नदी के किनारे पर जागौश गांव में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था जो पूरा दिन चला रहा आसपास क्षेत्र के लोगों ने यमुना नदी के जयकारे लगाते हुए यमुना मैया की आरती उतारी यमुना नदी के घाट पर दीपदान करते हुए प्रमुख स्नान किया।



शिव मंदिर के पुजारी अनिल पांडे ने बताया कि यमुना नदी के तट पर सुविचार 5 बजे से भारी संख्या में श्रद्धालुओं का यमुना नदी में डुबकी लगाने के लिए जन सैलाब उमड़ रहा था मंदिरों में श्रद्धालुओं का आवागमन सुबह 5 शुरू हो गया था जो दिन भर चलता रहा कार्तिक पूर्णिमा का स्नान करने के लिए यमुना नदी पर भंडारे भी किए गए जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## शिविर में नागरिकों से अभियान के तहत लिए सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आपका सुझाव लाएगा बदलाव समर्थ उत्तर प्रदेश के भी सुझाव दिए जा रहे हैं विकसित उत्तरप्रदेश/2047 जनता के सुझावों से भविष्य की दिशा तय होगी।

शिविर में नागरिकों से विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान के अंतर्गत सुझाव लिए गए। लोगों ने उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित प्रदेश बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। अभियान का उद्देश्य शासन और जनता के बीच संवाद बढ़ाकर नागरिक सहभागिता आधारित विकास मॉडल को प्रोत्साहित करना है जिसके क्रम में नगर पालिका में आम जनमानस में अपने सुझाव दिए और जगह-जगह जनपद के पुलिस लाइन अन्य स्थलों पर भी कैंप लगाए गए। जिले को सौर ऊर्जा की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बागपत में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार तेज हो गया है। जिला. धिकारी अस्मिता लाल के निर्देश पर जनपद की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में विशेष शिविर लगाए गए, जिनमें विभिन्न कार्यों से आए उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और मौके पर ही पात्र इच्छुक लोगों का पंजीकरण किया गया। लोगों ने भी इस योजना में उत्साह दिखाया। डिप्टी कलेक्टर परियोजना अधिक. ारी मनीष यादव योजना के तहत जिनके पास घरेलू विद्युत कनेक्शन है, वे लाभ के पात्र हैं।



## बीडी पीते समय गंभीर रूप में झुलसी वृद्धा, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शेरपुर लुहारा गांव की 65 वर्षीय वृद्ध महिला बीडी पीते समय आग में झुलस गई। बताया जा रहा है कि बीडी का पतंगा गिरने से वृद्धा के कपड़ों में आग लग गई। जब तक परिजनों ने आग बुझाई, तब तक वृद्धा गंभीर रूप में झुलस चुकी थी। वृद्धा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शेरपुर लुहारा गांव की रहने वाली 65 वर्षीय वृद्धा सुनीता बीडी पीने की शौकीन है। बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से सुनीता अपनी किसी रिश्तेदारी में बड़ौत आई हुई थी। जहां मंगलवार की देरशाम वह खाना खाने के बाद बीडी पीने लगी। इसी दौरान बीडी का पतंगा सुनीता के कपड़ों पर गिर गया। देखते ही देखते कपड़ों में आग लग गई। आग की लपटों में घिरी वृद्धा सुनीता ने शोर मचाया, तो परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने जैसे-तैसे आग बुझाई। इसके बाद वे वृद्धा को उपचार के लिए अस्पताल ले गए।

जहां से चिकित्सकों ने वृद्धा को हॉयर सेंटर रेुर कर दिया। परिजन तुरंत ही वृद्धा सुनीता को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने वृ)ा का उपचार शुरू कर दिया है। जिला अस्पताल के सीएमएस डा. अनुराग वार्षेय ने बताया कि वृद्धा की हालत अब खतरे से बाहर है।

## बागपत के यश यादव ने फेडरेशन कप में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना सहबानपुर के यश यादव ने हिमाचल प्रदेश के कागड़ा जिले मे हुई सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैट फाउंडेशन कप प्रतियोगता मे पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीत गांव और जिले का नाम रोशन किया।

गौना सहबानपुर निवासी यश यादव ने 2 से 5 नवम्बर 2025 तक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रैट (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित फेडरेशन कप इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 किलोग्राम ओपन एज कैटेगरी में स्वर्ण पदक हासिल कर गांव और जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा किया गया था,यश यादव ने कुल 475 किलोग्राम (स्क्वाट 172.5 किग्रा, बेंच प्रेस 112.5 किग्रा, डेडलिफ्ट 190 किग्रा) का शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्रतियोगिता में देशभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। यश यादव एक किसान परिवार से संबंध रखते हैं, उन्होंने अपनी इस जीत का श्रेय अपने माता-पिता और पूरे परिवार को दिया है, जिनके सहयोग और आशीर्वाद से उन्होंने यह सफलता हासिल की,यश यादव इससे पहले भी कई राष्ट्रीय स्तर की पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं, और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, यश ने अपने राज्य उत्तर प्रदेश और जिले बागपत का नाम गर्व से रोशन किया है, वे अपने गांव में एक देसी जिम चलाते हैं,

जहां वे युवाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा दे रहे हैं। अब यश यादव आगामी मई 2026 में आयोजित होने वाली 'इक्विप्ड एशियनपावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। यश का कहना है कि उनका सपना है कि वह अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का तिरंगा लहराये।










## एक नजर

## गंगा स्नान पर्व के मद्देनजर एएसपी ने लिया पक्का घाट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर्व के मद्देनजर एएसपी प्रवीण कुमार चौहान ने कोतवाली क्षेत्र के पक्का घाट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पारंपरिक मेले और श्रद्धालुओं की सुरक्षा तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया। एएसपी चौहान ने घाट पर बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, पार्किंग स्थलों, प्रकाश व्यवस्था और गोताखोरों की तैनाती का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की भीड़ के दौरान सुरक्षा में कोई लापरवाही न हो। उन्होंने जल पुलिस और गोताखोरों को सतर्क रहने तथा नदी किनारे सुरक्षा घेरा सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए एएसपी ने आने-जाने वाले मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए, ताकि जाम की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी प्रकाश व्यवस्था और सार्वजनिक सूचना प्रणाली को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया। एएसपी चौहान ने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ डयूटी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। इस निरीक्षण के दौरान स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, थाना प्रभारी और संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## अधिशासी अधिकारी ने दी योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उपभोक्ताओं को अपनी छत पर सोलर रूफटॉप पैनल स्थापित करने पर सरकार आकर्षक सब्सिडी प्रदान कर रही है। यह संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन है और उपभोक्ता पर जाकर बिजली बिल एवं आधार कार्ड अपलोड कर आसानी से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने ने बताया कि 2 किलोवाट पर 90 हजार की सब्सिडी योजना के अनुसार 2 किलोवाट का सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने पर लगभग 1,30,000 की लागत आती है, जिसमें सरकार की ओर से 90,000 की सब्सिडी सीधे दी जाएगी। इस प्रकार उपभोक्ता को मात्र 40,000 का व्यय करना होगा। वहीं 3 किलोवाट से अधिक क्षमता वाले रूफटॉप सिस्टम पर 1,08,000 की सब्सिडी का प्रावधान है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को बैंक द्वारा 7 प्रतिशत ब्याज दर पर 2 लाख तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 फरवरी 2024 को इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य हर घर को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाना है। इससे न केवल बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी, बल्कि अतिरिक्त विद्युत उत्पादन को ग्रिड में भेजकर उपभोक्ता आय भी अर्जित कर सकेंगे। पिछले माह जिलाधिकारी ने योजना की समीक्षा बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगर निकाय को इस योजना के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। उसी क्रम में नगर निकायों में लगे शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना में योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए पंजीकरण कराए जाने के लिए सभी से आवाहन किया।

## मोबाइल फोन पर ठगों का जाल युवक से ठगे 40 हजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** एक युवक से साइबर ठगो ने हजारो की नगदी ठग ली मोबाइल फोन पर लगातार साइबर क्राइम बढता जा रहा है लोग झासे मे आकर साइबर ठगो का शिकार हो रहे है। रटौल निवासी इजराइल पुत्र शौकीन ने बताया कि साइबर ठगो ने उसे दोगुना पैसा करने और ईनाम निकलने के नाम पर थोड़े थोडे कर चालीस हजार रूपये अपने मोबाइल मे डलवा लिये। बाद मे युवक को पता चला की वह साइबर ठगो के झासे मे आ गया है। दरअसल आनलाईन कारोबार के नाम पर भी हाल बेचने के नाम पर भी ठगी चल रही है जिसमे साइबर ठग कपड़े बेचने से लेकर अन्य समान बेचने के नाम पर सस्ते दाम का लालच दे।

लोगो से पैसा डलवा लेते है बाद मे जब वह डिलवरी नही होता है तो साइबर ठगी का पता चलता है। 500 से लेकर हजार रूपये तक की ठगी को लोग नजर अंदाज कर देते है जिससे साइबर ठगो के हौसले बुलंद है। इसलिए मोबाइल फोन पर कोई आफर दे तो समझ जाये आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डूबकी

## प्रशासन ने हेलीकॉप्टर से गंगा स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर की पुष्प वर्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के जयकारों के बीच गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और पुण्य अर्जित किया। इस दौरान एसडीएम इला प्रकाश द्वारा हेलीकॉप्टर के माध्यम से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। स्नान पर्व के दौरान पुष्पवर्षा से साधु संत और श्रद्धालु गदगद नजर आए। जैसे ही आसमान में हेलीकॉप्टर की गड़गड़ाहट सुनाई दी, सभी को आभास हो गया कि योगी सरकार द्वारा उन पर पुष्पवर्षा होने वाली है। जैसे ही गुलाब की पंखुड़ियां श्रद्धालुओं पर पड़ीं, पूरा वातावरण गंगा मइया की जय के नारों से गुंजायमान हो गया। कार्तिक





पूर्णिमा के पावन अवसर पर गढ़ के खादर क्षेत्र और बृजघाट में लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान एसडीएम इला प्रकाश ने हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया और उन्हें मेले की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों और ज़िलों से आए करीब 40 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डूबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने इस दौरान पितृरों का तर्पण करने के बाद गरीबों को खिचड़ी व भोजन, वस्त्र आदि दान किया।

इस दौरान पुलिस प्रशासन की पूरी तरह अलर्ट रहा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी कार्तिक पूर्णिमा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर लगातार गढ़ मेले और घाटों का निरीक्षण करते रहे। मेले के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी।

# किसान के खेत में निकला 8 फीट लम्बा विशालकाय अजगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में बुधवार को किसान के खेत में एक विशालकाय अजगर निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। विशालकाय अजगर को देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अजगर निकालने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद करीब 8 फीट लम्बे विशालकाय अजगर का सफल रेसक्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार गांव आलमगीरपुर में किसान ने ज़ब अपने ईख के खेत में विशालकाय अजगर को रेंगते हुए देखा तो उनके होश उड़ गए। अजगर निकलने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ अजगर को देखने के लिए जमा हो गई। अजगर निकालने की सूचना



ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलती ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्क़त के बाद विशाल. काय अजगर का सफल रेस्क्यू किया। वन विभाग की टीम ने अजगर का रेसक्यू करने के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 3 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 7 मोटर साइकिल, 3 फर्जी नम्बर प्लेट और अवैध हथियार बरामद किया है।

थाना देहात प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के गौंदी सलाई कट के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को तीन लोग आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने ज़ब उन्हें रोककर जाँच की तो पता चला कि वह अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के सदस्य है। पुलिस ने उन्हें तुरंत हिरासत में लें लिया और थाने लें आई। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 2 बुलेट मोटर साईकिल, 4 हीरो स्पलेन्डर मोटर साईकिल, एक हीरो सीडी डीलक्स मोटर साईकिल, 3 फर्जी नम्बर प्लेट व फर्जी मोहर, एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर और एक अवैध चाकू बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वाहन चोरों द्वारा एनसीआर क्षेत्र व अन्य जनपदों से वाहनों को चोरी करके उनके चेसिस व इंजन नम्बर से छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। उन्होंने बताया कि यह शातिर किस्म के वाहन चोर हैं, जिनके खिलाफ जनपद हापुड़,



गाजियाबाद, बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर व मेरठ में चोरी व आर्म्स एक्ट आदि अपराधों के करीब 5 दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज है। वाहन चोरों की पहचान दानिश उर्फ समीर पुत्र इरशाद निवासी मवाना रोड नई बस्ती कस्बा व थाना किठौर जनपद मेरठ, अजय उर्फ बब्बू पुत्र संतराम निवासी ग्राम भटैल थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ और सद्दाम पुत्र यूसुफ निवासी बिलाल मस्जिद के पास मौहल्ला वगडान थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# सरस्वती इंस्टिट्यूट में हार्ट अटैक विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम के तहत, सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एंड हॉस्पिटल, पिलखुवा ने यंगस्टर्स में हार्ट अटैक विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स हापुड़ के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जोखिम कारकों को समझना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व को बताना था।

कार्यक्रम में डा. राहुल रामटेके, सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट, सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस ने यंगस्टर्स में बढ़ते हार्ट अटैक पर एक अत्यंत जानकारी सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने तनाव, धूम्रपान, खराब खान-पान, शारीरिक निष्क्रियता और अत्यधिक कार्य-दबाव जैसे प्रमुख कारणों पर विस्तार से चर्चा की, जो युवाओं में हृदय रोगों की बढ़ती घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। डा. राहुल ने शुरुआती लक्षणों जैसे छाती में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, थकान और हाथ या जबड़े में दर्द की पहचान और समय पर चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन और वार्षिक स्वास्थ्य जांच जैसी रोकथाम संबंधी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साझा की गई



उपयोगी स्वास्थ्य जानकारी के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन एन वर्दाराजन, जनरल मैनेजर, सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के मार्गदर्शन और समन्वय में किया गया। जिन्होंने पूरे आयोजन की रूपरेखा को प्रभावी ढंग से संचा. लित किया। जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स की ओर से प्रोफेसर डा. सुभाष गौतम, डायरेक्टर जनरल डा. आयुष सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर डा. रोहन सिंघल, सेक्रेटरी डा. साक्षी, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रहे। सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एंड हॉस्पिटल, पिलखुवा हापुड़ अपने मिशन उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सामुदायिक कल्याण को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रहा है। संस्थान स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों और आउटरीच प्रोग्राम्स के माध्यम से समाज को अधिक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

# अरमान हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने गांव असौड़ा निवासी अरमान पर चाकू से वार कर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से आलाकत्ल चाकू बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए हत्यारोपी अमन पुत्र तौहीद ने पैसों के लेनदेन को लेकर अपने छोटे भाई के साथ मिलकर पैसे के लेनदेन को लेकर अरमान की चाकू से वार कर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। सम्बंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरो. पियों की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने गांव असौड़ा निवासी अरमान पर चाकू से वार



कर मौत के घाट उतारने की घटना में संलिप्त हत्यारोपी अमन पुत्र तौहीद निवासी ग्राम असौडा थाना हापुड देहात जनपद हापुड को गौशाला चौराहा के पास ग्राम असौड़ा से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू बरामद हुआ है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अवैध हथियार के साथ फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने के मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। युवक के कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज मलिक ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक युवक का अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल हुआ था। जिसका थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा संज्ञान लेकर फोटो में दिखाई दे रहे युवक की पहचान कराई तो उसकी पहचान मोहित पुत्र विजेंद्र उर्फ विरेन्द्र निवासी ग्राम सलारपुर थाना बहाद.



ुरगढ़ जनपद हापुड के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड करने वाले युवक को ग्राम सलारपुर से नानई जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारत. ूस 315 बोर बरामद हुआ है। आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर मुक. दमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### एंटी रोमियो टीम ने मनचलों के खिलाफ चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ या फब्तियां कसने वाले मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से जिला में एंटी रोमियो स्क्वाड टीम सक्रिय दिखी। ज़िलें की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूल,पार्क और मंदिरों के बाहर एसपी के निर्देशन में तैनात दिखी। टीम ने ज़िलें में स्थित स्कूलों में छात्राओं से बात कर उन्हें हेल्प लाइन नंबरों और अपराध से लड़ने के संबंध में जागरूक किया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में एन्टी रोमियों टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत स्कूलों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध युवकों को डांट फटकार लगाई गई। पार्क और बाग-बगीचों में टहलने जाने वाली महिलाओं या युवतियों पर फब्तियां करने वाले बिगड़ैल युवक गायब दिखे। मनचलों में टीम की दहशत देखते ही बन रही थी। ज़िलें के थानों की एंटी रोमियों टीमों, महिला सुरक्षा दल द्वारा प्रमुख बाजारों, गांव, कस्बों, पार्कों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों के आस-पास मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग कर अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध युवकों से पूछताछ कर उन्हें सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया।

### अवैध चाकूओं के साथ दो संदिग्ध युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से दो अवैध चाकू बरामद किए है।

थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि थाना हापुड नगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस ने किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे दो संदिग्ध युवकों को शिवगढ़ी नाले के पास व चौकी सिकन्दर गेट नाले के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि संदिग्ध युवकों की पहचान सलीम उर्फ पठान पुत्र इकरामुद्दीन निवासी मौहल्ला मजीदपुरा गली नं 11 थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ और अमन पुत्र अख्तर निवासी मौहल्ला मदरसा सादात थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# फर्जी अफसर बनकर दी जान से मारने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डूहरी में बुधवार को एक परिवार को फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। अज्ञात कॉलर ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए परिवार से गाली-गलौज की और डराने-धमकाने का प्रयास किया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में दहशत फैल गई।

ग्राम डूहरी निवासी संदीप तोमर ने बताया कि बुधवार सुबह उनकी पत्नी के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी। आरोपी ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया और जान से मारने की धमकी दी। भयभीत परिवार ने तुरंत कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से सुरक्षा की मांग की। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कॉल डिटेल की जांच शुरू कर दी है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। जांच जारी है और पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। आरोपी की पहचान होने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कार्तिक पूर्णिमा मेले में हाइवे पर जाम, श्रद्धालुओं व यात्रियों को भारी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कार्तिक पूर्णिमा मेले के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर वाहनों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही श्रद्धालुओं से भरी बसें, निजी कारें और अन्य वाहन मेले की ओर बढ़ने लगे, जिससे छिजारसी टोल प्लाजा पर लंबा जाम लग गया। पुलिस और टोल कर्मियों ने लगातार प्रयास कर जाम में फंसे वाहनों को निकालने की कोशिश की, लेकिन दोपहर तक जाम और गंभीर रूप ले चुका था।

शाम होते-होते हाइवे पर जगह-जगह वाहनों की कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग थकान के चलते सड़क किनारे आराम करते नजर आए। महिलाओं



और बच्चों को शौचालय और पेयजल की कमी से जूझना पड़ा। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस ने अतिरिक्त फोर्स तैनात की। टोल कर्मियों ने भी वाहनों को तेजी से निकालने के लिए जी-जान से प्रयास किया। टोल मैनेजर संदीप यादव ने बताया कि कार्तिक मेले के कारण वाहनों की संख्या असामान्य रूप से बढ़ गई थी, फिर भी टोल पर रुकावट न्यूनतम रखने का प्रयास किया गया। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि पुलिस लगातार निगरानी रखे हुए है। गुरुवार को भी मेले की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी ताकि यातायात सामान्य बना रहे।

### बीच-बचाव करने गए युवक से मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रमपुरा में मंगलवार रात झगड़ा रोकने गए युवक पर दो भाइयों ने डंडे से हमला कर दिया। डंडे में लोहे का छल्ला लगा होने से युवक घायल हो गया। अचानक हुई इस घटना से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के नवरंगपुरी निवासी सहज चौधरी ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे आरिफ और उसका भाई दानिश उर्फ मेढक मोहल्ला रमपुरा में किरायेदार मानव से विवाद कर रहे थे। जब उन्होंने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो दोनों भाइयों ने उन पर डंडे से हमला कर दिया और धमकी दी।

शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब दोनों आरा. पी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल कराया और आरोपित आरिफ व दानिश के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मौके से मिले साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धा और भक्ति में डूबा पिलखुवा, गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर निकली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रेलवे रोड गुरुद्वारा में बुधवार को गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास से मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर की सभी सिख संगतों ने मिलकर कार्यक्रम में भाग लिया। सुबह से ही गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत रागी जत्थे ने मधुर गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई, जो रेलवे रोड से प्रारंभ होकर जवाहर बाजार, गांधी रोड सहित नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस रेलवे रोड गुरुद्वारा पर पहुंचकर संपन्न हुई।



रास्ते भर श्रद्धालुओं ने कीर्तन करते हुए गुरु नानक देव के उपदेशों का प्रचार किया।

गुरुद्वारा परिसर में गुरु का लंगर वितरित किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे नगर में दिनभर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में सुनीता खुराना, नेहा खुराना, अजय सिंह सेवादार, राजा खुराना, मोंटू खुराना, परमजीत सलूजा, परमजीत अरोड़ा और हरभजन सिंह का विशेष योगदान रहा।

# संस्कृति के विद्यार्थियों ने किया आगरा के होटल में शैक्षिक भ्रमण

**मथुरा।** संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का एक दल ने ग्रांड मरक्योर(एकोर होटल्स) आगरा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य आतिथ्य क्षेत्र के छात्रों को पाँच सितारा होटलों में अपनाई जाने वाले संचालन, सेवाओं और प्रबंधन पद्धतियों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस भ्रमण के दौरान संस्कृति के विद्यार्थियों ने होटल विभागों, अतिथि प्रबंधन प्रक्रियाओं और आतिथ्य उद्योग में अपनाए जाने वाले पेशेवर मानकों के बारे में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

इस दल में संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के 66 छात्र, तीन संकाय सदस्य गगन शर्मा, शुभांगी सक्सेना, और कपिल शर्मा शामिल थे। बीएचएम प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) का एक औद्योगिक दौरा आयोजित किया गया, जिसमें कुल 34 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरे का समन्वय और संचालन श्री गगन शर्मा, सहायक प्रोफेसर द्वारा, विभागाध्यक्ष श्री रतीश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) पहुँचने पर विद्यार्थियों के इस दल का होटल के एचआर मैनेजर सचिन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सत्र की शुरुआत ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) के इतिहास, ब्रांड विरासत और सुविधाओं पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति के साथ हुई। प्रस्तुति के बाद, सुश्री लवीना जैन (एल एंड डी प्रबंधक) और विशाल सिंह ने छात्रों को होटल के विभिन्न विभागों के बारे में बारीकी से जानकारियां दीं। छात्रों ने एक संवादात्मक सत्र में भी भाग लिया जिसमें होटल के अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने पेशेवर अनुभव और परिचालन संबंधी जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। छात्रों ने उत्साह के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण में में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे उन्हें होटल संचालन और उद्योग मानकों के बारे में बहुमूल्य व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। इस यात्रा का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें एकॉर होटल्स के प्रबंधन और कर्मचारियों के प्रति उनके उत्साही आतिथ्य और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के डीन डा. रतिश शर्मा ने बताया कि इस यात्रा ने छात्रों की वास्तविक दुनिया के होटल संचालन और प्रबंधन प्रथाओं की समझ को समृद्ध किया। इसने उन्हें सैद्धांतिक अवधारणाओं को व्यावहारिक अनुप्रयोगों से जोड़ने में भी मदद की, जिससे पेशेवर विकास और भविष्य के उद्योग अनुभव के लिए तत्परता को बढ़ावा मिला। होटल के सचिन, मानव संसाधन प्रबंधक, सुश्री लवीना जैन (प्रबंधन एवं विकास प्रबंधक) और विशाल सिंह को संस्कृति विवि के दल की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संस्कृति विवि के होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का दल शैक्षणिक भ्रमण पर आगरा स्थित ग्रांड मरक्योर(एकोर होटल) में।

# कार्तिक पूर्णिमा! 30 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध तिगरी गंगा मेले में बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पतित पावनी, देवनदी गंगा में 30 लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और गंगा मैया से अपने परिवार में सुख, स्मृद्धि की कामना की। गंगा घाटों पर दूर दूर तक श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखाई दिए। मुख्य स्नान के चलते पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिए मंगलवार की रात्रि से ही श्रद्धालु गंगा घाटों पर एकत्र होना प्रारंभ होना शुरू हो गए थे। मध्यरात्रि के 12 बजने के बाद से ही गंगा घाटों पर स्नान प्रारंभ हो गया था। भोर होते होते गंगा घाटों पर इतनी भीड़ हो गई कि दूर दूर तक केवल और केवल श्रद्धालु ही दिखाई दे रहे थे। तटों पर गंगा मैया के जयकारे गूंज रहे थे, संत महात्माओं के मुख से हर हर गंगे, नमामि नमामि गंगे के उच्चारण से आस्था की बयार बह रही थी। वृद्धों व बच्चों को परिजन अपना हाथ पकड़कर स्नान कर रहे थे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा मैया में प्रसाद चढ़ाकर घर परिवार की सुख, स्मृद्धि की कामना की तो वहीं भोर के समय उगते हुए सूर्य को भी अर्ध्य प्रदान किया। पुरोहितों से कथा का जाप कराके मस्तक पर चंदन व रोली का तिलक भी लगाया। श्रद्धालुओं ने

### हर हर गंगे के जयकारों से गूंजा वातावरण

पुरोहितों व निर्धनों को खुले मन से दान दिया। बुधवार की शाम तक गंगा में स्नान चलता रहा। वहीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बरती। महिला पुलिसकर्मियों ने मुख्यत घाटों व सदर चौक पर बनाए गए वाच टावरों से शरारती तत्वों पर नजर रखी, वहीं पीएसी के गोताखोरों ने स्टीमर द्वारा घाटों पर पैट्रोलिंग की और श्रद्धालुओं से गहरे जल में स्नान न करने की अपील की। ड्रोन कैमरे व सीसीटीवी कैमरे के जरिये भी पुलिस ने मेले की गतिविधियों पर नजर रखी। सादी वर्दी में भी पुलिस तैनात रही और अश्वारोही दल समेत बम निरोधक दस्ता, एएस चेक टीम, डाग स्कवायड, स्थानीय अभिसूचना इकाई आदि टीमों ने भी मेला क्षेत्र में भ्रमण करके संदिग्धों पर नजर रखी। डीएम निधि गुप्ता वत्स एवं एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया, एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, सीओ अंजलि कटारिया, मेला प्रभारी कर्णपाल सिंह आदि ने घाटों एवं मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। मेला क्षेत्र में चार हजार पुलिसकर्मियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गई। पीएसी के गोताखोर भी तैनात रहे।

## साधु संतों व नागा साधुओं ने भी किया गंगा स्नान, भोर में सूर्य को अर्ध्य किया प्रदान


गजरौला। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तिगरीधाम में गंगा तट पर आस्था की डुबकी लगाने को उमड़े श्रद्धालु।

### फूल प्रसाद चढ़ाकर मांगा आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने फूल और प्रसाद चढ़ाकर सुख व स्मृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इतना ही नहीं पुरो. हितों व निर्धनों को नकद धनराशि, दाल व चावल, वस्त्र आदि का दान भी किया। पुरोहितों ने श्रद्धालुओं के हाथ में कलावा और मंत्रोच्चार करके संकल्प भी कराया।

### बच्चों का मुंडन संस्कार कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने शिशुओं का मुंडन संस्कार कराया। श्रद्धालु ढ़ोल नगाड़ों के साथ बच्चों का मुंडन कराने के लिए घाटों पर पहुंचे और मुंडन संस्कार कराया। त्रयोदशी से लेकर पूर्णिमा तक तीनों दिन मुंडन संस्कार होते हैं। श्रद्धालुओं ने मुंडन कराने के बाद गंगा स्नान किया।

**इस बार तिगरी में 21 गंगा घाट बनवाए गए थे, प्रत्येक घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। दूर दूर तक श्रद्धालुओं के सिर ही सिर दिखाई दे रहे थे।**


गजरौला। मुख्य स्नान के बाद घरों को लौटते श्रद्धालु

## आ अब लौट चलें... स्नान के बाद ही शुरू हो गई वापसी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** जिस गंगा मेले को आयोजित कराने के लिए एक महीने से अधिक तैयारियां होती हैं, कई कई दिन तक लाखों श्रद्धालु अपने अपने तंबु डालकर गंगा की रेती में प्रवास करते हैं, वे कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के बाद से ही घरों को वापसी करनी शुरू कर देते हैं।

बुधवार को भी ऐसा ही हुआ, पुलिस और यातायात विभाग ने बनाए गए रूट प्लॉन के अनुसार ही श्रद्धालुओं को कांकाठेर ओसीता जगदेवपुर मार्ग से होकर हाइवे की ओर निकाला। यातायात व्यवस्था संभालने में पुलिस को

### श्रद्धालुओं के ट्रैक्टर ट्रालियों की लगीं कतारें

**गजरौला।** पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं को कांकाठेर से ओसीता जगदेवपुर होते हुए हाइवे मार्ग को तय किया था। निर्धारित मार्ग से ही श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्रालियों को निकलवाया गया। दिन भर इस मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी कतारें लगीं रहीं। वहीं कारों, बसों, निजी वाहनों व कुछ ट्रैक्टर ट्रालियों को तिगरी गजरौला मार्ग से निकलवाया गया। जगह जगह पुलिस और यातायात पुलिस मुस्तैद रही।

### कांकाठेर से आसीता होकर हाइवे की ओर निकाले गए श्रद्धालु

कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। तिगरी व कांकाठेर मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी कतारें लगीं रहीं। शाम तक श्रद्धालुओं के लौटने का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं ने जाते समय गंगा मैया को प्रणाम किया और कहा कि अगले वर्ष गंगा मैया हमें फिर से बुलाना। वहीं जिस मेला क्षेत्र में मुख्य स्नान की पूर्व संध्या तक दूर दूर तक तंबु ही तंबु नजर आ रहे थे, वहां पर अब खालीपन दिखाई देना शुरू हो गया है।

## पूर्व विधायक ने की खिचड़ी वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में पूर्व विधायक हरपाल सिंह एवं व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के नगराध्यक्ष राजु यादव ने खिचड़ी का वितरण किया। बता दें कि

### कार्तिक पूर्णिमा पर खिचड़ी की महत्ता

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर खिचड़ी खाने और दान करने की परम्परा है।

## स्काउट ने 700 खोए हुए बच्चों व बड़ों को परिजनों से मिलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** तिगरी मेले में सदर चौक पर सूचना सहायता एवं सेवा शिविर के माध्यम से सेवाएं दे रहे स्काउट बच्चों ने खोए हुए 700 बच्चों, महिलाओं व वृद्धजनों को उनके परिजनों से मिलाया, इतना ही नहीं मेले की यातायात व्यवस्था, और स्वच्छता में भी सहयोग किया।

शिविर 30 अक्तूबर से प्रारंभ हो गया था। मुख्य स्नान के दिन तक 700 बच्चों, महिलाओं व वृद्धजनों को उनके परिजनों से मिलाया गया। जनपद के 30 से अधिक स्कूलों के

### मेला क्षेत्र में 450 से अधिक स्काउट रहे तैनात

450 से अधिक स्काउट व 50 स्टॉफ के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे। शिविर प्रभारी अनिल कुमार, शिविर संचालक अजय कुमार, सूचना केन्द्र प्रभारी अतुल कौशिक, सह प्रभारी अजय कुमार, साहित्य प्रभाकर व अजय सिंह चौहान, आवासीय व्यवस्था प्रभारी डॉ.जोगेन्द्र सिंह समेत सुरजीत पटेल, प्रीति चौधरी मौजूद रहे।

### डेढ़ लाख की नकदी सहित पांच लाख रुपये के आभूषण ले गए चोर

# बीएसएफ के रिटायर सब-इंस्पेक्टर के घर में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** पौत्र के मुंडन संस्कार के लिए सपरिवार तिगरी गए बीएसएफ के रिटायर सब-इंस्पेक्टर के घर से चोरों ने डेढ़ लाख रूपये की नकदी व पांच लाख रूपये की कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। दिन निकले ही हुई इस घटना के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया। आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी भी चैक कराए ग।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला

### घटना के समय मुंडन संस्कार कराने मेला गया था परिवार

मानसरोवर कॉलोनी में बीएसएफ के सेवा. निवृत सब-इंस्पेक्टर शिव कुमार शर्मा का आवास है। उनके पुत्र अमित शर्मा नगर में स्थित तेवा एपीआई लिमिटेड में इंस्ट्यूमेन्ट डिपार्टमेंट में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शिवकुमार शर्मा अपने पुत्र अमित शर्मा, पुत्रवधु शिवानी शर्मा, पुत्री रिंकी शर्मा आदि सहित अन्य कुछ स्वजन के साथ तिगरी मेले में एक वर्षीय पौत्र वेदांत भारद्वाज के मुंडन संस्कार के लिए सुबह साढ़े पांच बजे घर से निकले थे। घर के मुख्य द्वार समेत अंदर के कमरों में भी ताले लगे



थे। चोरों ने बंद मकान का मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य द्वार के लॉक की कड़ी निकालकर गेट खोल किया और अंदर घुसकर कमरें में लगा लॉक काट लिया। यहाँ रखी सेफ आलमारी का ताला तोड़कर लॉकर में रखी नकदी और शिवानी शर्मा के सोने चांदी से निर्मित आभूषण चोरी कर लिए। चार गुल्लकों को फोड़कर भी नकदी भी चुराई। शिवकुमार शर्मा की दिवंगत पत्नी स्व.वीरबाला शर्मा के संदूक का ताला तोड़कर उसे भी खंगाला। घटना को अंजाम देकर चोर फरार हो गए।

सुबह 9:00 जब परिवार के लोग तिगरी मेले से वापस लौटे तो घर का मुख्य गेट खुला देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर जाकर तो कमरों में सभी सामान अस्त-व्यस्त था और नकदी व आभूषण गायब थे। अमित शर्मा ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी भी चेक किए। गृहस्वामी की ओर से डेढ़ लाख रुपये की नकदी और पांच लाख रुपये के आभूषण चोरी करने का उल्लेख करते गए पुलिस को तहरीर दी गई है।


गजरौला। मुख्य स्नान के बाद प्रसाद खरीदते श्रद्धालु।


गजरौला। मेले में मौत के कुंए का आंनद लेते श्रद्धालु।



## बाजारों व झूले-तमाशों में उमड़ी भीड़

### मुख्य स्नान के दिन श्रद्धालुओं ने जमकर की खरीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** तिगरी मेले में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की भीड़ से मेले के बाजार अटे रहे तो वहीं झूले तमाशों पर भी जमकर भीड़ उमड़ी। खानपान से लेकर हर सामान की दुकानें यहां पर उपलब्ध रहीं जहां से श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मेले के बाजारों से जमकर खरीदादारी की। मीना बाजार हो या फिर मनोरंजन चौकी क्षेत्र में लगी दुकानें, हर दुकान पर ग्राहकों की भीड़ ही भीड़ दिखाई। मेले में कोई बाजार ऐसा नहीं था, जहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ न दिख रही हो। महिलाओं ने सौन्दर्य प्रसाधन की दुक. ानों से जमकर खरीददारी की। चारों ओर उल्लास ही उल्लास नजर आया।

### दिन निकलते ही दिया घटना को अंजाम

**गजरौला।** चोरों ने गृहस्वामी व परिवार के सदस्यों को जाने के बाद कुछ ही समय में घटना को अंजाम दे दिया। घटना सुबह छह बजे के बाद हुई, उस समय मोहल्ले के मार्ग पर लोगों की ज्यादा चहलकदमी भी नहीं थे। इक्का दुक्का लोग ही आ जा रहे थे। सुबह के समय नींद भी गहरी ही रहती है, यही कारण रहा कि पड़ोसियों को भी चोरों की आहट का कुछ पता नहीं चल सका।

## संयुक्त मोर्चा ने चलाया सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव चौधरी चंद्रपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, जिला संरक्षक चौधरी चरण सिंह, मंडलाध्यक्ष राहुल सिद्धू, मीडिया प्रभारी हिमांशु वर्मा, सोनू कुमार, मिथुन सिंह, हितेश कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

# लीलौर झील पर फैमिली ट्रेन-ट्रैक का उद्घाटन

**पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने किया शुभारंभ, पर्यटक गेस्ट हाउस की नींव रखी**





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने हाल ही में बरेली जनपद की तहसील आंवला के रामनगर स्थित ऐतिहासिक लीलौर झील में फैमिली ट्रेन और ट्रैक का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार, सदस्य विधान परिषद कुंवर महाराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक नवाबगंज एमपी आर्या और जिलाध्यक्ष भाजपा (आंवला) आदेश प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने झील में नौका विहार का आनंद लिया और फैमिली ट्रेन में सफर किया। पशुधन मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भूमि पूजन कर यहाँ बनने वाले पर्यटक गेस्ट हाउस की भी नींव रखी।

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि महाभारत काल में भी इस यक्ष सरा. वर का उल्लेख मिलता है। उन्होंने कहा कि यह भोग की नहीं, बल्कि योग की भूमि है। उन्होंने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लीलौर झील को एक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे यह मनोरम झील पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

मंत्री ने स्थानीय निवासियों को होम स्टे नीति के तहत पर्यटकों को नियमानुसार अपने घरों में भोजन और ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराकर रोजगार प्राप्त करने का सुझाव दिया। उन्होंने क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखने और आने वाले पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार करने की अपील की।

कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि महाभारत कालीन यह यक्ष सरोवर पूरे बरेली मंडल के लिए धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित की जा रही सुविधाओं के साथ यह मंडल निवासियों के लिए पर्यटन का एक प्रमुख स्थान बनेगा।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने लोगों से झील को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करने का आग्रह किया, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक यहाँ आ सकें। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि बरेली जनपद वासियों और अन्य पर्यटकों की सुविधा के लिए लिलौर झील तक ई-बसों का संचालन किया जाएगा।

गर्मी के मौसम में झील का जल स्तर बना रहे इसके लिए नलकूप भी लगाए गए हैं, जो पानी की आपूर्ति करते रहेंगे। इसलिए झील का विकास नैनीताल झील की तर्ज पर किया जायेगा। अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि अभी चार डिब्बों की फैमिली ट्रेन चलायी गयी है, शीघ्र ही एक किलोमीटर के दायरे में ट्रेन चलेगी और बाद में इसे 52 हेक्टेयर की झील के चारों तरफ इसे चलाने की योजना है। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी वि/रा संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग विनय शर्मा, उप निदेशक पर्यटन रविंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पशुधन मंत्री ने निराश्रित गोवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाई

लीलौर ग्राम में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने निराश्रित गोवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाने की पहल का शुभारंभ किया। मंत्री धर्मपाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि रेडियम बेल्ट पहनाने से सड़क पर बैठे या चल रहे गोवंशों की उपस्थिति वाहन चालकों को रात में आसानी से दिखाई देगी। इससे वाहन की लाइट पड़ने पर चालक को गोवंश का पता चल सकेगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। मंत्री ने बताया कि इससे गोवंश और इंसान दोनों सुरक्षित रहेंगे, जिससे आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनमोहन पाण्डेय ने भी गोवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाई।

## बिजली का बिल निपटाने के नाम पर 65 हजार की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी मलखान सिंह पुत्र दुली राम से बिजली का बकाया बिल निपटाने के नाम पर 65 हजार रुपये की ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। रुपये न लौटाने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया कि मलखान सिंह के घरेलू विद्युत कनेक्शन का बिल करीब एक लाख रुपये हो गया था, जिस पर उनके विरुद्ध मुकदमा एक्ट कोर्ट बरेली में विचाराधीन है। लगभग एक वर्ष पूर्व क्षेत्र बहर जागीर निवासी थाना क्योल्डिया व गुलशन नगर (गन्ना सोसायटी के पीछे) निवासी नवाबगंज उनके घर पहुंचे और बिल को 65 हजार रुपये में निपटा देने का झांसा दिया। मलखान उनके बहकावे में आ गए और उन्हें 65 हजार रुपये दे दिए। आरोप है कि आरोपी ने एक महीने में बिजली बिल निपटाने की बात कही थी, लेकिन एक साल बीतने के बाद न तो बिल जमा हुआ और न ही रुपये वापस मिले। जब पीड़ित ने पैसे की मांग की तो आरोपियों ने मारपीट और धमकी पर उतर आए तथा पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया। पीड़ित मलखान सिंह ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस बारे में कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### घर में घुसकर महिला से की अश्लीलता जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एक गांव में बुधवार दोपहर एक महिला के साथ अश्लीलता और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता पूजा पत्नी अर्जुन ने बताया कि वह दोपहर करीब 11:30 बजे घर पर अकेली थीं। इसी दौरान पड़ोस मे किराये पर कमरा लेकर रह रहे ग्राम रिछौला चौधरी हाल निवासी थाना क्षेत्र के गांव के दो लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए अश्लीलता व मारपीट करने लगे। पीड़िता के मुताबिक, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। किसी तरह बचकर उसने शोर मचाया, जिसके बाद लोग वहां से चले गए। घटना के बाद पीड़िता थाने पहुंची और लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद से वह व उसका परिवार भय के साए में हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### त्रिपुरासुर का बध कर त्रिपुरारी कहलाए भगवान शिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** हिंदू धर्म में पूर्णिमा का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष बारह पूर्णिमाएं होती हैं। जब अधिकमास व मलमास आता है तब इनकी संख्या बढ़कर तेरह हो जाती है।



कार्तिक पूर्णिमा जो आज है उस को त्रिपुरी पूर्णिमा व गंगा स्नान के नाम से भी जाना जाता है। इस पूर्णिमा को त्रिपुरी पूर्णिमा की संज्ञा इसलिए दी गई है क्योंकि आज के दिन ही भगवान भोलेनाथ ने त्रिपुरासुर नामक महाभयानक असुर का अन्त किया था और वे त्रिपुरारी के रूप में पूजित हुए थे। ऐसी मान्यता है कि इस दिन कृतिका में शिव शंकर के दर्शन करने से सात जन्म तक व्यक्ति ज्ञानी और धनवान होता है। इस दिन चन्द्र जब आक.ाश में उदित हो रहा हो उस समय शिवा, संभूति, संतति, प्रीति, अनुसूया और क्षमा इन छ: कृतिकाओं का पूजन करने से शिव जी की प्रसन्नता प्राप्त होती है। इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से भी पूरे वर्ष स्नान करने का फल मिलता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन परिक्रमा भी होती है। लाखों लोग यहाँ आकर परिक्रमा करके पुण्य कमाते हैं। अरुणाचलम पर्वत पर कार्तिक स्वामी का आश्रम है वहां उन्होंने स्कन्दपुराण का लिखान किया था।

### क्षेत्रीय अधिकारियों के खिलाफ किया वाद दायर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** अधिवक्ता शकेब अली ने अपर आयुक्त न्यायिक द्वितीय बरेली मंडल बरेली के यहाँ एक वाद अवमानना अधिनियम 1971 की धारा 12 के अंतर्गत आदेश न मानने के संबंध में उपजिलाधिकारी नबाबगंज, थाना हाफिजगंज अध्यक्ष व चौकी इंचार्ज सेंथल के विरुद्ध माननीय न्यायलय में मुकदमा न. 470/2025 दायर किया है। जिसमें 06/11/2025 तारीख नियत है। ज्ञात रहे कि शकेब अली पुत्र शाहिद अली की 24 बीघा सेंथल दुआवट में कृषि भूमि है, जिसपर धान की फसल खड़ी है। फसल काटने जाने पर विरोधी पक्ष जान से मारने की धमकी देते हैं व जिसकी शिकायत अधिवक्ता शकेब अली ने उच्च अधिकारियो से की। उच्च अधिकारियों के आदेश पर कोई कार्यवाही न होने से व्यथित शकेब अली ने अवमानना वाद दायर किया।

### कमिश्नर-डीएम ने रामगंगा चौबारी मेला स्थल का किया निरीक्षण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर भूपेन्द्र एस. चौधरी और डीएम अविनाश सिंह ने श्री रामगंगा चौबारी मेला स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि पारंपरिक धार्मिक मेले हमारी संस्कृति के महत्वपूर्ण संवाहक होते हैं। उन्होंने मेला स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही, मेला देखने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान, कमिश्नर और डीएम ने मेला स्थल पर लगाए गए हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के शिविर का भी अवलोकन किया। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और वहां मौजूद युवाओं को प्रोत्साहित किया। इस निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), उप जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

### लाडपुर उस्मानपुर की मतदाता सूची में जुड़े सैकड़ों फर्जी मतदाताओं को हटाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव लाडपुर उस्मानपुर गांव की पंचायत मतदाता सूची में जुड़े सेंथल नगर पंचायत के सैकड़ों मतदाताओं के नाम ग्राम की मतदाता सूची से हटाए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

ग्राम के इरशाद अहमद पुत्र छोटे, अली अहमद पुत्र बुद्दी, एजाज अहमद पुत्र छोटे ने जिला अधिकारी को सौंपे पत्र में ग्राम लाडपुर उस्मानपुर की मतदाता सूची में सेंथल नगर पंचायत की इस्लामनगर बस्ती के सैकड़ों मतदाताओं के नाम जुड़े होने का आरोप लगाते हुए इन्हें तत्काल काटे जाने की मांग की है। इन ग्रामीणों का आरोप है कि वह पिछले कई सालों से यह फर्जी नाम हटाए जाने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों द्वारा सूची से यह फर्जी नाम नहीं हटाए गए हैं। शिकायत कर्ताओं का आरोप है कि यह सभी मतदाता दूसरे ग्रामों से आकर मोहल्ला इस्लाम नगर बस्ती में बसे हैं, इनका ग्राम से कोई वास्ता नहीं है, लेकिन इनके सभी के वोट लाडपुर उस्मानपुर गांव की मतदाता सूची में एक साजिश के तहत जोड़ दिए गए हैं जो चुनाव को प्रभावित करते हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक उन्होंने ग्राम लाडपुर उस्मानपुर की मतदाता सूची में शामिल सभी करीब 1000 मतदाताओं के इस्लाम नगर बस्ती की गाटा संख्या भी शिकायत के साथ संलग्न की है। उन्होंने सभी मतदाताओं के नाम ग्राम की मतदाता सूची से हटाकर सेंथल नगर पंचायत की बस्ती इस्लामनगर में जोड़े जाने की मांग की है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## एसआईआर के तहत सियाठेरी में बांटे गए गणना प्रपत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एसआईआर के तहत मतदाताओं की होने वाली गणना के तहत जॉइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी इशिता किशोर के नेतृत्व में ग्राम सियाठेरी के भाग संख्या 19 में गणना प्रपत्र बाँटे गए। इस मौके पर जॉइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि इसमें बीएलओ प्रत्येक घर पर जाएंगे और गणना फार्म भरवाएंगे।

जॉइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी इशिता किशोर ने बताया कि चुनाव आयोग का एसआईआर लागू करने का मकसद उन लोगों की पहचान करना है जिनका निधन हो चुका है या वो उस घर मे रहते ही नहीं हैं। इस मौके पर बीएलओ विक्रम सिंह, सुपरवाइजर देव पाल, लेखराज गंग. वार, देवेंद्र गंगवार, त्रिलोक चंद्र, दिनेश कुमार, वेद प्रकाश, प्रमोद कुमार, हरीश गंगवार, रोहित गंग. वार, महेंद्र कश्यप, भोलानाथ गंग. वार आदि मौजूद रहे।

## ईंट भट्टे पर जा रही मिट्टी से भरी ट्रालियों को ग्रामीणों ने विरोध करके रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** जिला रामपुर क्षेत्र से मिट्टी खनन कर शीशगढ़ क्षेत्र में जा रही मिट्टी से भरी ट्रालियों को गांव बिलसा के ग्रामीणों ने रोककर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।ग्रामीणों के नहीं मानने पर सभी चालक ट्राली बापस ले गए। तो ग्रामीण शांत हुए।



जानकारी के अनुसार बुधवार को थाना शीशगढ़ के गांव बिलसा के पीछे जिला रामपुर क्षेत्र से मिट्टी खनन कर लगभग 20 ट्राली गांव बिलसा से सटे मेन रोड से गुजर कर शीशगढ़ के एक ईंट भट्टे पर जा रही थी। बिलसा निवासी श्रवण कुमार,महावीर,ओमकार,वीरपाल, अंकित,कन्तोष,मुकेश ,नरेंद्र सहित दर्जनों ग्रामीणों ने ट्रालियों के आगे अपने ट्रेक्टर लगाकर सभी को रोक लिया।ग्रामीणों का कहना था कि जिला रामपुर क्षेत्र से मिट्टी खनन कर ट्राली शीशगढ़ के एक ईंट भट्टे पर ले जाई जा रही हैं। इन ओवर लोड मिट्टी से भरी ट्रालियों से मिट्टी सड़क पर गिरती है। थोड़ी से बारिश होने से इस गिरी मिट्टी से फिसलन हो जाती है। जिससे ग्रामीण व पड़ने बाले छात्र गिरकर चोटल होते हैं। ग्रामीणों का विरोध देखकर कुछ देर के बाद ट्रालियां दूसरे रास्ता से खाली कर सभी वापस चले गए।

उन्हें जानकारी मिली थी। वह मिट्टी से भरी ट्राली ईंट भट्टे की थी रुआलिटी जमा होने के बाद परमिशन मिलने के बाद उठाई जा रही थी।ग्रामीणों को समझाकर ट्रालियों को भिजवा दिया गया है।

**हरेंद्र सिंह**
**प्रभारी निरीक्षक**
**कोतवाली शीशगढ़**

मिट्टी भरी ट्रालियों को कुछ ग्रामीणों द्वारा गलत तरीके से रोका गया था। भट्टे बाले पहले सरकार को मिट्टी की रुआलिटी जमा कराने के जिलाधिकारी की परमीशन के बाद ही मिट्टी उठाकर ईंट बनाने का काम करते हैं। इसमें कुछ गलत नहीं है किसी के बहकावे में आकर ग्रामीणों ने वे वजह का विरोध किया है।

**डाक्टर हाजी आफताब अहमद**
**अध्यक्ष**
**जिला ईंट निर्माता समिति बरेली**

## थाना क्षेत्र के भोलापुर व मीरापुर घाटों पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, पुलिस रही मुस्तैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को थाना क्षेत्र के भोलापुर और मीरापुर गौतारा गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। और इस दौरान मां गंगा की पूजा-अर्चना कर मांगी मनोक. ामनाएं।



भोर होते ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए घाटों पर पहुंचने लगे। एक दिन पूर्व देर रात से ही दुकानदारों ने अपने अपने स्टॉल और दुकानें सजानी शुरू कर दी थीं। सुबह तक ट्रैक्टर-ट्रॉली, मोटरसाइकिल, टेंपो और ई-रिक्शा से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और मां गंगा के जल में प्रसाद चढ़ाया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया जहाँ श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। थाना क्षेत्र के खिरका जगतपुर, ठिरिया खेतल, कुरतरा, अगरास, लोहारनगला, टिटोली, सोरहा, चिटौली, सतुईया खास, सतुईया पट्टी, औंध, बकेनिया, गौहाना, रहपुरा जागीर, खिलचीपुर कस्बा फतेहगंज पश्चिमी सहित विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचे।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, एसएसआई अशोक कुमार,एसआई प्रदीप कुमार, एसआई पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल कांस्टेबल प्रदीप कुमार अपनी टीम के साथ घाटों पर मुस्तैद रहे।

## बहेड़ी के व्यक्ति की बरेली में कटी जेब

**जेब में रखे 19,200 रुपये हुए चोरी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बेटी से मिलने बरेली गए नगर के एक युवक की जेब काट कर चोर ने नगदी चोरी कर ली। घटना के बाद युवक ने साथ में बैठी सवारी पर उसकी जेब काटने का आरोप लगाते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी है।



नगर के मोहल्ला तलपुरा निवासी शादाब मुनीम बुधवार को अपनी पुत्री से मिलने रोहिलखंड आयुर्वेदिक कॉलेज गए थे। वापसी में वह ई-रिक्शा पर बैठकर स्टेशन के लिये आ रहे थे। साथ में उनके साथ एक युवक भी बैठा था, जो कि सुरेश शर्मा नगर में उतर गया। इसी दौरान जब उनकी नजर अपनी जेब पर गई तो उनकी जेब कटी हुई थी और जेब में रखे 19,200/- रुपये गायब थे।

उन्होंने थाना बारादरी में साथ में बैठे युवक पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

## कलयुगी मां ने झाडियों में फेंका नवजात शिशु ,कुत्तों ने नोंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** चौकी क्षेत्र बंजरिया के जंगल में किसी कलयुगी बिन व्याही मां ने नवजात शिशु को जन्म लेते ही झांडियो में फेंक दिया।शिशु को कुत्ते नोच रहे थे।कुत्ते शिशु का एक हाथ नोचकर खा गए।ग्रामीणो ने कुत्तों को भगा कर सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ज्ञात हो कि बंजरिया गांव के किसी ग्रामीण ने झांडियो में नवजात शिशु को नोंचते देखकर अन्य ग्रामीणो को सूचना दी।मौके पर ग्रामीणो की भीड़ लग गई।ग्रामीणो ने कुत्तों को भगाकर पुलिस को सूचना दी।

ग्रामीणों का कहना है कि किसी कलयुगी मां ने लोकलाज की बजह से अपने अनचाहे बच्चे को झांडियों में फेंककर दुनिया देखने से पहले ही नवजात की जान ले ली।

## दरगाह पर 8-9 नवंबर को मनाया जाएगा उर्स-ए-हामिदी

**मदरसा मंजर-ए-इस्लाम का दीक्षांत समारोह और कुल शरीफ भी होगा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** आला हजरत फाजिले बरेलवी के बड़े साहिबजादे हुज्जातुल इस्लाम मुफ्ती हामिद रजा खान साहब का 85वां दो दिवसीय उर्स-ए-हामिदी 8 और 9 नवंबर को दरगाह परिसर में मनाया जाएगा। इस दौरान आला हजरत द्वारा स्थापित मदरसा मंजर-ए-इस्लाम का 122वां दीक्षांत समारोह भी आयोजित होगा।

उर्स के कार्यक्रमों में मुफस्सिर-ए-आजम हजरत इब्राहीम रजा खान (जिलानी मियां) साहब के 62वें कुल शरीफ की रस्म भी अदा की जाएगी। सभी कार्यक्रम दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती, सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत और सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में होंगे। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स-ए-हामिदी की शुरुआत 8 नवंबर को फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी से होगी। सुबह 8 बजे खत्म बुखारी शरीफ की महफिल आयोजित की जाएगी, जिसमें शेखुल हदीस मदरसे से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को अंतिम दर्स देंगे। इसी दिन सुबह 10:30 बजे हजरत जिलानी मियां साहब के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। रात में ईशा की नमाज के बाद तहरीरी और तकरीरी मुकाबले होंगे, जो रात भर चलेंगे।

अगले दिन, 9 नवंबर को दिन में नात और मनकबत का दौर जारी रहेगा। मुख्य कार्यक्रम रात 9 बजे ईशा की नमाज के बाद शुरू होगा। दरगाह के मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां साहब का पैगाम पढ़ेंगे। इसके बाद उलेमा हुज्जातुल-ए-इस्लाम पर प्रकाश डालेंगे। रात 10:35 बजे हुज्जातुल-ए-इस्लाम के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी, जिसके बाद सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां की खुसूसी दुआ होगी। इसके उपरांत दस्तारबंदी (दीक्षांत समारोह) का कार्यक्रम शुरू होगा। इस दीक्षांत समारोह में कुल 192 छात्रों की दस्तारबंदी की जाएगी, जिनमें 22 मुफ्ती, 80 आलिम, 87 कारी और 3 हाफिज शामिल हैं। इन सभी छात्रों को दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां के हाथों डिग्री सौंपी जाएगी। उर्स की तैयारियों को लेकर दरगाह पर एक बैठक आयोजित की गई। इसमें मदरसा मंजर-ए-इस्लाम के सदर मुफ्ती आकिल रजवी, उलेमा और दरगाह के रजाकार हाजी जावेद खान, मौलाना अबरार उल हक, शाहिद नूरी, परवेज नूरी, औरंगजेब नूरी, अजमल नूरी, शान रजा, ताहिर अल्वी, मंजूर रजा और मुजाहिद बेग सहित कई लोग शामिल हुए।

## बरेली में 1.23 करोड़ की ठगी

**जीवित को मृत दिखाकर हड़पी विधवा पेंशन, जनसेवा केंद्र संचालक सहित चार गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो जीवित व्यक्तियों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर विधवा पेंशन की करोड़ों रुपये की धनराशि हड़प रहा था। पुलिस ने इस मामले में जनसेवा केंद्र संच. ालक सहित चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। दक्षिणी एसपी अंशिका वर्मा ने बुधवार को इस पूरे घोटाले का खुलासा किया।

शहर के आकांक्षा एन्क्लेव निवासी नारी शक्ति नारी सम्मान सेवा समिति की अध्यक्ष यासमीन जहां की शिकायत पर आंवला थाना पुलिस ने हरीश कुमार समेत नौ नामजद और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान पता चला कि फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के अगरास गांव निवासी धर्मेंद्र लाल ने समृद्धि सक्षम जीवन निधि लिमिटेड नामक एक कंपनी खोली थी। इस कंपनी में प्रमोद सहित कई अन्य व्यक्ति शामिल थे। ये आरोपी जीवित लोगों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कर विधवा पेंशन की धनराशि को अपने और अपने परिचितों के खातों में ट्रांसफर कर लेते थे। धर्मेंद्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर सात खातों से कुल 1,23,22,647 रुपये का घोटाला किया है। यह गिरोह साल 2021 से विधवा पेंशन हड़प रहा था।




जांच पूरी होने के बाद आंवला थाना पुलिस ने मंगलवार रात करीब 10 बजे बिजलीघर के पास से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हरीश कुमार, शांतिस्वरूप, मुनीष और प्रमोद शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से छह फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र भी बरामद किए गए हैं।

दक्षिणी एसपी के अनुसार, जांच में सामने आया कि आरोपी प्रमोद बरेली समृद्धि सक्षम जीवन निधि लिमिटेड कंपनी में ज्वाइंट डायरेक्टर था, जबकि धर्मेंद्र कंपनी का डायरेक्टर था। धर्मेंद्र का आंवला के बिलौरी गांव में एक जनसेवा केंद्र भी है। प्रमोद, शांति स्वरूप और मनीष इलाके के सीधे-साधे लोगों को सरकारी योजनाओं का झांसा देकर उनके आधार कार्ड प्राप्त करते थे, जिनके नाम पर हरीश जनसेवा केंद्र पर फर्जी दस्तावेज तैयार करता था। गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में सजा दीवान

■ कृषि राज्यमंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख ने भी टेका माथा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री गुरु नानक देव जी महाराज जी के 556वे आगमन दिवस के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा जी चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। अंतिम दिन सवेरे 4रू00 बजे से श्री सुखमणि साहिब एवं श्री नित्य नेम साहब के पाठ हुए। सवेरे 9रू00 बजे श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति हुई समाप्ति उपरांत गुरुद्वारा बंगला साहिब दिल्ली से आए रागी जत्था भाई कुलवीर सिंह जी द्वारा कीर्तन किया गया 10रू15 बजे अरदास उपरांत ब्रेड छोले के लंगर हुए उसके उपरांत दूसरा दीवान सजा दूसरे दीवान में नाम सिमरन जत्था की महिलाओं द्वारा शब्द कीर्तन किए गए उसके उपरांत हजूरी रागी जत्था भाई कुलदीप सिंह द्वारा शबद कीर्तन किया गया उसके पश्चात दरबार साहिब अमृतसर से आए हजूरी रागी जत्था भाई जसविंदर सिंह जी रामदास द्वारा शबद कीर्तन किया गया। दोपहर 4रू00 बजे अरदास हुई तथा गुरु के अटूट लंगर दोपहर 2रू00 बजे से बांटने आरंभ कर दिए गए थे। दूसरे दीवान में उत्तर प्रदेश सरकार के ख्रषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह ओलख, एवं जिलाधिकारी रामपुर अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्या सागर मिश्र , नगर मजिस्ट्रेट रामपुर सालिक राम, पुलिस क्षेत्रधिकारी जितेंद्र कुमार उपस्थित होकर गुरु महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु माथा टेका। इस प्रोग्राम में रामपुर जनपद के कफी विशिष्ट व्यक्तियों को भी आमंत्रि किया गया था जिसमें डॉक्टर बी.बी .शर्मा, डॉक्टर हिमांशु गुप्ता, डॉक्टर विशेष एवं व्यापार मंडल के शैलेंद्र कुमार शर्मा , बन्नू बिरादरी से ओमप्रकाश भाटिया वेद आहूजा संजय नरूला सुमित कुमार आदि एवं जनपद के पत्रकार बंधुाओ ने हाजिरी लगाई तथा उन्हें भी प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। समाजस. ेवी मामून शाह, तीरथ सिंह, समस्त गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियां एवं प्रधाान , समस्त जत्थे बंदियां ने भी गुरु महाराज के आगे माथा टेककर अपनी हाजिरी गुरु महाराज के आगे लगाई। समस्त समस्त आए हुए गुरुद्वारा प्रधान प्रबंधकों को सरोपा प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। ब

ाहर से आए हुए सभी मेहमानों का प्रधाान दर्शन सिंह खुराना द्वारा स्वागत किया गया स्वागत एवं प्रसाद देकर सम्मान किया गया। नगर कीर्तन में स्टार लगाकर प्रसाद का वितरण करने वाले मेहमानों को भी का भी स्वागत किया गया एवं सम्मान किया गया इसी प्रकार नगर कीर्तन में कई स्कूलों के बच्चे शामिल होकर अपने अपने आइटम का प्रदर्शन किया गया था उन स्कूलों के प्रबंधाकोंध स्वामियों को भी प्रसाद देकर सम्मानित किया गया इसी प्रकार रात्रि कार्यक्रम के अंतर्गत रात्रि 8रू00 बजे से 12रू00 तक हजूरी रागी जत्था भाई कुलदीप सिंह एवं दरबार साहिब अमृतसर से आए रागी जत्था भाई जसविंदर सिंह जी रामदास द्वारा कीर्तन किया जाएगा।

कीर्तन उपरांत अरदास होगी उसके पश्चात प्रसाद का वितरण होगा तथा आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा तथा दीप माला भी गुरुद्वारा साहिब में होगी। कार्यक्रम में प्रबंधाक कमेटी के प्रधाान दर्शन सिंह खुराना के अलावा मीत प्रधाान गुरचरण सिंह आहूजा सेक्रेटरी त्रिलोचन सिंह वाधावा भूपेंद्र सिंह एवं मेंबरों में सुरेंद्र सिंह चावला, महेंद्र सिंह होरा, राधोश्याम अरोड़ा,अमरजीत सिंह, गुरजीत सिंह माटा, संतोख सिंह खालसा, जसमीत सिंह, पपिंदर सिंह। हरीश अरोड़ा, प्रेम अरोड़ा, हरमिंदर लाल अरोड़ा, धानवंत सिंह , रविंदर सिंह , तरनदीप सिंह ग्रा. ेवर, कंवलजीत सिंह कथूरिया राज सिंह, सुरेंद्र सिंह, सचिन आदि मौजूद रहे।

# 20 वें सामूहिक विवाह उत्सव में 20 जोडे परिणय सूत्र में बंधे




**मथुरा।** प्रजापति विकास समिति, जनपद मथुरा द्वारा आयोजित बिस्वा सामूहिक विवाह उत्सव का आयोजन हर वर्ष की भाँति इस बार भी बड़े हर्ष और उत्साह के साथ रामलीला ग्राउंड, महाविद्या में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर कुल 20 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति–रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रामवीर सिंह गोला उपस्थित रहे। समारोह अध्यक्ष की भूमिका हरिओम गोला ने निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठजनों, अतिथियों एवं हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह में भव्य व्यवस्था, सजावट, भजन संगीत एवं भोजन प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई, जिससे पूरे कार्यक्रम का वातावरण आनंदमय एवं भावुक रहा। समिति द्वारा कन्याओं को गृहस्थ जीवन हेतु आवश्यक वस्त्र, आशीर्वाद व सामग्री भी भेंट की गई। अंत में समिति ने सभी दानदाताओं, सहयोगियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह न केवल सामाजिक एकता का प्रतीक है।

## टांडा पुलिस ने झगड़ा कर रहे तीन अभियुक्तों को दबोचा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत टांडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों अलग–अलग मामलों में आमदा फसाद कर रहे थे। पुलिस ने इन्हें धाारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरतार कर विधािक कार्रवाई करते हुए एसडीएम टांडा की अदालत में चालान किया है।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के नाम रिजवान पुत्र महमूद, हामिद पुत्रमहमूद, दोनों निवासी ग्राम रामनगर लतीफ़पुर नया गांव थाना टांडा, तथा दिलशाह पुत्र जाहिद निवासी ग्राम सहरिया लक्खा थाना टांडा बताए गए हैं।

यह कार्रवाई उप निरीक्षक पंकज कुमार व उप निरीक्षक जाकिर अली की टीम द्वारा की गई।

पूरे अभियान की निगरानी अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर व क्षेत्रधिकारी टांडा के निर्देशन में की गई।

## कार्तिक पूर्णिमा पर कोसी नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सुल्तानपुर पटी स्थित कोसी घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं का पवित्र कोसी नदी में आस्था की डुबकी लगाने का क्रम शुरू हो गया था जो की देर शाम तक चलता रहा। कफी संख्या में लोग स्त्री पुरुष तथा बच्चों ने कोसी नदी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दीपदान भी किया तथा मेले में भी जमकर खरीदारी की। कोसी घाट पर भगवान नाम का जप , कीर्तन, दीपदान चला रहा तो वहीं दूसरी ओर मेले में खाने पीने की चीज जलेबी, पकौड़ी टिक्की चाट तथा गोलगप्पे खाने के लिए भी भीड़ उमड़ पड़ी तथा खेल खिलौने की दुकानों में भी जमकर खरीदारी हुई। मंदिर में प्रसाद भी चढ़ाया गया। इस मौके पर जगह–जगह लोगों द्वारा लंगर भी लगाए गए। इस मौके पर भारी भीड़ के कारण मसवासी पुलिस चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर डेरा डाले रहे तथा सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।





## घर से खींचकर मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** घर के दरवाजे पर गाली गलौज करने पर जब मना किया तब घर से की खींचकर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर निवासी नीरज कुमार पुत्र ब्रह्म स्वरूप बुधावार सुबह करीब 6रू30 बजे अपने घर पर ही था उसके दरवाजे के बाहर बिना किसी बात के ग्राम के ही रेवती नंदन, राजेंद्र, और मेघनाथ पुत्रगण रामेश्वर दयाल गाली गलौज कर रहे थे।

जब गाली गलौज का नीरज ने विरोधा किया तो उसे लोगों ने घर में घुसकर खूब मारा पीटा और मरते–मरते घर से खींच कर बाहर ले आए और सुनकर जब आसपास के लोग एकत्र हो गए तो उपरोक्त लोग जान से मारने की धामकी देखकर भाग गए।

घटना की तहरीर पुलिस को दी गई पुलिस ने तीनों के खिलफ सुसंगत धााराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## गुरु नानक बगीची गुरुद्वारे पर गूंजे शबद कीर्तन, हुआ गुरु वाणी का पाठ

**मथुरा।** सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव का जन्म दिवस प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। बुधवार को गुरुद्वारा गुरु नानक बगीची पर श्रद्धा व भक्ति की सरिता धार्मिक कार्यक्रमों से बहती रही। गुरुद्वारे में सिख अनुयाईयों ने सुसज्जित पालकी साहिब में विराजमान गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन कर अरदास लगाई। इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई।

श्री अखण्ड पाठ के समापन के उपरान्त शबद कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम के अन्त में लंगर (भंडारे ) में सभी समुदाय के महिला पुरूषों ने बिना भेदभाव के एक साथ प्रदास पाया। गुरु नानक देव जन्मोत्सव प्रकाशोत्सव के रुप में कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया गया। नगर के गुरुद्वारों में इस हफ्ते से निकल रही प्रभात फेरी का समापन बुधवार को हुआ। मसानी स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक बगीची में त्रिदिवासिये श्री अखण्ड पाठ साहिब के समापन के उपरान्त बाहर से आए रागी जत्थों ने शबद कीर्तन से गुरु नानक देव के जीवन पर प्रकाश डालकर साद संगत को निहाल किया। समाजसेवी जगदीश आहूजा रानी ने साद संगत को प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि समानता प्रेम विनम्रता और निस्वार्थ पर जोर देने वाले गुरु नानक देव की शिक्षाएं सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। कार्यक्रम के अन्त में अरदास के उपरान्त लंगर प्रसाद में सभी वर्ग के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी तरफ कृष्णा नगर गुरुद्वारे में प्रातः से चल रहे कार्यक्रमों का समापन बुधवार की रात्रि मेंआतिशबाजी के साथ हुआ। कार्यक्रम के अन्त में लंगर प्रसाद का आयोजन हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रधान गुरुचरन सिंह, सेकेंटरी हरविंदर सिंह बेदी, जाथेदार सोहन सिंह, ग्रंथी भगत सिंह, कृष्णा नगर प्रधान परमजीत सिंह, इंद्रपाल सिंह आदि रहे।

# गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर बुधावार को श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई पूजा अर्चना के साथ सुबह से ही दान पुण्य का दौर शुरू हो गया। भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए बाहर भी गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कूप स्थित के गंगा घाट पर श्रद्धालुओं का सैलाब सुबह से ही उमड़ना शुरू हो गया था। क्षेत्र से आए हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और पुण्य लाभ कमाया।

श्रद्धालुओं ने गंगा मैया में डुबकी लगाकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। कई श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाएं पूरी होने परफल, मिष्ठान अन्य सामग्री दान की। कुछ भक्तों ने गायों का भी दान किया, जिसे बेहद शुभ माना जाता है। कई परिवारों ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। मान्यता है कि गंगा दशहरा पर मुंडन कराने से बच्चों को दीर्घायु और सुख–समृद्धि प्राप्त होती है।

इधार, पुलिस की ओर से घाट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। मंदिरों में भी गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में विशेष आयोजनों का सिल. सिला जारी है। भजन–कीर्तन, गंगा आरती और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मान्यता है कि मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा धारती पर अवतरित हुई थीं। इस दिन गंगा स्नान करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ी भक्तों की भीड़

### लालपुर कोसी घाट पर सुबह से शाम तक लगी रही भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर।** लालपुर कोसी बैराज पर बुधवार सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ने लगा था। कोसी घाट पर पिछले कई दिन से स्नान की तैयारी जोर के साथ चल रही थी। लोगों ने सुबह से ही कोसी नदी में स्नान करना शुरू कर दिया था। सुबह से लेकर शाम तक लोग कोसी नदी में आस्था की डुबकी लगाते रहे। कोसी घाट पर पूजा अर्चना के बाद दीपदान भी किया गया। कोसी घाट पर मेले का भी आयोजन किया गया था। पूरा दिन बच्चों से लेकर महिलाओं ने मेले में जमकर खरीदारी की। मेले की सुरक्षा को लेकर पुलिस क्षेत्रधिकारी टांडा कीर्ति निधि आनंद एवं थाना अधयक्ष कर्म सिंह पाल और चौकी इंचार्ज उत्तम मलिक हर आने–जाने पर नजर जमाए हुए थे। लालपुर पुल के दूसरी ओर टांडा पुलिस आने–जाने वाले हर व्यक्ति पर नजर रख रही थी। मेले में लगे झूले एवं अन्य मनोरंजन स्थलों का बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। खौद चौराहे से पुलिस ने भारी वाहनों को डाइवर्ट कर रहा था। इसके बावजूद करीब 5 किलोमीटर सड़क पर बार–बार जाम के हालात बनते रहे। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस हर समस्या का निस्तारण करने में लगी रही।

# सीईओ ने निरीक्षण के दौरान निर्माण की गुणवत्ता पर दिया जोर

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के नवागत मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल ने गोकुल स्थित निर्माणाधीन वासुदेव वाटिका परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा गोकुल बैराज से सटे लगभग 32 एकड़ क्षेत्रफल में करीब 45 करोड़ रुपये की लागत से वासुदेव वाटिका परियोजना विकसित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सीईओ सूरज पटेल ने निर्माण कार्य की गति, डिजाइन, और उपयोग में लाई जा रही सामग्री का बारीकी से परीक्षण किया। साइट पर ग्रिट में डस्ट की अधिकता पाए जाने पर उन्होंने इसे मानकों के विप. रीत बताते हुए तुरंत हटाने के निर्देश दिए। वहीं एम्फीथियेटर निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने के लिए तत्काल परीक्षण कराने को कहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ”निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद संशोधन कठिन होता है, इसलिए कार्य के दौरान ही हर पहलू की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। सूरज पटेल ने आरसीसी मिश्रण का स्लम्प परीक्षण और लाल पत्थर की गुणवत्ता जांच के भी निर्देश दिए।

## जल्द निपटा लें जरूरी काम, चार दिन बंद रहेगा रजिस्ट्री कार्यालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** रजिस्ट्री कार्यालय से जुडा कोई जरूरी काम है तो उसे जल्द निपटा लें। 8 से 11 नवम्बर तक प्रदेशभर के साथ मथुरा जनपद में भी रजिस्ट्री कार्यालय बंद रहेंगे। उत्तर प्रदेश में 8 से 11 नवंबर तक भूमि पंजीकरण कार्य पूरी तरह से बंद रहेगा। चार दिनों तक सभी उपनिबंधक कार्यालयों में रजिस्ट्री, बैनामा और दस्तावेज पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह बंद रहेगी. उत्तर प्रदेश महानिरीक्षक निबंधन आईएएस नेहा शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। प्रदेश में संपत्तियों की रजिस्ट्री और उप निबंधक कार्यालयों में होने वाले अन्य रजिस्ट्रेशन 8 से 11 नवंबर तक नहीं हो सकेंगे। इस दौरान स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल का डेटा एनआईसी के क्लाउड मेघराज सर्वर से नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड पर ट्रांसफर होगा। 12 नवंबर से सभी सेवाएं फिर से शुरू होंगी। बताया गया कि 8 नवंबर को दूसरा शनिवार है। 9 नवंबर को रविवार है।

## पुलिस ने नहीं की रिपोर्ट दर्ज सभासद ने न्यायालय की ली शरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** सभासद के शिकायती पत्र पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नही की पुलिस से न उम्मीद होकर सभासद ने वकील के माधयम से रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए न्यायालय में प्राथना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। सभासद मोहम्मद उवेश मोहल्ला चाऊपुरा मसवासी अपने घर पर था कि 22ध10ध2025 की रात आठ बजे के करीब रंजिशन राजेश, मुकेश, सुमन देवी, संजना, अर्जुन, उसके घर मे घुस गये और उसको लाठी डंडो से पीटने लगे। यह देखकर जब उसकी पत्नी व परिवार के लोग बीच बचाव करने आई तब राजेश मुकेश, व अर्जुन ने उसकी पत्नी के साथ मारपीट व छेड़छाड़ अश्लील हरकते करने लगे ओर उसके कपड़े तक फाड़ दिये बडी मुश्किल से परिजनों इन लोगो के चंगुल से छुड़ाया और घर का सारा सामान तोड़ फोड़कर चले गए। जाते हुए उसकी पत्नी को धामकी दी कि अगर तूने कोई कानूनी कार्रवाई की तो हम तुझे जान से मार देगे। इस घटना के तुरंत बाद सभासद रिपोर्ट दर्ज कराने के स्वार कोतवाली गया लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नही की। और ना ही उसकी पत्नी की चोटों का डॉक्टरी मुआयना कराया गया सभासद ने इसकी शिकायत पुलिस कप्तान से की लेकिन पुलिस ने फिर भी उसकी रिपोर्ट दर्ज नही की सभासद उवेश ने थक हार कर वकील के माधयम से रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एक प्रार्थना पत्र न्यायालय प्रथम अपर सेविल जज सी. डि.के समक्ष पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# बेन–हर पब्लिक स्कूल का एनुअल फंक्शन मिथ्स एंड मैजिक

■ जूनियर व सीनियर विंग के विद्यार्थियों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** मंगलवार को शहर के बेन–हर पब्लिक स्कूल का एनुअल फंक्शन मिथ्स एंड मैजिक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में साक्षी फाउंडेशन श्री गुरुआशीष आश्रम के संस्थापक स्वामी प्रेम सुगंधा महाराज मुख्य अतिथि के रूप में पधारे।

कार्यक्रम में स्कूल की संस्थापक प्रधाानाचार्या रंजीत सैहमी गेस्ट अफ्र ऑनर के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि का कार्यक्रम में स्वागत स्कूल के हेड ब्वॉय अक्षत और हेड गर्ल ख्रतिका श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ भेंट करके किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि स्वामी प्रेम सुगंधा जी, विद्यालय के प्रशासक डफ्र परविंदर सिंह सैहमी, संस्थापक प्रधाानाचार्या श्रीमती रंजीत सैहमी, सह प्रशासक गुरदित्त सिंह सैहमी, प्रधाानाचार्या करिश्मा सैहमी सहित गणमान्य जन की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन किया गया। स्कूल की कल्चरल कैप्टन प्रज्ञा पाठक ने गणमान्य जन को एस्कफ्र्ट किया। बेनहर पब्लिक स्कूल की 'एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा ने फंक्शन की रूप रेखा तैयार की। एंकर का दायित्व संभाल रहीं शिक्षिका रिदा ने अपने श्वेलकम नोटश में मुख्य अतिथि महोदय के निरंतर अमूल्य मार्गदर्शन और आधयात्मिक आशीर्वाद का उल्लेख किया।

कार्यक्रम में कक्षा छह से लेकर बारह तक के साढ़े चार सौ से अधिाक विद्यार्थियों ने भाग लेकर आमंत्रि अभिभावकों को दो घंटे से अधिाक समय तक अपनी प्रस्तुतियों से सम्मोहित किये रखा।

कार्यक्रम के इस पड़ाव पर स्कूल की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी ने स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जनपद में श्रेष्ठतम बोर्ड परीक्षा परिणाम और खेल गतिविधियों में उत्कृष्टता बनाए रखने की स्कूल की परंपरा में निरंतर विश्वास बनाए रखने वाले विद्यालय परिवार के अभिभावकों और शुभचिंतक वर्ग का आभार व्यद्र किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि स्वामी श्री प्रेम सुगंधा महाराज जी , संस्थापक साक्षी फाउंडेशन श्री गुरु आशीष आश्रम ने अपने आशीर्वचन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि छोटे छोटे बच्चों ने अभूतपूर्व समन्वय और सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। और इसका श्रेय उनके मार्गदर्शक शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया जाना चाहिए, जो अत्यंत विनम्रता और स्नेह से उनका मार्गदर्शन करते हैं।

सभी गणमान्य जन की उपस्थिति में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया।

स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ परविंदर सिंह सैहमी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

बेनहर पब्लिक स्कूल की एक्टिविटीज इंचार्ज सुश्री रोशनी बग्गा ने कार्यक्रम में कोआर्डिनेटर की भूमिका अदा की तथा प्रतिभागियों और अभिभावकों के लिए निधाारित लकी ड्रा निकाला। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## आज दस बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** गरुवार को पूर्णता सुबह 10रू00 बजे से शाम 4रू00 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित। आज अवर अभियंता उपकेंद्र मिलक के मोहम्मद हसनैन अंसारी ने प्रेस नोट के माधयम से बताया कि 6 नवंबर 2025 को 220 के.वी शंकरपुर से पोषित 11 केवी उपकेंद्र मिलक की 33 केवी मेन लाइन अहमदाबाद से खाता नगरिया 6 किलोमीटर लाइन का कंडक्टर (तार) 20 नग पोल बदलने का कार्य बिजनेस प्लान के अंतर्गत चल रहा है सुबह 10रू00 बजे से शाम 4रू00 बजे तक पूर्णता विद्युत आपूर्ति शटडाउन उपकेंद्र मिलक की पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121–4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत की नजरें सीरीज में बढ़त बनाने पर

● टीम इंडिया सीरीज के चौथे टी-20 मैच में प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाने को आत्मविश्वास से भरी हुई है

**क्वींसलैंड, वार्ता।** भारत गुरुवार को कैरारा ओवल में सीरीज के चौथे टी-20 मैच में प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाने के इरादे से आत्मविश्वास से भरा हुआ है। ट्रैविस हेड के एशेज सीरीज के लिए स्वदेश लौटने के साथ, ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल का सामना करना पड़ेगा, जिससे भारत को अपनी बढ़त का फायदा उठाने और कड़े मुकाबले वाली सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने का सुनहरा मौका मिलेगा। शुभमन गिल और निडर अभिषेक शर्मा की अगुवाई में भारत का शीर्ष क्रम लगातार लय बना रहा है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा बीच के ओवरों में अपनी आक्रामकता और आक्रामकता दिखाते हैं, जो मुश्किल परिस्थितियों को भारत के पक्ष में मोड़ने में सक्षम हैं। भारत की बल्लेबाजी में गहराई - जिसमें जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे या रिंकू सिंह शामिल हैं - यह सुनिश्चित करती है कि पूरी पारी में दबाव बनाए रखा जा सके, एक ऐसा कारक जो थोड़े अस्थिर ऑस्ट्रेलियाई लाइनअप के खिलाफ निर्णायक साबित हो सकता है। गेंदबाजी आक्रमण भी उतना ही संतुलित है। जसप्रीत बुमराह भारत के अगुआ बने हुए हैं, जबकि अर्शदीप सिंह दूसरे छोर पर गति और नियंत्रण प्रदान करते हैं। वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी मैच आगे बढ़ने के साथ कैरारा की सूक्ष्म स्पिन का पूरा फायदा उठाने के लिए उपयुक्त है, और बीच के ओवरों में विकेट लेने की उनकी क्षमता खेल का रुख बदल सकती है। हेड की अनुपस्थिति के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया मिशेल मार्श, टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस और चंचल ग्लेन मैक्सवेल की आक्रामक बल्लेबाजी पर काफी हद तक निर्भर करेगा। नाथन एलिस और मैथ्यू कुहनेमैन भारत की रन गति पर अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि बेन ड्वारशुइस और जेवियर बार्टलेट तेज गेंदबाजी में गहराई लाएंगे। मेजबान टीम को नियंत्रण हासिल करने के लिए सामूहिक प्रदर्शन की आवश्यकता होगी, खासकर उस सतह पर जो ऐतिहासिक रूप से लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के अनुकूल रही है, जहां लगभग 180-190 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर है। टॉस निर्णायक भूमिका निभा सकता है, क्योंकि टीमें पहले गेंदबाजी करने की संभावना रखती हैं, जिससे कैरारा ओवल की शुरुआती सीम मूवमेंट और बाद के चरणों में स्पिनरों की क्षमता का फायदा उठाया जा सकता है। एक रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है, जहां गति में बदलाव, तेज पारी और रणनीतिक गेंदबाजी बदलाव परिणाम तय कर सकते हैं। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ, भारत को बढ़त हासिल करने का एक अच्छा मौका दिख रहा है, जबकि ऑस्ट्रेलिया को अपनी उम्मीदों को बनाए रखने के लिए फिर से संगठित होकर पलटवार करना होगा। चौथा टी-20 मैच गुरुवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:45 बजे शुरू होगा, जिससे प्रशंसकों को तीव्रता, नाटकीयता और क्रिकेट की चमक से भरपूर एक रोमांचक मुकाबले का वादा किया जा सकता है।

टीमें : ऑस्ट्रेलिया: टिम डेविड, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल मार्श (कप्तान), मिशेल ओवेन, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), जोश फिलिप (विकेटकीपर), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुहनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, एडम ज़म्पा, तनवीर संघा, महली बियर्डमैन

भारत: सूर्या (कप्तान), गिल, तिलक, रिंकू, अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी

# द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान

● पंत की टीम में वापसी हुई है जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं

**मुंबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। ऋषभ पंत की टीम में वापसी हुई है, जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। पंत को उपकप्तान की भूमिका मिली है, जबकि शुभमन गिल टीम की अगुआई करेंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 14 नवम्बर से होगी। टीम में ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम का हिस्सा रहे थे। करुण नायर की एक बार फिर अनदेखी हुई है। वह हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में दिखे हैं। वहीं, टीम की ओपनिंग की जिम्मेदारी एक बार फिर यशस्वी और राहुल पर ही होगी। सुदर्शन नंबर तीन की भूमिका निभाएंगे। वहीं, नंबर तीन पर सुदर्शन और नंबर चार पर देवदत्त पडिक्कल या ध्रुव जुरेल में से किसी एक को मौका मिल सकता है। अक्षर, कुलदीप, सुंदर और जडेजा के रूप में टीम में चार स्पिनर हैं, जबकि बुमराह, सिराज और आकाश के रूप में तीन पेसर हैं। नीतीश पेस बॉलिंग ऑलराउंडर के तौर पर टीम में हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच 14 नवम्बर से कोलक. ाता के ईडन गार्डेन्स में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवम्बर से गुवाहाटी में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 30 नवम्बर से छह दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेंगी, फिर नौ दिसंबर से 19 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। भारत की टेस्ट टीमरू शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर, उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, आक. ाश दीप।

भारत-ए टीम भी घोषित-इसके अलावा चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी भारत-ए टीम घोषित की। टीम की कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उपकप्तान हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय खिलाड़ियों ने किया बैटिंग और बॉलिंग का अभ्यास

**करारा, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रही पांच टी-20 मैचों की सीरीज के चौथे मुक. ाबले से एक दिन पहले बुधवार को भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जमकर बल्लेबाजी और गें. दबाजी अभ्यास किया। यहां मैच से एक दिन पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और सहयोगी सदस्यों के संरक्षण में अभ्यास सत्र के दौरान तेज गें. दबाज, जसप्रीत बुमराह और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने अभ्यास किया। इसके साथ ही पिछले दो मुकाबलों बड़ा स्कोर करने में विफल रहे शुभमन गिल और तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी का जमकर अभ्यास करते देखे गए। भारतीय टीम पिछले मैच में मिली जीत से उत्साहित है और वह कल होने वाले मैच में जीत हासिल कर सीरीज में बढ़त के इरादे से मैदान में उतरेगी।

### एशेज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में लाबुशेन की वापसी

मेलबर्न, वार्ता। जेक वेदरल्ड को पर्थ में खेले जाने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है, जबकि मार्नस लाबुशेन को टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है। वेदरल्ड के अलावा, मेजबान टीम ने दो अन्य अनकैप्ड खिलाड़ियों - सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट - को भी टीम में शामिल किया है। 31 वर्षीय वेदरल्ड को पिछले सीजन में शेफ़ील्ड शील्ड में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में शामिल किया गया है, जहां उन्होंने तस्मानिया के लिए 18 पारियों में 50-33 की औसत से 906 रन बनाए थे। सैम कोंस्टास के टीम से बाहर होने के बाद, वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलिया की पहली टेस्ट टीम: स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, बोलैंड, कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, ग्रीन, हेजलवुड, ट्रैविस हेड, इंगलिस, उस्मान,लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल स्टार्क

# रोहित-कोहली का द. अफ्रीका 'ए' के खिलाफ खेलना लगभग असंभव




● चयनकर्ताओं के पास इन तीन मैचों के लिए कुछ योजनाएं है और इन मैचों के लिए दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में जगह मिलना मुश्किल है

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के दक्षिण अफ्रीका ए टीम के भारत दौरे पर आने वाली तीन मैचों की सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने की संभावना नहीं है।

भारत ए टीम 13, 16 और 19 नवम्बर को राजकोट में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी - सभी दिन/रात के मैच-लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में केवल एकदिवसीय प्रारूप में खेलने वाले इन दो वरिष्ठ क्रिकेटरों के टीम में शामिल होने की संभावना नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एक-दो दिन में भारत ए टीम की घोषणा कर सकता है, लेकिन पता चला है कि चयनकर्ताओं के पास इन तीन मैचों के लिए कुछ योजनाएं हैं और इन मैचों के लिए इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने की संभावना नहीं है। रोहित और विराट, जिन्होंने सभी प्रारूपों में भारत का नेतृत्व किया, ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में तीन एकदिवसीय मैच खेले और दोनों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रोहित, वास्तव में, मैन ऑफ द सीरीज रहे, लेकिन उन्हें लय में आने के लिए दो या तीन मैचों की आवश्यकता थी। पहले मैच में असफल रहने के बाद, रो. हित ने 73 और नाबाद 121 रनों की पारी खेलकर मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार अपने नाम किया, जबकि विराट ने पहले दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद तीसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया (नाबाद 74)। अगर दोनों ऑस्ट्रेलिया में इतने प्रभावशाली नहीं होते तो स्थिति अलग हो सकती थी। वर्तमान में भारत ए की एक टीम बेंगलुरु के सीओई में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो मैचों की लाल गेंद की श्रृंखला खेल रही है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली भारत ए ने 2 नवम्बर को समाप्त हुए पहले चार दिवसीय मैच में जीत हासिल की। दूसरा मैच गुरुवार (6 नवम्बर) से शुरू होगा। भारतीय चयनकर्ता जल्द ही टेम्बा बावुमा की टीम के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा करने के लिए बैठक करेंगे और इसी बैठक में भारत ए टीम का भी चयन हो सकता है। टेस्ट टीम की बात करें तो हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने वाली टीम में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है।

## रोमांचक मुकाबले में एटलेटिको मैड्रिड ने यूनियन एसजी को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** एटलेटिको मैड्रिड ने चैंपियंस लीग के रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम की टीम यूनियन सेंट-गिलोइस को 3-1 से हराया।

एटलेटिको के लिए जूलियन अल्वारेज ने मंगलवार रात खेले गए मुकाबले में 39वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में एंटोनी ग्रिजमैन का एक गोल रद्द कर दिया गया, जब नहुएल मोलिना ने क्रॉसबार पर शॉट मारा था और ग्रिजमैन ने स्लाइड करके गोल करने का प्रयास किया।

लेकिन कॉनर गैलाघर ने 78वें मिनट में एटलेटिको की बढ़त को दोगुना कर दिया। एटलेटिको आरामदायक बढ़त पर था, लेकिन यूनियन एसजी के खिलाड़ियों ने कभी हार नहीं मानी और रॉस साइक्स ने एक जोरदार हेडर से उन्हें मैच में वापस ला दिया। यूनियन एसजी के गोलकीपर केजेल शेर्पेन ने शानदार शानदार बचाव करते हुए अल्वारेज को दूसरा गोल करने से रोक दिया। मार्कोस लोरेंटे ने इंजरी टाइम के आखिरी मिनट में एक आसान फिनिश के साथ एटलेटिको का तीसरा गोल किया।

# सबालेंका ने दूसरी जीत दर्ज की



● सबालेंका ने जेसिका पेगुला को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 3-6 व 6-3 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की

**रियाद, वार्ता।** बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने महिला टेनिस एसोसिएशन (डब्ल्यूटीए) फाइनल्स के ग्रुप स्तर पर अमे. रिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 2-6, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत में जोरदार ग्राउंडस्ट्रोक खेले, पहले तीन गेम ड्यूस तक ले गए और दोनों ने अपनी सर्विस बचाई। सबालें. का ने 5-2 की बढ़त के लिए पहला ब्रेक हासिल किया। पेग. ुला ने एक सेट पॉइंट बचाया और अंतर को 4-5 कर दिया, लेकिन सबालेंका ने फिर से ब्रेक लेकर सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। पेगुला ने दूसरे सेट में अपना लेवल बढ़ाया, दो बार ब्रेक किया और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाकर सेट 6-2 से जीत लिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में पहले ब्रेक लेकर 2-1 की बढ़त बनाई, लेकिन दुनिया की नंबर वन खिलाड़ी ने लगातार चार गेम जीतकर 6-3 से जीत हासिल कर ली।

दिन के एक अन्य एकल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन अमेरिका की कोको गॉफ ने इटली की जैस्मीन पाओलीनी को 6-3, 6-2 से हराया।

## मेरा इंडियन हेवन प्रीमियर लीग से कोई लेना-देना नहीं : खन्ना

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना ने स्पष्ट किया है कि उनका इंडियन हेवन प्रीमियर लीग से कोई लेना-देना नहीं है। खन्ना ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि मीडिया में यह खबर आई है कि इंडियन हेवन प्रीमियर लीग को उसके मालिकों और आयोजकों ने उन कारणों से रद्द कर दिया है जो उन्हें ही पता हैं।

इस संदर्भ में, यह स्पष्ट करना जरूरी है कि मेरा इस लीग से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक हमारी जानकारी और विश्वास है, लीग का स्वामित्व और संचालन पूरी तरह से युवा सोसाइटी के पास है। मैं न तो इसका सदस्य हूं, न ही कार्यवाहक या पदाधिकारी, और न ही मैं किसी भी तरह से उक्त सोसाइटी से जुड़ा हूं। सुरेन्द्र खन्ना का लीग से कोई भी संबंध नहीं है - भूतकाल, वर्तमान या भविष्यकाल में - और उन्हें एक अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। वे किसी भी तरह से लीग की योजना, वित्तीय व्यवस्था, प्रशासन, व्यवस्था, संगठन या निरंतरता से जुड़े नहीं हैं और न ही कभी रहे हैं। साथ ही, खन्ना का इस लीग से कोई वित्तीय हित नहीं था और वे किसी भी लाभ के हकदार नहीं थे, वे केवल एक अतिथि थे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि लीग के निर्माण, संचालन और समाप्ति से संबंधित सभी निर्णय विशेष रूप से युवा सोसाइटी और उसके आयोज. कों के पास हैं।

## ओलंपिक भारोत्तोलन वर्ग में बदलाव के बाद मीराबाई अपना वर्ग बदलने को तैयार

● लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में भारोत्तोलन के लिए महिलाओं की न्यूनतम श्रेणी अब 53 किग्रा होगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा सोमवार को घोषित लॉस एंजिल्स 2028 के लिए ओलंपिक भार वर्गों के पुनर्गठन के बाद भारतीय स्टार मीराबाई चानू को एक वर्ग ऊपर जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। टोक्यो 2020 में महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने वाली और पेरिस 2024 में इसी वर्ग में चौथे स्थान पर रहने वाली मीराबाई चानू अब लॉस एंजिल्स में इस वर्ग में भाग नहीं ले पाएंगी। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में भारोत्तोलन के लिए महिलाओं की न्यूनतम श्रेणी अब 53 किग्रा होगी। आईडब्ल्यूएफ ने लॉस एंजे. लिस 2028 में 12 नए वर्गों की पुष्टि की है। पुरुषों और महिलाओं के लिए छह-छह। पेरिस 2024 में प्रत्येक लिंग के लिए पांच वर्ग थे।

लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक भारोत्तोलन भार वर्ग

पुरुष: 65 किग्रा, 75 किग्रा, 85 किग्रा, 95 किग्रा, 110 किग्रा, 110 किग्रा

महिला: 53 किग्रा, 61 किग्रा, 69 किग्रा, 77 किग्रा, 86 किग्रा, 86 किग्रा

पेरिस 2024 में, पुरुषों के लिए 61 किग्रा, 73 किग्रा, 89 किग्रा, 102 किग्रा और 102 किग्रा और महिलाओं के लिए 49 किग्रा, 59 किग्रा, 71 किग्रा, 81 किग्रा और 81 किग्रा थे। आईडब्ल्यूएफ ने अब एक साल से भी कम समय में दो बार भार वर्ग बदले हैं। इस साल की शुरुआत में, आईडब्ल्यूएफ द्वारा ओलंपिक कार्यक्रम से 49 किग्रा वर्ग को हटाने के बाद, चानू 48 किग्रा वर्ग में आ गईं। 49 किग्रा वर्ग को तब से आईडब्ल्यूएफ के विश्व चैंपियनशिप जैसे आयोजनों में बहाल कर दिया गया है, लेकिन इसे ओलंपिक में शामिल नहीं किया जाएगा। मीराबाई चानू की सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां - जिनमें तीन विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप पदक और तीन राष्ट्रमंडल खेल पदक शामिल हैं - 50 किग्रा से कम भार वर्ग में ही आई हैं। हालांकि, भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि यह बदलाव मीराबाई के पक्ष में काम कर सकता है। शर्मा ने कहा कि यह (49 किग्रा हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है।

# पाकिस्तान ने द. अफ्रीका को हराया



● नसीम शाह और अबरार ने 3-3 विकेट हासिल किए, आगा सलमान ने 62 और रिजवान ने 55 रनों की पारी खेली

**फैसलाबाद, वार्ता।** नसीम शाह और अबरार अहमद (तीन-तीन विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी के बाद आगा सलमान (62) और मोहम्मद रिजवान (55) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को पहले एकदिवसीय मुकाबले में दो गेंद शेष रहते दो विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। पाकिस्तान ने मंगलवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को लुआन-ड्रे प्रेटोरियस और क्विंटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 98 रन जोड़े। 16वें ओवर में सैम अयूब ने लुआन-ड्रे प्रेटोरियस (57) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 25वें ओवर में नसीम शाह ने क्विंटन डी कॉक (63) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते रहे। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका को 49-1 ओवर में 263 के स्कोर पर रोक दिया। टोनी डीजॉर्जी (18), सिनेतेम्बा केशिले (22), कप्तान मैथ्यू ब्रीत्जके (42) और कॉर्बिन बॉश ने 41 रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह और अबरार अहमद ने तीन-तीन विकेट लिए। सैम अयूब को दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए फखर जमान और सैम अयूब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़कर मजबूत शुरुआत की। डॉनोवन फरेरा ने सैम अयूब (39) को आउटकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद उन्होंने फखर (45) को भी अपना शिकार बना लिया। तीसरे विकेट के रूप में बाबर (सात) को ब्योर्न फ़ोर्टेन ने पगबाधा आउट किया। अफ्रीकी गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में मेजबान टीम को रोकने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन रिजवान ने 55 रन बनाकर बीच के ओवरों में अपनी टीम को शांत रखा।

# स्टालिन ने पुरुष जूनियर विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण किया

● हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा

**चेन्नई, वार्ता।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम-के- स्टालिन ने आज एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की ट्रॉफी का अनावरण किया। हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा। स्टालिन ने राज्य सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में चमचमाती ट्रॉफी और टूर्नामेंट के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी उपस्थित थे, जिनके पास खेल विकास एवं युवा कल्याण विभाग का प्रभार भी है और तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) और



हॉकी इंडिया के अधिकारी भी मौजूद थे।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं तमिलनाडु हॉकी इकाई के अध्यक्ष शेखर जे- मनोहरन भी उपस्थित थे। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025, 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार होगा जब इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी। मेजबान देश भारत ने 2001 और 2016 में दो बार यह टूर्नामेंट जीता है और वह तीसरी बार अपनी धरती पर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद करेगा। भारत को ओमान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।

## आयरलैंड सीरीज के बाद सलाहुद्दीन सहायक कोच का पद छोड़ेंगे

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के बाद अपने पद से हटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 5 नवम्बर को बीसीबी में शामिल हुए सलाहुद्दीन का 2027 विश्व कप तक का अनुबंध था, लेकिन राष्ट्रीय टीम के साथ एक साल पूरा करने के बाद उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ने का फैसला किया है। क्रिकबज को पता चला है कि उन्होंने बोर्ड को अपना इस्तीफा भेज दिया है क्योंकि उन्हें अपनी भूमिका पसंद नहीं आ रही है, और देश के प्रमुख स्थानीय कोच ने इस बात को स्वीकार किया है। सलाहुद्दीन ने मंगलवार को क्रिकबज से कहा कि हां, मैं इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने जुड़ाव जानकारी दिए बिना यह बात कही।

# धोखाधड़ी का पैमाना

डिजिटल धोखाधड़ी की वर्तमान लहर को पारंपरिक साइबर अपराध से जो बात अलग करती है, वह है इसका औद्योगिक पैमाना और सीमा-पार संरचना। डिजिटल घोटालों के बढ़ते खतरे की व्यापक जांच का सुप्रीम कोर्ट का आह्वान, भारतीय नागरिकों के साथ की जा रही धोखाधड़ी के खतरनाक पैमाने को दर्शाता है। पीठ का खास ध्यान डिजिटल अरेस्ट घोटालों पर था, जहां धोखेबाज पैसे ऐंठने के लिए कानून प्रवर्तन अधिका. रियों का रूप धारण करते हैं, जो इन करतूतों के परिष्कृत तौर-तरीकों और निर्लज्जता को रेखांकित करता है। घोटाला परिसरों का एक विशाल नेटवर्क दक्षिण-पूर्व एशिया के उन संघर्षग्रस्त क्षेत्रों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों, खासतौर पर म्यांमार में स्थित, से संचालित होता है जहां राज्य का नियंत्रण न्यूनतम है और जहां, चिंताजनक रूप से, शासन की मिलीभगत स्पष्ट दिखाई देती है। गुलामी के इस आधुनिक रैकेट की कार्यप्रणाली बेहद ही भयावह है। पीड़ितों को वीजा-मुक्त व्यवस्था का फायदा उठाते हुए, अक्सर बैंकाक के रास्ते, आकर्षक वेतन और सुविधाओं का वादा करने वाले धोखाधड़ी भरे नौकरी के विज्ञापनों के जरिए लुभाया जाता है। वहां से, उन्हें सीमा पार, मुख्य रूप से म्यांमार के उन क्षेत्रों में तस्करी कर लाया जाता है, जो सैन्य जुंटा से संबद्ध सीमा रक्षक बलों द्वारा नियंत्रित होते हैं। ये परिसर डिजिटल स्वेटशाप के रूप में कार्य करते हैं, जहां तस्करी कर लाए गए व्यक्तियों को हिंसा, यातना और यौन उत्पीड़न के जरिये व्यापक घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिसमें पीग बुचरिंग, रोमांस और क्रिप्टोकरेंसी निवेश से जुड़े धोखाधड़ी का एक परिष्कृत संयोजन शामिल होता है। म्यांमार के गृहयुद्ध ने इन कारगुजारियों के फलने-फूलने के लिए आदर्श परिस्थितियां पैदा कर दी हैं। जुंटा के 2021 के तख्तापलट और उसके बाद के संघर्ष ने जातीय मिलिशिया को बढ़ावा दिया, जिन्हें सीमा रक्षक बलों के रूप में पुन: ब्रांडेड किया गया और जिन्होंने इन घोटाले केंद्रों के संचालन को राजस्व के एक ऐसे आकर्षक स्रोत के देखा, जिन पर सैन्य अभियानों को वित्तपोषित करने के लिए ह्करह्न लगाया जा सकता है। धोखाधड़ी के जरिये हासिल आय को ह्म्यूल्स और कंबोडिया के हुइओन पे जैसे संदिग्ध वित्तीय संस्थानों के जरिये लाकर क्रिप्टोकरेंसी में तब्दील किया जाता है, जिसके बाद उसके सिरे का पता लगाना और उसकी वसूली लगभग असंभव हो जाती है। वैश्विक पर्यवेक्षकों ने इन अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्कों के संचालकों के रूप में चीन के संगठित अपराध सिंडिकेटों की पहचान की है। भारत दोहरे संकट का सामना कर रहा है, इसके हजारों नागरिकों को क्रूर परिस्थितियों में जबरन श्रम के लिए तस्करी करके लाया जाता है, जबकि घर पर हजारों लोग उन्हीं धोखाधड़ी का शिकार होते हैं जिन्हें ये बंधक जबरन अंजाम देते हैं। इससे निपटने के लिए एक बहुआयामी जवाबी कार्रवाई की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक को केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर इन घोटालों के बारे में व्यापक जन जागरूकता अभियान शुरू करना चाहिए तथा साइबर अपराध से निपटने के बुनियादी ढांचे और पुलिसिंग क्षमताओं को मजबूत करना चाहिए।

## ...ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके



हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था, बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है, चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लो. कतंत्र को मारा जा सके, ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला, इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई, 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया, अब ये व्यवस्था क्या है, हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई, 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नायाब सिंह सैनी की एक बाइट पर संदेह पैदा होता है, सैनी कहते हैं, मैंने शुरू से यह कहा है कि भाजपा एकतरफा सरकार बना रही है, हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं, आप चिंता मत करिए।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व



रजनीश कपूर



विद्यार्थी जीवन को जीवन का स्वर्णकाल कहा जाता है। यही वह समय होता है जब व्यक्ति का चरित्र, सोच और भविष्य की दिशा तय होती है। इस अवस्था में यदि कोई एक गुण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो वह है अनुशासन। अनुशासन केवल समय पर विद्यालय जाने, पढ़ाई करने या नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं हैय यह जीवन की एक सोच और आदत है जो व्यक्ति को आत्मसंयम, जिम्मेदारी और सम्मान सिखाती है। अनुशासन वह मार्गदर्शक है जो विद्यार्थी को उसके लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करता है। यदि विद्यार्थी अपने समय, ऊर्जा और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना सीख ले, तो वह किसी भी चुनौती का सामना साहस और विवेक से कर सकता है। परंतु आज के समय में, जब विद्यार्थी विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और मानसिक दबावों से गुजर रहे हैं, अनुशासन का पालन पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अनुशासन विद्यार्थियों के चरित्र-निर्माण की नींव रखता है। यह उन्हें आलस्य, असंगठितता और गैर-जिम्मेदारी से बचाता है। नियमित अध्ययन, समय पर कार्य पूरा करना, नियमों का सम्मान करना और स्वयं के प्रति ईमानदार रहना, ए आदतें उसी अनुशासन का परिणाम हैं। एक अनुशासित विद्यार्थी न केवल अकादमिक सफलता प्राप्त करता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में संतुलित और आत्मविश्वासी व्यक्ति के रूप में उभरता है। जब विद्यार्थी अपने दैनिक जीवन में अनुशासन अपनाता है, तो वह जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की क्षमता भी विकसित करता है। वह समय की कीमत समझता है, दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना सीखता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी पहचानता है। आज के दौर में विद्यार्थी अध्ययन के साथ-साथ प्रतियोगिता, सहपाठियों की तुलना, सोशल मीडिया और अन्य कई दबावों से गुजरते हैं। कई बार ए दबाव मानसिक थकान, असंतोष और असफलता की भावना जन्म देते हैं। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भावनात्मक सहारा और मानसिक स्थिरता प्रदान करना भी आवश्यक हो जाता है। माता-पिता को अपने बच्चों की समस्याओं और भावनाओं को समझने की को. शिश करनी चाहिए। संवाद के द्वार खुले रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि बच्चा अपनी चिंताओं को बिना डर के व्यक्त कर सके। यदि माता-पिता केवल अंकों या रैंकों पर ध्यान देंगे, तो बच्चा अनुशासन को भय या दबाव के रूप में देखने लगेगा। लेकिन जब वही अनुशासन प्रेम, समझ और प्रेरणा से जोड़ा जाएगा, तो विद्यार्थी उसे जीवन का हिस्सा बना लेगा। साथ ही, बच्चों को यह भी समझना चाहिए कि माता-पिता की अपेक्षाएं केवल सफलता के लिए नहीं होतीं, बल्कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए होती हैं। माता-पिता अपने जीवन के अनेक सुख-त्याग कर बच्चों के सपनों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इसलिए विद्यार्थियों के लिए यह समझना जरूरी है कि उनके माता-पिता द्वारा दिए गए अनुशासनात्मक सुझाव विरोध नहीं, बल्कि मार्गदर्शन हैं। हर विद्यार्थी का स्वभाव और क्षमताएं अलग होती हैं। अत: सभी पर समान दबाव डालना अनुचित है। माता-पिता को यह समझना चाहिए कि बच्चों की तुलना किसी और से नहीं की जानी चाहिए, बल्कि उन्हें अपने व्यक्तिगत विकास और रुचि के आधार पर बढ़ने देना चाहिए। दूसरी ओर, विद्यार्थियों को यह सिखाया जाना भी आवश्यक है कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि नई शुरुआत का अवसर होती है।

अनुशासन का संबंध मानसिक संतुलन से भी है। उचित नींद, संतुलित भोजन, खेलकूद और योगाभ्यास विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त रखते हैं। जब मन शांत और संतुलित होगा, तभी अनुशासन का पालन भी सहज बनेगा। वहीं शिक्षक का दायित्व केवल पाठ पढ़ाना नहीं है। वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करते हैं। शिक्षक वह आदर्श प्रस्तुत करते हैं जिसे विद्यार्थी अनजाने में अपनाते हैं। जब शिक्षक अपने व्यवहार और कार्यशैली में अनुशासन दिखाते हैं, तो विद्यार्थी भी उसे अपने जीवन में उतारने के लिएप्रेरित होते हैं।शिक्षकों को चाहिए कि वे अनुशासन को दंड के रूप में नहीं, बल्कि आत्म-विकास के साधन के रूप में प्रस्तुत करें। कठोर नियमों से भय नहीं, बल्कि स्नेह और संवाद से अनुशासन स्थापित किया जा सकता है। एक प्रेरणादायक शिक्षक विद्यार्थियों के भीतर आत्म-नियंत्रण, टीम भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाता है। विद्यालय, परिवार और समाज मिलकर ही अनुशासन की सु. ढ़ नींव बना सकते हैं। यदि समाज में सफल व्यक्तियों को केवल धन या पद की दृष्टि से नहीं, बल्कि उनके चरित्र और अनुशासन के आधार पर सम्मान मिले, तो विद्यार्थी भी सही आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।शिक्षा व्यवस्था में भी अनुशासन को सिलेबस का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। केवल नियमों के रूप में नहीं, बल्कि व्यवहारिक अभ्यास के तौर पर। सामूहिक कार्य, सामाजिक सेवा और आत्म-अनुशासन संबंधी प्रायोगिक गतिविधियों से विद्यार्थी में जिम्मेदारी और आत्मसंयम की भावना विकसित की जा सकती है। अनुशासन विद्यार्थी जीवन का सबसे विश्वसनीय साथी है। यह वह मूल्य है जो व्यक्ति को सफलता, सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। माता-पिता यदि प्रेमपूर्वक दिशा दें, शिक्षक अनुशासन का आदर्श प्रस्तुत करें, और विद्यार्थी उसे आत्मसात करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहेगा। अनुशासन वही पुल है जो शिक्षा को व्यक्तित्व से जोड़ता है और सपनों को वास्तविकता में बदलता है।समाज को प्रगतिशील और जिम्मेदार नागरिकों की आवश्यकता है, और यह तभी संभव है जब विद्यार्थी जीवन में अनुशासन को अपनाया जाए। अनुशासन जीवन में सफलता की नींव है, जो विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और चरित्र प्रदान कर उन्हें विश्व का नेतृत्व करने योग्य बनाता है। प्रत्एक छात्र को चाहिए कि वह अनुशासन की महत्ता को समझे और अपने जीवन में इसे अपनाकर समाज, राष्ट्र और स्वयं के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बुढ़ापा रोकने में लगे वैज्ञानिक

**सिन्क्लेयर का मत है कि हमारी कोशिकाओं में डीएनए मरम्मत की व्यवस्था ही इसके लिए जिम्मेदार होती है। तो इस दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे विकसित किए जिनमें यह गुण था कि उन्हें एक विशिष्ट औषधि देने पर वे एक एंजाइम बनाते थे जो उनके जीनोम को २० जगह काट देता है। इन्हें फिर उक्त व्यवस्था द्वारा निष्ठापूर्वक दुरुस्त कर दिया जाता है। परिणाम यह होता है कि कोशिका के डीएनए मिथायलेशन और जीन अभिव्यक्ति में व्यापक परिवर्तन होते हैं। इन चूहों में जो एपिजेनेटिक पैटर्न था वह अपेक्षाकृत बुजुर्ग चूहों का था और उनकी सेहत भी बिगड़ गई - उनके बाल झड़ गए, रंग उड़ गया और उनमें दुर्बलता के कई लक्षण नजर आने लगे।**

एक दशक पूर्व जापान के क्योटो विश्वविद्यालय के शिन्या यामानाका को ऐसे प्रोटीन्स की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था जिनकी मदद से वयस्क कोशिकाओं को वापिस उनकी प्रारंभिक स्थिति (स्टेम कोशिकाओं) में तबदील किया जा सकता है। अब दो शोधकर्ता दलों ने दावा किया है कि ये प्रोटीन्स सिर्फ कोशिकाओं को नहीं बल्कि पूरे जीव को उसकी प्रारंभिक स्थिति में ला सकते हैं। यानी बुढ़ापे को पलट सकते हैं। इनमें से एक दल एक बायोटेक कंपनी में कार्यरत है और उसने तथाकथित यामानाका फैक्टर को जीन-उपचार की तकनीक से बूढ़े चूहों में प्रविष्ट कराया और उनके जीवनकाल को थोड़ा लंबा करने में सफलता पाई।

दूसरे दल ने जेनेटिक इंजीनियरिग की मदद से चूहे विकसित किए और बुढ़ापे के लक्षणों को पलटा। दोनों ही मामलों में लगता है कि यामानाका फैक्टर्स ने चूहों के एपिजीनोम को बदल दिया। एपिजीनोम डीएनए और प्रोटीन्स में होने वाले रासायनिक परिवर्तनों को कहते हैं जो जीन्स की अभिव्यक्ति को बदल देते हैं। उसे ज्यादा युवावस्था जैसा बना देते हैं। गौरतलब है कि इस प्रक्रिया में डीएनए के क्षारों में या उनके क्रम में परिवर्तन नहीं होता। इससे पहले भी कई समूहों ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे तैयार किए हैं जो वयस्क होने पर खुद यामानाका फैक्टर्स बनाने लगते हैं और बुढ़ापे के कुछ लक्षणों को पलटने में सक्षम होते हैं। अब जो प्रयोग किए गए हैं उनका मकसद मनुष्यों के लिए कुछ उपचार खोजना है। इसी संदर्भ में रीजुविनेट बायो नामक कंपनी के शोधकर्ताओं ने उक्त यामानाका फैक्टर्स के जीन्स से युक्त एक वायरस को चूहों में इंजेक्ट किया। देखा गया कि इसके बाद ये चूहे 18 सप्ताह तक जीवित रहे जबकि शेष चूहे मात्र 9 सप्ताह। शोधकर्ताओं ने बायोआर्काइव्स में बताया है कि इन चूहों में डीएनए मिथायलेशन का पैटर्न अपेक्षाकृत युवा चूहों जैसा हो गया था। डीएनए मिथायलेशन एपिजेनेटिक परिवर्तन का एक प्रकार है। वैसे कुछ अन्य अध्ययनों में पाया गया था कि यामानाका फैक्टर्स कैंसर को बढ़ावा देते हैं लेकिन इस अध्ययन में ऐसा कुछ नहीं देखा गया। दूसरा अध्ययन हारवर्ड मेडिकल स्कूल के डेविड सिन्क्लेयर के दल द्वारा सेल में प्रकाशित किया गया है। कहते हैं कि सिन्क्लेयर पिछले दो दशकों में कई वृद्धावस्था रोधी विवादास्पद हस्तक्षेपों के प्रणेता रहे हैं। सिन्क्लेयर का दल वृद्धावस्था के सूचना सिद्धांत के आधार पर काम कर रहा था। इस सिद्धांत में कहा जाता है कि हम बूढ़े इसलिए होते हैं क्योंकि समय के साथ एपिजेनेटिक चिंह खत्म होते जाते हैं। सिन्क्लेयर का मत है कि हमारी कोशिकाओं में डीएनए मरम्मत की व्यवस्था ही इसके लिए जिम्मेदार होती है। तो इस दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे विक. सित किए जिनमें यह गुण था कि उन्हें एक विशिष्ट औषधि देने पर वे एक एंजाइम बनाते थे जो उनके जीनोम को 20 जगह काट देता है। इन्हें फिर उक्त व्यवस्था द्वारा निष्ठापूर्वक दुरुस्त कर दिया जाता है। परिणाम यह होता है कि कोशिका के डीएनए मिथायलेशन और जीन अभिव्यक्ति में व्यापक परिवर्तन होते हैं। इन चूहों में जो एपिजेनेटिक पैटर्न था वह अपेक्षाकृत बुजुर्ग चूहों का था और उनकी सेहत भी बिगड़ गई - उनके बाल झड़ गए, रंग उड़ गया और उनमें दुर्बलता के कई लक्षण नजर आने लगे। अब शोधकर्ता देखना चाहते थे कि क्या एपिजेनेटिक बदहाली के इन लक्षणों को पलटाया जा सकता है। उन्होंने एक वायरस के



साथ यामानाका फैक्टर्स दिए और देखा कि बुढ़ाते चूहों की दृष्टि सुधर गई थी। कई अन्य मामलों में यामानाका फैक्टर्स ने एपिजेनेटिक सुधार किए थे। इसके आधार पर सिन्क्लेयर का मत है कि बुढ़ापे को आगे-पीछे कर सकते हैं और कुछ इलाज उभर सकता है। बहरहाल, जैसा कि हमेशा होता है, पूरे मामले में कई अगर-मगर हैं। एक तो यही कि जो एपिजेनेटिक परिवर्तन किए गए थे वे कुदरती नहीं थे। पता नहीं कुदरती परिवर्तन किस तरह होते हैं और उनका क्या असर होता है। दूसरा कि चूहे और मनुष्य बहुत अलग-अलग हैं। तीसरा कि बुढ़ाना एक पेचीदा प्रक्रिया है और ए प्रयोग उसका सरलीकरण करते हैं। इन सारे अगर-मगर के बावजूद शोधकर्ता आगे बढ़कर मनुष्यों पर प्रयोग करने को उत्सुक हैं। बंदरों पर जांच तो शुरू भी हो चुकी है।

**...स्रोत फीचर्स**

# ब्रज और आसपास के क्षेत्र का खानपान एवं व्यंजन

आजकल यूट्यूब,टीवी चैनल्स, मैगजीन्स, समाचार पत्र सारी जगहों पर रेसिपीज और खाने पर काफी चर्चा और शो देखने-पढ़ने को मिलते हैं। इनके माध्यम से हमको विभिन्न देशों और खुद अपने देश के विभिन्न इलाकों के खाने के इतिहास, खाने की संस्कृति और खाने की चीजों के विषय में जानकारी मिलती है जो काफी अच्छी और रोचक भी होती है।

अगर हम केवल अपने देश की बात करें तो कह सकते हैं कि जितना हमारे देश में विभिन्न इलाकों के मौसम, जलवायु और क्षेत्रीय संस्कृतियों में फर्क है उतना ही हर क्षेत्र के खाने में और जैसे इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हम सब एक हैं यानी कि भारतीय वैसे ही इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हमारे सभी खानों का मूल स्वाद और भाव एक ही है यानी कि हिंदुस्तानी-विशुद्ध भारतीय। आज अपने इस लेख के द्वारा मैं चर्चा करना चाहूंगा एक क्षेत्र विशेष यानी ब्रज क्षेत्र और उसके आगे भी आस-पास के परंपरागत खान-पान की। इनमें से अधिकतर व्यंजन इस इलाके में अधिकांश लोगों के खान-पान का हिस्सा सदियों से रहे हैं और कुछ चतुर्वेदी समुदाय के विशेष रूप से।

जब मीडिया या सोशल मीडिया में हम भारतीय खान-पान की चर्चा देखते-सुनते-पढ़ते हैं तो हमको दक्षिण भारतीय, उत्तर-पूर्व, राजस्थानी, गुजराती, मुगलई, बंगाली, कश्मीरी और न जाने कितने किस्म के खानों की चर्चा सुनने को मिलती है किंतु जिस इलाके का खान-पान बिल्कुल सादा होते हुए भी अद्भुत है, बिल्कुल सात्विक होते हुए भी तमाम राजसी भोजनों को मात देने वाला है, जहां से ही 56 भोग की शुरुआत हुई उस इलाके यानी ब्रज-क्षेत्र के खाने का जिक्र कुछ अपवादों को छोड़ कर अधिकतर चर्चाओं में दिखता-मिलता ही नहीं है।

सच यह है कि खाना तो हर जगह का अच्छा ही है किंतु सुबह जलेबी-बेड़ई/कचौड़ी साथ में शानदार रायता और आलू की सब्जी का नाश्ता हो या दोपहर में गेहूं के अलावा बेझर बेसन की रोटी साथ में उड़द की दाल हो या बाजरा की रोटी और गुड़ सर्दी के मौसम में। शाम की चाट-पकौड़ी हो, मूंग की दाल के मंगोड़े हों या चाय के संग भीमसेन या पंछी की दालमौठ। रात के भोजन की बात हो तो परांठे और सब्जी इन सभी का स्वाद अलग ही होता है और साथ में विविध किस्म के मिष्ठान और फिर बाद में भरपूर मेवा युक्त औटाया हुआ दूध वो भी कुल्हड़ में, पर इसमें से तो अधिकांश चीजें तो हम जानते ही हैं इसलिए अब बात कुछ उन खान-पान की चीजों की जो खाते तो हम रोज रहे हैं किंतु धीरे-धीरे उनका इलाका सिमटता जा रहा है और आजकल के ग्लैमर भरे चर्चा-प्लैटफॉर्म्स पर उनकी चर्चा लगभग न के बराबर होती है। सुबह बासी परांठे और मट्ठे के नाश्ते के बाद हमारे इलाके में दोपहर के भोजन में दाल-रोटी आदि के अलावा खीर, मीठा भात, धोई, भात, झोर, मीठी मूंग, पालक का रसे वाला बेसनयुक्त साग, आलू-बरी, भट (बैंगन) बरी, मीठी सिकिंद आदि का प्रचलन रहा है और यह व्यंजन कई बार किसी विशेष आयोजन का अंग भी होते हैं जैसे माथुर चतुर्वेदी समुदाय के लोगों में कतरों के झोर की जन्मदिन-वर्षगांठ पर बनाने की परंपरा रही है और मूंग-भात-झोर शादी में घुड़चढ़ी के दिन।

यहां जो झोर है यह है तो बेसन की ग्रेवी का ही किंतु इसके आयुर्वेदिक औषधियों के गुण युक्त मसाले, खास तौर पर गरम मसाले इसको अन्य इलाकों की कढ़ी से भिन्न बनाते हैं। झोर में बेसन के कतरों का झोर, मटर-बरी का झोर,आलू-बरी का झोर,पकौड़ी का झोर आदि। इसके अतिरिक्त विशेष अवसरों पर या मौका लगते ही पूरी-कचौड़ी, सब्जी, रायता, सौंठ आदि। रायता मौसम के अनुसार बून्दी, बथुआ, पुदीना, आलू, टमाटर, बैंगन या फलों का मीठा रायता भी हो सकता है। धोई धुली हुई पीली मूंग की दाल की सूखी (थोड़ी सेमी सॉलिड किस्म की) नमकीन चीज है जबकि मीठी मूंग छिलके सहित गुड़ से मीठी की गई मूंग की दाल का व्यंजन है। जब खीर की बात करें तो मथुरा में बहुत सी जगहों पर गाढ़ी या सेमी सॉलिड किस्म की फीकी चावल की खीर बनती है और पत्तल में परोस कर उसमें बूरा मिला कर उसको स्वादानुसार मीठा करके खाया जाता था। अच्छी खीर वो है जो सामने दीवाल पर फेंक कर मारें तो चिपक जानी चाहिए।मथुरा की इस खीर के अलावा घुटे चावल की खूब औटाई हुई किंतु सेमी-लीक्विड किस्म की खीर अन्य स्थानों पर प्रचलित है ही जिसमें से सौंधी महक आती हो। चावल की खीर के अतिरिक्त सिवइयों की खीर, गणेश चौथ के व्रत के दिन शकरकंदी की खीर, सिंघाड़े के आटे की लप्सी,कूटू की पकौड़ी और पूड़ी, अन्य व्रतों में मखाने-छुआरे की खीर का भी प्रचलन रहा है। सिकिंद दही को घोल कर पिसी हुई इलायची के फ्लेवर का एक रायता नुमा पेय है जिसमें चावल डाल कर भी खाते हैं।इसके अलावा शरद पूर्णिमा की रात को बनने वाली बासौन्धी। वृंदावन के पवित्र-पावन स्थल तटीय स्थान पर राधा-अष्टमी को बनने वाली सूखी अरवी की सब्जी का दिव्य स्वाद जिसने चखा है वही जानता है। मथुरा की गरम मसाले युक्त तेज मसालेदार स्वाद की आयुर्वेदिक गुणों से युक्त आलू की चटपटी रसे की सब्जी और सर्राटे का रायता जिन्होंने खाया है वो ही उसका स्वाद जानते हैं।ऐसे ही डुबकी वाले आलू की सब्जी बहुत प्रसिद्द है। सर्दी के मौसम में इस इलाके में मलीदा यानी कि बाजरे की रोटी और गुड़ को घी में मीज कर-पका कर बनाया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्नकूट के दिन और नव-दुर्गा के दिनों में सभी सब्जियों-फलों के गड्ड की सब्जी और पूरी के प्रसाद का प्रचलन है। अन्नकूट के दिन गड्ड का साग, सूखे तले जिमीकन्द की सब्जी,लौंग की छौंक की रतालू की मठे वाली रसेदार सब्जी, उबले सिंघाड़े आदि व्यंजनों की तो बात ही अलग है। जहां तक शाम के खाने का सवाल है तो अभी कुछ दशक पहले तक इन इलाकों में शाम को कटौरिया जिसको आप बोलचाल की भाषा में परांठे कहते हैं और साथ में मट्ठे दही के आलू, अरवी घुइयां, रतालू, कच्चे केले, कच्चे पपीते के रसे और साथ में सूखी हरी सब्जी के खाने का प्रचलन रहा है। उल्लेखनीय बात यह है कि ये परांठे तले हुए पंजाबी परांठे न होकर तवे पर घी में सिके हुए परतों वाले परांठे होते हैं। यहां एक और उल्लेखनीय बात यह है कि इस इलाके का ए सारा भोजन परंपरागत तरीके से पूर्णत: शाकाहारी और प्याज-लहसुन रहित होता है। गर्मी में आम का पना, नींबू-मिर्च की चौर्च, मूली का हत्था आदि भी हैं गर्मी के ताजे पड़े अचारों के अतिरिक्त। जहां तक मिठाइयों की बात है तो सादी खड़पुरी और गिन्दोरा तो अब लुप्तप्राय हैं लेकिन खोए के पेड़े जिनकी मथुरा में ही एक से अधिक किस्म हैं,जो आपको बृजवासी की दुकान से लेकर मथुरा-वृंदावन-गोवर्धन में हर जगह मिल जाएंगेयएक ओर भुने खोए के पेड़े तो दूसरी ओर बूरे में लिपटे सूखे स्वादिष्ट पेड़े।मथुरा से निकलें तो फिर फिरोजाबाद के रतन लाल या प्यारे लाल के पेड़े, इटावा के कुंज बिहारी के पेड़े, बाह की खोए की गुझिया,कानपुर का सफेद मुंडा पेड़ा और यही पेड़ा मलवां जाकर कच्चे खोए का और इलाहाबाद के फाफामऊ में लाल भुने खोए का पेड़ा हो जाता है। पेड़े के अतिरिक्त खुरचन, रबड़ी, आगरा का पेठा, हाथरस, मैनपुरी और इटावा की बलदेव (अब अलका स्वीट्स), फिरोजाबाद की जलेसर वाले, प्यारेलाल, हाथरस वाले और



गोपाल स्वीट हाउस की सोन पपड़ी,फिरोजाबाद का सोन-हलुवा (दिल्ली का सोहन हलुवा नहीं बल्कि उससे भिन्न), इटावा की पतंगा लाल की हेशमी, सादाबाद और हाथरस की बालूशाही, फिरोजाबाद-इटावा के दनदाने, कपूरकन्द, मक्खन के समोसे, मक्खन की पान की गिलौरी, इमरती, मलाई पूड़ी, सिंघाड़े के सेव, कई किस्म के लड्डू, अलग-अलग किस्म की गजक जिसमें फिरोजाबाद की जैन की चमकनी गजक बहुत अनोखी और प्रसिद्ध है। वैसे है तो बंगाली मिठाई किंतु वृंदावन के गाय के दूध के रसगुल्ले और फिरोजाबाद का सूखा खीरमोहन, राया के आसपास के रसगुल्ले और बंगाली मिठाइयों के वैरिएंट्स और न जाने कितनी मिठाईयां हैं जो इस इलाके में आज भी बहुत प्रचलित हैं और उनकी क्वालिटी भी अच्छी है। शुद्ध देसी मिठाई में बलदेव की माखन मि के क्या कहने हैं। सर्दी के मौसम में घरों में बनने वाली सौंठ वाली घीयुक्त बर्फी,मकर संक्रांति पर बनने वाले लाई, चने, ज्वार के लड्डू, निशास्ता के लड्डू, तिल के गुड़ वाले तिलवा,गुड़ और खोए के तिलकुटा लड्डू,मूंग के लड्डू आदि।

**-साभार अतुल चतुर्वेदी**

# न्यूयॉर्क के मेयर बने जोहरान ममदानी

## राष्ट्रपति ट्रम्प के विरोध के बाद भी डेमोक्रेट उम्मीदवार ने प्रतिष्ठित चुनाव जीता

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के डेमोक्रेट उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने न्यूयार्क मेयर का चुनाव जीत लिया है। उन्हें 50.4 प्रतिशत वोट मिले। वे मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाली मीरा नायर के बेटे हैं। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे। भाषण के बाद वे अपनी पत्नी के साथ 'धूम मचा ले' गाने पर झूमते नजर आए।

मां मीरा नायर ने मंच पर आकर उन्हें गले लगा लिया। पिता महमूद ममदानी भी मौजूद रहे। न्यूयॉर्क मेयर चुनाव में जीत के ममदानी ने ब्रुकलिन पैरामाउंट थिएटर में समर्थकों को संबोधित किया। ममदानी ने अपनी जीत को न्यूयार्क के हर नागरिक की जीत बताया। ममदानी के सामने 3 बड़ी चुनौतियां हैं, अपने वादे पूरे करना ममदानी ने वादा किया है कि वे न्यूयार्क में सभी बच्चों के लिए फ्री केयर शुरू करेंगे, सब्सिडी वाले घरों का किराया फ्रीज करेंगे, पब्लिक बसों में मुफ्त यात्राा देंगे और सिटी की अपनी किराने की दुकानें खोलेंगे। उनका कहना है कि इसके लिए अमीरों और बड़ी कंपनियों पर नए टैक्स लगाकर 9 अरब डॉलर जुटाए जाएंगे। लेकिन अर्थशास्त्रिायों का मानना है कि इन वादों को पूरा करना बहुत मुश्किल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि वे न्यूयार्क की फेडरल फंडिंग रोक सकते हैं। अगर वे ऐसा कदम उठाते हैं तो ममदानी की परेशानी बढ़ सकती है। ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के वामपंथी धड़े से आते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी के मध्यम मार्गी धड़े को खुश करना उनके लिए मुश्किल हो सकता है।




**मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में करने वाली मां मीरा नायर ने मंच पर गले लगाया**

**पिछले 100 सालों में न्यूयॉर्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे**

कुल मिलाकर, ममदानी के लिए असली परीक्षा अब शुरू हुई है। अपने वादों को सच करना, विरोधियों के हमले झेलना और अपनी ही पार्टी में भरोसा बनाना। ममदानी ने पूरे कैंपेन में सिर्फ एक बात पर फोकस किया कि न्यूयार्क बहुत महंगा हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम है लोगों की जिंदगी आसान बनाना। उनके रैलियों में लगे बैनर पर नारे लिखे थे कि एक शहर जो हम अफोर्ड कर सकें और सस्ता घर बनाओ। राजनीति में ज्यादातर वक्त बातें घुमा-फिराकर कही जाती हैं, लेकिन ममदानी ने बिल्कुल साफ बात की। उन्होंने खुलकर कहा कि अमीरों पर टैक्स लगाओ, बच्चों की देखभाल बढ़ाओ और घर को हक बनाओ। ममदानी को पार्टी के बड़े नेताओं का सपोर्ट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने जनता और इंटरनेट का सहारा लिया। उन्होंने स्कैवेंजर हंट, फुटबाल टूर्नामेंट और स्ळठज्फ बार में देर रात पाप-अप इवेंट किए। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक, उन्होंने सभी पुराने नियम तोड़ दिए और सीधे लोगों से रिश्ता बनाया। ममदानी ने स्वयंसेवकों की संख्या में इजाफा किया। उनकी प्रचार टीम में शामिल युवा उनसे भी कम उम्र के हैं।

ज्यादातर को इतने बड़े पैमाने पर काम करने का बहुत कम अनुभव था। लेकिन वे सामान्य सलाहकारों और रणनीतिकारों की तुलना में अधिक सक्षम और प्रभावी साबित हुए। फोर्ब्स के मुताबिक, जोहरान ममदानी की कुल संपत्ति लगभग 200,000 डॉलर (करीब 1.71 करोड़) है। ममदानी ने 2020 में न्यूयार्क स्टेट असेंबली का चुनाव जीता था। तब उन्हें सालाना 142000 डॉलर की सैलरी मिलती थी। वे फिलहाल न्यूयार्क के एस्टोरिया इलाके में किराए के घर में रहते हैं। उसका किराया 2250 डॉलर प्रति माह है। उनके पास खुद की कार भी नहीं है। वे रोजाना सबवे (मेट्रो ट्रेन) से सफर करते हैं। ममदानी के पास युगांडा के जिन्जा इलाके में करीब चार एकड़ जमीन है। इसकी कीमत 150000 डॉलर से 250000 डॉलर (1.2 से 2 करोड़) के बीच है। मेयर बनने के बाद उनकी सालाना सैलरी 260000 डॉलर (करीब 2.2 करोड़) हो जाएगी।

### ममदानी ने किया पडिंत नेहरू का जिक्र

**न्यूयार्क।** अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में से एक न्यूयार्क में डेमोक्रेटिक पार्टी के जोहरान ममदानी ने मेयर पद का चुनाव जीत लिया है। इसके बाद उन्होंने बुधवार को ही जनता को संबोधित किया। इस दौरान ममदानी ने न सिर्फ भारत के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू और भारत की आजादी के बाद उनके पहले भाषण-ट्रिस्ट विद डेस्टिनी का जिक्र किया, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आव्रजन के मुद्दे पर चुनौती भी दी। ममदानी ने अपनी ऐतिहासिक जीत को राजनीतिक वंश का अंत बताया और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भी जिक्र किया। उन्होंने पंडित नेहरू के

**आव्रजन पर ट्रम्प को चुनौती दी**

ट्रिस्ट विद डेस्टिनी भाषण के शब्दों का हवाला देते हुए कहा कि आज मैं आपके सामने खड़ा हूं और मुझे जवाहरलाल नेहरू के शब्द याद आ रहे हैं। एक क्षण आता है, जो इतिहास में बहुत कम आता है, जब हम पुराने से नए में प्रवेश करते हैं। आज रात, हमने पुराने से नए में कदम रखा है। उनके इस बयान के बाद समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ममदानी ने ट्रम्प को चुनौती देते हुए कहा कि न्यूयार्क प्रवासी समुदाय की मेहनत से बनाया गया, उन्हीं से संचालित और अब एक प्रवासी के नेतृत्व में चलने वाला शहर रहेगा।

# टोरंटो में कैफे के अंदर भारतीय पर हमला

**टोरंटो।** टोरंटो में कैफे के भीतर एक भारतवंशी पर कथित तौर पर नशे में एक व्यक्ति ने हमला किया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसने जनता में आक्रोश है। वीडियो में देखा जा सकता है कि नीला जैकेट पहने एक शख्स और भारतीय मूल के व्यक्ति के बीच मोबाइल ऑर्डर पिक अप काउटंर के पास बहस होती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कनाडाई व्यक्ति बिना वजह गुस्से में अपनी कोहनी से भारतवंशी के हाथ पर टक्कर मारता है, जिससे उसका फोन गिर जाता है।

इसके बाद भारतीय व्यक्ति अपना फोन उठाता है। लेकिन कथित तौर पर नशे में व्यक्ति उस पर झपट पड़ता है और उसका कॉलर पकड़ देता है और अपने से बड़ा दिखाना का आरोप लगाता है। इस दौरान पीड़ित शांत रहते हुए उसे चेतावनी देता है कि तुम खुद परेशानी में पड़ सकते हो। इस दौरान भारतवंशी ने कोई प्रतिरोध नहीं किया, लेकिन आक्रामक व्यक्ति बार-बार उसे धक्का देता रहा और उसके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करता रहा। अंत में कैफे के कर्मचारियों ने दखल दिया और दोनों को बाहर जाने के लिए कहा। घटना तभी शांत हुई, जब आक्रामक व्यक्ति को बाहर ले जाया गया। घटना का वीडियो तेजी से



**वीडियो ऑनलाइन वायरल होने से जनता में आक्रोश**

ऑनलाइन वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया पर लोग कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले ने कनाडा में प्रवासियों की सुरक्षा और बढ़ती नस्लीय हिंसा पर चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में एडमंटन में भारतीय मूल के व्यवसाई अरवी सिंह सगू पर हमले के बाद यह मामला सामने आया है। 19 अक्टूबर को सगू पर हमला हुआ था, जिसमें वह घायल हो गए और पांच दिन बाद अस्पताल में उनकी मौत हो गई। आरोपी काइल पापिन को गिरफ्तार किया गया और उस पर गंभीर हमले का आरोप लगाया गया। सगू के दोस्तों ने उनके बच्चों और अंतिम संस्कार के खर्च के लिए फंड जुटाया। दोनों घटनाओं ने कनाडा में आप्रवासियों की सुरक्षा और नस्लीय हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर बहस को फिर से तेज कर दिया है।

# मोदी सुधार रहे कमजोरियां

**लंदन।** लंदन में आयोजित लंदन ग्लोबल कन्वेंशन में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं और देश को 2047 तक विश्व की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अग्रसर हैं। इंस्टिटड्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम में नायडू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा भारत के पास कई बड़ी ताकतें हैं आर्थिक सुधार, आईटी क्षेत्रा में अग्रणी भूमिका और सबसे बड़ी बात, एक मजबूत नेता नरेंद्र मोदी। नायडू ने आगे कहा कि मोदी सरकार देश की सभी संरचनात्मक कमियों को दूर कर रही है। उन्होंने जीएसटी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत आज चौथी

**2047 तक भारत बनेगा शीर्ष अर्थव्यवस्था: चंद्रबाबू नायडू**

सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और आने वाले वर्षों में यह शीर्ष पर पहुंचेगा। कार्यक्रम के दौरान हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की वाइस-प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर नारा भुवनेश्वरी (नायडू की पत्नी) को कार्पोरेट प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए एलओडी विशिष्ट फैलोशिप और गोल्डन पीकाक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नायडू ने अपनी पत्नी की सराहना करते हुए कहा भुवनेश्वरी न केवल एक सफल उद्यमी हैं बल्कि समाजसेवा और भारतीय संस्कृति की सच्ची प्रतिनिधि भी हैं। भुवनेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार का असली उद्देश्य तभी पूरा होता है जब वह समाज को सशक्त बनाए।

### अमेरिकी कार्गो विमान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, 11 घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य केंटकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने बुधवार को कहा कि लुइसविले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद कार्गो विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए। बेशियर ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि हमारा मानना है कि कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है लेकिन यह संख्या और भी बढ़ सकती है। संघीय विमानन प्रशासन ने कहा कि होनोलूलू जा रहा यूपीएस का एक कार्गो विमान मंगलवार को शाम करीब 5:15 बजे (2215 जीएमटी) यूपीएस के विश्वव्यापी हवाई केंद्र, लुइसविले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# ट्रम्प और मोदी में लगातार संवाद जारी

## अमेरिका-भारत की व्यापार वार्ता के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और भारत की व्यापार वार्ता के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बड़ा बयान दिया। कैरोलिन लीविट ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच लगातार बातचीत होती रहती है और दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर गंभीर चर्चाएं जारी हैं। उन्होंने बताया कि ट्रम्प की ट्रेड टीम भारत के साथ लगातार संपर्क में है।

लीविट ने कहा राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बात करते हैं। दोनों देशों की टीमें व्यापार पर बहुत गंभीर चर्चा कर रही हैं। लीविट ने बताया कि हाल ही में दिवाली समारोह के दौरान व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रम्प और मोदी के बीच अहम बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोरे भारत में देश का प्रतिनिधित्व बेहतरीन ढंग से करेंगे। ट्रम्प ने 28 अक्टूबर को पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें



**राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बात करते हैं: लीविट**

सबसे अच्छे दिखने वाले व्यक्ति कहा था और मजाकिया अंदाज में उन्हें 'किलर' बताया था। यह बयान उन्होंने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन से पहले दिया था। ट्रम्प ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा। पिछले महीने से ट्रम्प इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस बीच उन्होंने आयात शुल्क को अमेरिका की ताकत के तौर पर भी दर्शाया। ट्रम्प ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा कि अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद सम्मान करता हूं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कैरोलिन लीविट ने न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरन ममदानी द्वारा लगाए गए मतदाता धमकाने के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा ये आरोप बिना सबूत के लगाए गए हैं और यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी अब किसी ठोस नीति के लिए नहीं खड़ी है।

### तूफान मेलिसा के कारण 30 की मौत, 15 लाख प्रभावित: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि जमैका और आसपास के इलाकों में आए भीषण चक्रवाती तूफान मेलिसा ने भारी तबाही मचाई है और इसके कारण 30 लोगों की मौत हो गई और 15 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि जमैका में सड़कें, बिजली और संचार व्यवस्था बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। लगभग एक सौ तीस सड़कें अवरुद्ध हैं और कई क्षेत्रों में बिजली तथा मोबाइल नेटवर्क ठप पड़े हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका गंभीर असर पड़ा है क्योंकि कई अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम का अनुमान है कि जमैका में लगभग साढ़े तीन लाख लोगों को खाद्य पदार्थों की सहायता की आवश्यकता पड़ सकती है।

# अमेरिका में 4 करोड़ लोगों की फूड सप्लाई बंद

## लाखों बेरोजगार, कर्ज लेकर घर चला रहे, राष्ट्रपति ट्रम्प की जिद से लगा सबसे लंबा शटडाउन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन का आज 36वां दिन है। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था।

शटडाउन की वजह से 42 मिलियन (4.2 करोड़) अमेरिकियों की फूड स्टैंप (एसएनएपी) सहायता रुक गई है। अमेरिका के एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट (यूएसडीए) के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डालर का रिजर्व फंड है, जबकि नवम्बर में फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डालर की जरूरत होगी। वाशिंगटन स्थित बाइपार्टिसन पालिसी सेंटर के मुताबिक अब तक 6.7 लाख सरकारी कर्मचारी छुट्टी पर भेजे जा चुके हैं, जबकि 7.3 लाख कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं। इस तरह

**इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था**

लगभग 14 लाख लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं। ट्रम्प हेल्थ केयर प्रोग्राम की सब्सिडी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं, इस वजह से अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं हो पा रहा है। इस बिल पर अब तक 14 बार वोटिंग हो चुकी है, लेकिन हर बार बहुमत के लिए जरूरी 60 वोट नहीं मिल पाए। फूड सप्लाई प्रोग्राम रुकने के बाद न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया और मैसाचुसेट्स समेत 25 राज्यों ने इस फैसले के खिलाफ ट्रम्प प्रशासन पर मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का कहना है कि लाखों लोगों की फूड सप्लाई रोकना गैरकानूनी है। वहीं, शटडाउन से अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। कांग्रेसनल बजट आफिस (सीबीओ) के मुताबिक अब तक 11 अरब डालर (करीब 1 लाख करोड़) का नुकसान हो चुका है। अगर शटडाउन जल्द खत्म नहीं हुआ तो देश की जीडीपी में चौथी तिमाही में 1 प्रतिशत से 2 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। सीबीओ के मुताबिक, जबरदस्ती छुट्टी पर भेजे गए कर्मचारियों (फर्लो कर्मचारी) की करीब 400 मिलियन डालर (3300 करोड़) प्रतिदिन सैलरी का नुकसान हो रहा है। सीबीओ के डायरेक्टर फिलिप स्वैगल ने कहा कि शटडाउन के कारण सरकारी खर्च में देरी हो रही है और इसका अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। यह असर कुछ हद तक खत्म हो जाएगा, लेकिन पूरी तरह नहीं। अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप पड़ने (शटडाउन) के चलते हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### केयर होम में आग लगने से 10 की मौत

**साराजेवो।** उत्तर-पूर्वी बोस्निया और हर्जेगोविना के तुजला रिटायरमेंट होम में मंगलवार देर रात आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि लगभग 20 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। संस्थान की ओर से जारी बयान में कहा गया कि आग संस्थान की सातवीं मंजिल पर रात करीब 8:45 बजे (1945 जीएमटी) लगी और तुजला तथा निकटवर्ती नगर पालिकाओं के पेशेवर और स्वयंसेवी अग्निशामकों ने उस पर काबू पाया। घायलों को कई स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों की चिकित्सा टीमों द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया।



**लाहौल-स्पीति। हिमाचल प्रदेश में हुए हिमपात के बाद बर्फ से ढके क्षेत्र का दृश्य।**

### मेक्सिको की राष्ट्रपति को जबरदस्ती किस करने की कोशिश

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम के साथ बुधवार को सड़क पर एक शख्स ने बदसलूकी की कोशिश की। एक नशेड़ी ने राष्ट्रपति को छूने और किस करने की कोशिश की। यह घटना राजधानी मेक्सिको सिटी के पुराने इलाके में हुई। यहां राष्ट्रपति शीनबाम लोगों से बात कर रही थीं।

इसी दौरान वह आदमी उनके पास आता है और उनकी कमर पर हाथ रखकर उन्हें पकड़ने और किस करने की कोशिश करता है। शीनबाम ने मुस्कराते हुए शांत तरीके से उसका हाथ हटाया और उसकी तरफ देखकर कहा कि चिंता मत

**नशेड़ी आदमी ने कमर पर भी हाथ रखा, सिक्योरिटी गार्ड ने तुरंत दूर हटाया**

करो। इसके बाद उनके सिक्योरिटी गार्ड तुरंत उसे दूर हटा दिया। इस घटना को लेकर अभी तक राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। शीनबाम अक्सर सड़कों पर जाकर लोगों से हाथ मिलाती हैं, सेल्फी लेती हैं और उनकी बात सुनती हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब मेक्सिको में राजनीतिक हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। हाल ही में मिचोआकान राज्य के उरुआपान शहर के मेयर कार्लोस मैनजो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# अमेरिका के केंटकी में कार्गो प्लेन क्रैश

## सात की मौत, डेढ़ लाख लीटर तेल फैला, लोगों को घर से न निकले के आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी राज्य में बुधवार को लुईविल में एक कार्गो प्लेन क्रैश हो गया है।

हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कम से कम 11 के घायल होने की खबर है। फेडरल एविएशन अथारिटी (एफएए) के मुताबिक, यूपीएस कंपनी की फ्लाइट 2976 ने मोहम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होनोलुलु (हवाई) के डेनियल इनौये इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। एफएए ने बताया कि यह हादसा शाम करीब 5:15 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में तेज आग और मलबा दिखाई दे



रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक विमान में करीब 38000 गैलन ईंधन (करीब डेढ़ लाख लीटर तेल) भरा हुआ था, जो धमाके के बाद आग की लपटों में बदल गया। पुलिस ने एयरपोर्ट से 8 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को घर के अंदर रहने का आदेश दिया है। साथ ही, एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया है। लुईविल पुलिस ने कहा कि हादसे वाली जगह पर अभी भी आग लगी हुई है और मलबा फैला है। शुरुआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि हो सकता है प्लेन में लिथियम बैटरियों से आग लगी हो, ठीक वैसे ही जैसे 2010 में यूपीएस फ्लाइट 6 के हादसे में हुआ था। यूपीएस कंपनी ने बताया कि विमान में तीन क्रू मेंबर थे।

### अमेरिकी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत आयात शुल्क स्थगित करेगा चीन

**बीजिंग।** चीनी वित्त मंत्रालय ने आज कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हाल ही में हुई व्यापार वार्ता के अनुरूप चीन 10 नवम्बर से एक वर्ष के लिए अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त 24 प्रतिशत आयात शुल्क को स्थगित करेगा। मंत्रालय के मुताबिक चीन-अमेरिका व्यापार वार्ता के दौरान बनी सहमति को लागू करने के लिए आयात शुल्क कानून, सीमा शुल्क कानून, विदेश व्यापार कानून और अन्य प्रासंगिक कानूनों तथा विनियमों तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून के मूल सिद्धांतों के अनुसार यह निर्णय लिया गया है। राज्य परिषद की स्वीकृति से 10 नवम्बर, 2025 से अमेरिकी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत का अतिरिक्त सीमा शुल्क एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। लेकिन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू रहेगा। मंत्रालय ने आगे कहा कि यह स्थगन जारी रखने से दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों के स्वस्थ, स्थिर और सतत विकास सुनिश्चित होगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108